लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष तृतीया विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष 4, अंक 98, पृष्ठ 16+4, मूल्य: 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

हल्द्वानी, रविवार, 26 मई 2024



इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में तंबाकू के अभिशाप से खुद को रखिए सुरक्षित व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

आज का मौसम | 44.0° अधिकतम तापमान | 31.0° न्यूनतम तापमान | आसमान साफ रहेगा, धूप खिली रहेगी। | सूर्योदय 05:17 सूर्यास्त 18:55



खिताब से एक कदम दूर सिंधु...13


# ST. PAUL'S SENIOR SECONDARY SCHOOL

KATHGODAM, DISTT. NAINITAL (UTTARAKHAND), PH. 05946-266151, M : 7900418021

E-mail : stpaulsschoolkathgodam@gmail.com, www.stpaulsschoolkgm.com

## Heartiest Congratulations

To our meritorious Students, committed staff and cooperative parents for their outstanding performance in the CBSE Board Examination 2023-24

## CLASS XII & X TOPPERS


97.6 % GAURAV BELWAL


96.4% HARSHIT TEWARI


96.2% SIDDHI JOSHI


95.2% MANTASHA BEE



95% TARUN SAH


93.6% VIDUSHI


91.4% UDITA RAWAT


91% GUNJAN GARIYA


90.4% LAKSHITA KARKI


88.2% RISHABH TIWARI


88.2% SHWETA SAH


87.6% DEEPAK KUMAR


87.6% SHIVAM RAUTELA


87% PREETI KUMARI


86.6% ADITI KHATI


86.4% KARTIK KUMAR


86.4% ABHAY SINGH RATHOUR


86.4% ANKIT SINGH BISHT


86.4% MAYANK SINGH BISHT


85.6% ANUSHKA


85% DIKSHIT KUMAR


85% BHOOMIKA JOSHI

With Best Wishes from the Management, Principal & Staff of St. Paul's Sr. Sec. School, Kathgodam

### SUBJECT TOPPERS OF CLASS-X

| STUDENT NAME | CLASS | SUBJECT | MARKS |
|---|---|---|---|
| SIDDHI JOSHI | X | MATHEMATICS | 100 |
| HARSHIT TEWARI | X | MATHEMATICS | 98 |
| GAURAV BELWAL | X | MATHEMATICS | 97 |
| SAHIL SINGH | X | MATHEMATICS | 92 |
| KARTIK KUMAR | X | MATHEMATICS | 90 |
| ADITI KHATI | X | MATHEMATICS | 90 |
| GAURAV BELWAL | X | SOCIAL SCIENCE | 100 |
| RISHABH TIWARI | X | SOCIAL SCIENCE | 99 |
| UDITA RAWAT | X | SOCIAL SCIENCE | 98 |
| SIDDHI JOSHI | X | SOCIAL SCIENCE | 97 |
| MANTASHA BEE | X | SOCIAL SCIENCE | 97 |
| GUNJAN GARIYA | X | SOCIAL SCIENCE | 96 |
| LAKSHITA KARKI | X | SOCIAL SCIENCE | 91 |
| DIKSHIT KUMAR | X | SOCIAL SCIENCE | 91 |
| HARSHIT TEWARI | X | ENGLISH | 97 |
| MANTASHA BEE | X | ENGLISH | 96 |
| DAKLASH WILLIAM SEKRIYAL | X | ENGLISH | 95 |
| ABHAY SINGH RATHOUR | X | ENGLISH | 94 |
| ADITI KHATI | X | ENGLISH | 94 |

| STUDENT NAME | CLASS | SUBJECT | MARKS |
|---|---|---|---|
| SIDDHI JOSHI | X | ENGLISH | 94 |
| NIHARIKA GIRI | X | ENGLISH | 90 |
| HARSHIT TEWARI | X | SCIENCE | 97 |
| GAURAV BELWAL | X | SCIENCE | 96 |
| SIDDHI JOSHI | X | SCIENCE | 96 |
| MANTASHA BEE | X | SCIENCE | 92 |
| RISHABH TIWARI | X | SCIENCE | 90 |
| LAKSHITA KARKI | X | SCIENCE | 90 |
| GAURAV BELWAL | X | A.I. | 98 |
| MANTASHA BEE | X | A.I. | 98 |
| LAKSHIT JOSHI | X | A.I. | 97 |
| HARSHIT TEWARI | X | A.I. | 96 |
| GUNJAN GARIYA | X | A.I. | 96 |
| JAYA PALARIYA | X | A.I. | 96 |
| ABHAY S. RATHOUR | X | A.I. | 95 |
| SIDDHI JOSHI | X | A.I. | 94 |
| LAKSHITA KARKI | X | A.I. | 94 |
| ANAS KHAN | X | A.I. | 92 |
| JAYA BISHT | X | A.I. | 92 |

| STUDENT NAME | CLASS | SUBJECT | MARKS |
|---|---|---|---|
| KARTIK KUMAR | X | A.I. | 92 |
| NANDINI SRIVASTAV | X | A.I. | 91 |
| NIHARIKA GIRI | X | A.I. | 91 |
| UDITA RAWAT | X | A.I. | 90 |
| MANASVI ADHIKARI | X | A.I. | 90 |
| KANIKA BHATT | X | A.I. | 90 |
| GAURAV BELWAL | X | HINDI | 97 |
| GUNJAN GARIYA | X | HINDI | 96 |
| HARSHIT TEWARI | X | HINDI | 94 |
| UDITA RAWAT | X | HINDI | 94 |
| DAKLASH WILLIAM SEKRIYAL | X | HINDI | 93 |
| MANASVI ADHIKARI | X | HINDI | 93 |
| SIDDHI JOSHI | X | HINDI | 93 |
| MANTASHA BEE | X | HINDI | 93 |
| BHAWESH ADHIKARI | X | HINDI | 92 |
| GANESH JOSHI | X | HINDI | 92 |
| KANIKA BHATT | X | HINDI | 91 |
| JAYA PALARIYA | X | HINDI | 91 |
| ADITI KHATI | X | HINDI | 90 |

### SUBJECT TOPPERS OF CLASS-XII

| STUDENT NAME | CLASS | SUBJECT | MARKS |
|---|---|---|---|
| HARSHITA JOSHI | XII | ENGLISH CORE | 97 |
| VIDUSHI | XII | ENGLISH CORE | 96 |
| DEEPAK KUMAR | XII | ENGLISH CORE | 92 |
| BHUMIKA RATHOUR | XII | ENGLISH CORE | 92 |
| DHRUV SIDDHARTH | XII | ENGLISH CORE | 91 |
| MAHAK RANA | XII | ENGLISH CORE | 90 |
| BHOOMIKA JOSHI | XII | HINDI CORE | 95 |
| TARUN SAH | XII | HINDI CORE | 95 |
| DEEPIKA BHATT | XII | HINDI CORE | 90 |
| VIDUSHI | XII | HINDI CORE | 90 |
| HARSHITA TEWARI | XII | HINDI CORE | 90 |
| TARUN SAH | XII | PHYSICS | 95 |
| VIDUSHI | XII | PHYSICS | 92 |
| TARUN SAH | XII | CHEMISTRY | 100 |
| MAYANK S. BISHT | XII | CHEMISTRY | 95 |
| JITESH TIWARI | XII | CHEMISTRY | 95 |
| SAURABH UPRETI | XII | CHEMISTRY | 94 |

| STUDENT NAME | CLASS | SUBJECT | MARKS |
|---|---|---|---|
| VIDUSHI | XII | CHEMISTRY | 94 |
| ANKIT SINGH BISHT | XII | CHEMISTRY | 93 |
| ANUSHKA | XII | CHEMISTRY | 93 |
| DEEPAK KUMAR | XII | CHEMISTRY | 93 |
| VIDUSHI | XII | BIOLOGY | 96 |
| TARUN SAH | XII | MATHEMATICS | 95 |
| KHEEMRAJ SINGH LODHIYAL | XII | ECONOMICS | 91 |
| NEHA KASHYAP | XII | ECONOMICS | 91 |
| SHIVAM RAUTELA | XII | HISTORY | 97 |
| SHWETA SAH | XII | GEOGRAPHY | 90 |
| DEEPIKA PALARIYA | XII | POLITICAL SCIENCE | 93 |
| SHIVAM RAUTELA | XII | POLITICAL SCIENCE | 93 |
| SHWETA SAH | XII | PHYSICAL EDUCATION | 95 |
| PREETI KUMARI | XII | PHYSICAL EDUCATION | 93 |
| ANKIT SINGH BISHT | XII | PHYSICAL EDUCATION | 92 |
| DEEPAK KUMAR | XII | PHYSICAL EDUCATION | 91 |
| TARUN SAH | XII | PHYSICAL EDUCATION | 90 |

## ADMISSION OPEN

FOR CLASS PLAY GROUP, NURSERY, LKG, UKG, 1ST TO 9TH & 11TH

NO ADMISSION FEE FOR PLAY GROUP TO U.K.G.

### कैंची धाम जाने वाले पर्यटक सुबह से जाम में फंसे रहे, पुलिस लगातार जाम खुलवाती रही, पार्किंग हो गई फुल

# कैंची धाम में उमड़े श्रद्धालु, लगा जाम, लोग परेशान

संवाददाता, भवाली

ग्राउंड रिपोर्ट

**अमृत विचार :** प्रसिद्ध कैंची धाम में शनिवार को बाबा नीम करोली के दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही भीड़ बढ़ने लगी और दिन तक लम्बी कतार लग गई, जहां रोड पर दोनों तरफ वाहन रेंग रहे थे वहीं सड़क पर श्रद्धालुओं की लाइन दिखी।

अमूमन रोज ही भीड़ दिखने वाले कैंची धाम में अब मंगलवार व शनिवार को श्रद्धालु ज्यादा आने लगे हैं, क्योंकि लोग बाबा को हनुमान का अवतार मानते हैं। इन दो दिनों में दर्शन करना ज्यादा भाग्यशाली मान रहे हैं। वहीं नया वाहन खरीदकर अधिकतर श्रद्धालु सीधे बाबा के दर्शन को भी आ रहे हैं। सीतापुर के एक श्रद्धालु ने बताया कि वे नयी कार लेकर बाबा के दर्शन को आये हैं। बस बाबा का ऐसा आशीर्वाद मिला कि पता ही नहीं चला कि ये कार मैंने कैसे खरीद ली। जहां लोग भारी संख्या में बाबा के दर्शन कर रहे हैं तो पुलिस व वॉलेंनटियर सीटी बजाकर भीड़ को कन्ट्रोल करते दिख रहे हैं। शनिवार को सुबह से भवाली-भीमताल कैंची धाम के पास सड़क पर जाम की स्थिति बनी रही। पर्यटकों के वाहन रेंगकर चले। कैंची धाम जाने वाले पर्यटक सुबह से जाम में फंसे रहे। पुलिस लगातार जाम खुलवाती रही। कैंची धाम पार्किंग सुबह ही पूरी तरह से फुल हो गई। भवाली कोतवाल डीआर वर्मा टीम के साथ जाम वाले क्षेत्रों में जाकर जाम खुलवाते रहे। क्षेत्र में जाम लगने से व्यापारी परेशान रहे। व्यापारी दीपक, गणेश गयाल, मुसर्रफ अंसारी, गौरव पाठक ने कहा कि जाम लगने से व्यापारियों को मुसीबत उठानी पड़ रही है। आगामी 15 जून को कैंची धाम में स्थापना दिवस मेला होना है। प्रशासन को पर्यटन सीजन को लेकर तैयारियों को धरातल पर उतारकर काम करने की जरूरत है।


कैंची धाम मार्ग में लगी वाहनों की कतार। ● अमृत विचार


कैंची धाम में उमड़े श्रद्धालु। ● अमृत विचार

## महिला पर्यटक लंगूर के हमले में घायल

**नैनीताल :** नगर में कुत्तों व बंदरों का आतंक कम होने का नाम नहीं ले रहा है। शनिवार को एक लंगूर ने मल्लीताल मस्जिद के समीप दिल्ली से नैनीताल घूमने आई एक महिला पर्यटक पर छलांग लगा दी, इससे महिला दीवार पर जा गिरी और उनके सिर से खून निकल गया। ये देखकर वहां मौजूद लोग एकत्रित हो गए और उन्होंने महिला को उठाया और टैक्सी बाइक से उपचार के लिए बीड़ी पांडे अस्पताल भेजा।

इस घटना के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने पर बड़ी संख्या में जुटी पुलिस ने लंगूरों के हमले से खुद को संभालने के साथ ही लोगों को सतर्क होकर चलने को कहा। पुलिस ने डीसीआर के माध्यम से वन विभाग को भी घटना से सूचित कराया। चिकित्सक ने बताया कि दिल्ली से आई महिला पर्यटक के सिर पर 6 टांके लगे हैं।

# आदि कैलाश जाने वालों को गुंजी में मिलेगा पेट्रोल

- 3200 मीटर की ऊंचाई पर खुलने वाला पहला पेट्रोल पंप

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** आदि कैलाश आने वाले भक्तों को अब धारचूला के गूंजी में पेट्रोल पंप की सुविधा मिलने जा रही है। कुमाऊं मंडल विकास निगम गंजी में पेट्रोल पंप खोलने जा रहा है। कुमाऊं मंडल विकास निगम के महाप्रबंधक डॉ संदीप तिवारी ने बताया धारचूला के बाद ऊंचाई वाले क्षेत्र में अब तक लोगों की आवाजाही न के बराबर थी। जिसके चलते उसे क्षेत्र में पेट्रोल पंप स्थापित नहीं हो सका था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आदि कैलाश यात्रा के बाद क्षेत्र में आने वाले भक्तों की संख्या में रुझान बड़ा है बीते वर्षों की अपेक्षा में इस वर्ष दोगुना से ज्यादा भक्त आदि कैलाश के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। ऐसे में पर्यटकों की तेजी से बढ़ती संख्या को देखते हुए वहां आने वाले भक्तों और पर्यटकों की सुविधा के लिए कुमाऊं मंडल विकास निगम गुंजी में पेट्रोल पंप खोलने जा रहा है। पेट्रोल पंप खोले जाने को लेकर जिलाधिकारी पिथौरागढ़ ने प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा है। शासन से अनुमति मिलने के बाद गंजी में पेट्रोल पंप खोल दिया जाएगा।

> पेट्रोल पंप खोलने के लिए प्रस्ताव बनाकर शासन को जिलाधिकारी के माध्यम से भेजा है। शासन से अनुमति मिलने के बाद 3200 मीटर की ऊंचाई वाले क्षेत्र गुंजी में पेट्रोल पंप खोल दिया जाएगा।
> -डॉ. संदीप तिवारी, महाप्रबंधक, कुमाऊं मंडल विकास निगम।

## सार-संक्षेप


रामनगर में समर कैंप में मौजूद बच्चे। ● अमृत विचार

### समर कैम्प में बच्चों ने सीखे डांस व फाइन आर्ट के गुर

**रामनगर :** लक्ष्मी विहार स्थित माउंट लिट्रा जी स्कूल तथा किड्जी प्ले स्कूल में स्किल हंटर्स की ओर से चार दिवसीय समर कैंप में बच्चों ने डांस फन गेम्स, फाइन आर्ट, सेल्फ डिफेंस के गुर सीखने के साथ-साथ वैदिक शिक्षा के अंतर्गत भगवान विष्णु के 10 अवतारों की रोचक व अदभुत जानकारी भी हासिल की। समर कैंप में स्किल हंटर्स के डायरेक्टर भुवनेश जोशी तथा मैनेजर प्रेम सिंह बोरा तथा उनकी टीम के प्रशिक्षकों ने बच्चों को हर एक दिन अलग अलग प्रकार की ड्राइंग एक्टिविटीज अंशुल कश्यप तथा उनकी टीम द्वारा करवाई गई। उन्होंने स्प्रे पेंटिंग, स्टोन पेंटिंग, साल्ट पेंटिंग आदि करवाए। स्कूल के डायरेक्टर स्पर्श अग्रवाल व प्रधानाचार्या रितु पंत ने पूरी स्किल हंटर्स टीम को बधाई दी।

### तेज रफ्तार बाइक बस से टकराई, युवक-युवती गंभीर

**कालाढूंगी :** कालाढूंगी-हल्द्वानी मोटर मार्ग पर तेज रफ्तार बाइक सवार बस से टकरा गए। हादसे में बाइक सवार युवक व युवती गंभीर घायल हो गये। शनिवार को मोहित आर्या (24) निवासी गौलापार हल्द्वानी की युवती को लेकर बाइक से अपने दोस्तों के साथ सुबह नैनीताल गया था। शाम को लौटते समय कालाढूंगी होते हुए वापस लौट रहे थे। कालाढूंगी-हल्द्वानी मोटर मार्ग पर वन निगम डिपो के पास लगभग चार बजे के उनकी तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर हल्द्वानी से सवारी लेकर कालाढूंगी को आ रही बस के नीचे जा घुसी। हादसे में बाइक क्षतिग्रस्त हो गयी। बाइक सवार मोहित व सपना गंभीर घायल हो गये।

### ओखलकांडा में पुस्तकालय का उद्घाटन किया

**भीमताल :** ओखलकांडा विकास खंड के तल्ली पोखरी शिवनगरम में नागरिक पुस्तकालय अभियान के तहत 24 वें पुस्तकालय का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि अभियान के संस्थापक तथा पीसीएस टापर 2016 हिमांशु कफल्टिया रहे। उन्होंने बताया कि पिछले 4 वर्ष से समाज के सहयोग से इस पुस्तकालय अभियान को चलाया जा रहा है। इस दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह उत्तम सिंह नयाल, पुस्तकालय संरक्षक डॉ. हेमन्त कुमार जोशी, घनश्याम कफल्टिया, सीए रमाशंकर, डॉ. दीक्षा, आईआरएस अधिकारी गुंजन शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### प्रतिभा दिवस पर बच्चों ने बनाए श्रीदेव सुमन के चित्र

**रामनगर :** प्रतिभा दिवस पर राजकीय इंटर कालेज ढेला में विज्ञान संबंधी गतिविधियां होने के साथ बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लिया। कार्यक्रम की शुरुआत श्रीदेव सुमन के चित्र बनाने से हुई। उनकी 108वीं जयंती पर माल्यार्पण किया गया। विज्ञान शिक्षक मनोज जोशी, सीपी खाती के दिशा निर्देशन में बच्चों ने विज्ञान के मॉड्यूल बनाते हुए जटिल समीकरणों, सूत्रों को सरल तरीके से समझा। इस दौरान प्रधानाचार्य श्रीराम यादव, हरीश कुमार, नवेंदु मठपाल, दिनेश निखूरपा, नफीस अहमद, संत सिंह, शैलेंद्र भट्ट, नरेश कुमार, बालकृष्ण चंद, संजीव कुमार, सुभाष गोला मौजूद रहे।

### देवी मंदिर में हुआ अखंड रामायण पाठ, उमड़े श्रद्धालु

**गरमपानी :** बेतालघाट ब्लॉक स्थित देवी मंदिर में विधि विधान से विशेष मंत्रोच्चार के साथ अखंड रामायण पाठ हुआ। हवन, पूर्णाहुति व महाआरती के बाद भंडारा लगा। बुधलाकोट गांव के ठेलका तोक में धर्माचार्यों ने यजमानों से धार्मिक अनुष्ठान पूरे कराए। क्षेत्र की सुख, शांति व समृद्धि को विशेष प्रार्थना हुई। आसपास के गांवों से श्रद्धालु देवी मंदिर पहुंचे। भजन मंडली ने शानदार भजनों की प्रस्तुति दे माहौल राममय कर दिया। पुरुषोत्तम भगवान राम के जयकारों से समूचा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। शाम को हवन, पूर्णाहुति व महाआरती के बाद भंडारा लगा।

### नवीन को लगातार चौथी बार सौंपी पीटीए अध्यक्ष की कमान

**गरमपानी :** अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज बेतालघाट में अभिभावकों व शिक्षकों की संयुक्त टीम ने कई बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की। विद्यालय परिसर में हुई बैठक का शुभारंभ प्रधानाचार्य दिनेश चंद्र उपाध्याय ने मां सरस्वती के चित्र के समीप दीप प्रज्ज्वलित कर किया। विद्यालय में सुविधाएं जुटाने, शैक्षणिक माहौल बेहतर बनाने समेत कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से मंथन किया गया। बैठक के दौरान नवीन चंद्र कश्मीरा को लगातार चौथी बार विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई जबकि अल्ताब शाह सचिव, दिनेश रावत को कोषाध्यक्ष की कमान सोपी गई। धना देवी को लगातार दूसरी बार एसएमडीसी अध्यक्ष मनोनीत किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने मिलजुल कर नौनिहालों व विद्यालय के हितों के लिए कार्य करने का संकल्प लिया।


मेधावी छात्रों को सम्मानित करते शिक्षक व अभिभावक।

### प्रतिभा दिवस पर हुए रंगारंग कार्यक्रम, मेधावी सम्मानित

**कालाढूंगी :** विकास खंड कोटाबाग के विद्यालयों में शनिवार को प्रतिभा दिवस धूमधाम से मनाया गया। राउमावि डोला व उमावि स्यात में छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये। शिक्षकों की ओर से मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। छात्रों ने कुमाउनी गीत, उत्तराखंड मेरी मातृभूमि दुर्गा गाया व नृत्य, भाषण की प्रस्तुति दी। प्रधानाचार्य नरेंद्र पटवाल, शशि भूषण श्रीवास्तव ,जसपाल शाह, हेम तिवारी प्रीती जोशी भास्कर पांडे ,हेमा देवी और बलम सिंह बिष्ट, गीता देवी , बलिराम विमला देवी ,आनंदी देवी उपस्थित रहे। वहीं उमावि स्यात, कोटाबाग में प्रतिभा दिवस के अवसर पर हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा 2024 में 80% से अधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं प्रीति बोरा 87 .2%, चंद्रा महरा 86 .60%, मानसी रावत 85 .60% अंक प्राप्त करने पर तीनों छात्राओं और इनके अभिभावकों गोधन सिंह, थान सिंह महरा, किरन देवी को प्रधानाचार्य बृज मोहन पाण्डे एवं विद्यालय के शिक्षकों त्रिभुवन पाण्डे,आनन्द बल्लभ बेलवाल आदि ने सम्मानित किया।

# नैनीताल में बारिश, काठगोदाम में बूंदाबांदी

### सैलानियों ने उठाया सुहावने मौसम का लुत्फ, नैनीझील के जलस्तर में हुआ सुधार, नालियां उफनाने से झील में समाया कूड़ा

**गर्मी से राहत**

- एक घंटे तक तेज बारिश से नगर का तापमान गिरा
- अधिकतम तापमान 25 डिग्री तो न्यूनतम 15 डिग्री दर्ज किया

संवाददाता, नैनीताल/हल्द्वानी

**अमृत विचार :** नैनीताल में शनिवार दोपहर करीब एक घंटे तेज बारिश हुई। पूरे नगर में मौसम पूरी तरह से ठंडा हो गया। सैलानी मौसम को देखकर खुश नजर आए। काठगोदाम में भी हल्की बूंदाबांदी हुई।

नैनीताल में शनिवार सुबह गुनगुनी धूप खिली थी लेकिन दोपहर 12 बजे अचानक मौसम ने करवट बदली और बारिश का दौर शुरू हो गया। करीब एक घंटे तक हुई तेज बारिश के बाद फिर मौसम ने करवट बदली और गुनगुनी धूप खिल गई।

अचानक हुई बारिश से जहां स्थानीय लोगों को परेशानी हुई तो वहीं सैलानियों ने बारिश में भीगते हुए नैनीताल की नैसर्गिक सुंदरता का लुत्फ उठाया। वहीं, बारिश के चलते नालों के जरिये झील में कूड़ा भी समा गया।

हालांकि झील में नालों के जरिये कूड़ा न आए इसके लिए प्रशासन द्वारा नालों के मुहाने पर जालिया लगाई गई हैं, उसके वावजूद झील में कूड़ा तैरता नजर आया। मई में अब तक तीन बार नगर में बारिश हो चुकी है जिसके चलते नैनीझील के गिरते जलस्तर में बढ़ोतरी हुई और साथ ही प्राकृतिक जल स्रोत भी पुनर्जीवित हो चुके हैं। मौसम केंद्र जीजीआईसी के अनुसार शनिवार को नगर का अधिकतम तापमान 25 डिग्री तो वहीं न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इधर काठगोदाम और रानीबाग क्षेत्र में भी शुक्रवार की दोपहर हल्की बूंदाबांदी हुई। क्षेत्र में ठंडी हवाएं चल रही थीं। जिससे मौसम सुहावना हो गया। शेष हल्द्वानी में दोपहर के समय बादल छाए थे लेकिन बारिश नहीं हुई। शहर में पूर्वाह्न के समय तेज गर्मी पड़ रही थी।

हल्द्वानी में अधिकतम तापमान 39.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।


बारिश के बाद नैनी झील में समाया कूड़ा और नौकायन के इंतजार में खड़े पर्यटक। ● अमृत विचार


छतरी लेकर बारिश से बचते सैलानी। ● अमृत विचार

## माल रोड पर खड़ी साइकिलें जब्त कीं

**नैनीताल :** पालिका की ओर से अवैध फड़ों को हटाने के लिए मंगलवार को मल्लीताल बाजार, माल रोड समेत विभिन्न पर्यटक स्थलों में अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान अवैध फड़ हटाने के साथ लोगों के खिलाफ चालान की कार्रवाई भी की गई। टीम ने मल्लीताल बाजार, माल रोड में अभियान चलाया। अभियान के दौरान पालिका की टीम ने माल रोड किनारे खड़ी दर्जन भर से अधिक साइकिलों को जब्त किया। इस दौरान पालिका की टीम को क्षेत्र में कई अवैध फड़ लगे मिले। जिन्हें हटा दिया। नगर पालिका के ईओ अतुल भंडारी ने बताया कि अवैध फड़ों को हटाने के साथ दस लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

### मेधावी बच्चों को किया सम्मानित

**रामनगर :** जयमोहन इंटर कॉलेज कानिया में उत्तराखंड परिषदीय परीक्षा की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट में मैरिट लिस्ट में स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी बच्चों को सम्मानित किया गया। मेरिट में 15वां स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा कल्पना रावत, मानसी (17वीं रैंक), माही सनवाल (21वीं रैंक), निकिता राणा (24वीं रैंक) एवं प्रतिभा सनवाल (25वीं रैंक) को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इसके साथ ही इसी विद्यालय के छह विद्यार्थियों को स्कालरशिप फॉर हायर एजुकेशन के तहत का प्रमाण पत्र भी दिया गया। प्रधानाचार्य महेश दत्त तिवाड़ी, उप प्रधानाचार्य देवेंद्र सिंह मनराल, प्रबंधक अमन जोशी तथा संरक्षक गोपाल दत्त जोशी एवं सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

**पाठकों हेतु सूचना**

प्रिय पाठको,
हल्द्वानी, काशीपुर एवं रूद्रपुर में आपको अमृत विचार समाचार पत्र मिलने में असुविधा हो रही हो तो कृपया नीचे दिये गये नंबरों पर सम्पर्क करें।

हल्द्वानी कार्यालय — 7830460114, 9412987555
काशीपुर कार्यालय — 8218100208
रूद्रपुर कार्यालय — 9837804094, 8476843488

# फर्जी पर्यटक गाइडों का चालान किया

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** नैनीताल के पर्यटक स्थलों में पर्यटकों को गुमराह करने की लगातार मिल रही शिकायत के बाद नगर पालिका ने शनिवार को पर्यटक स्थलों पर छापेमारी कर फर्जी पर्यटक गाइडों के खिलाफ अभियान चलाकर चालानी कार्रवाई की।

नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अतुल भंडारी ने बताया कि नैनीताल में पर्यटकों को घूमाने के लिए नगर पालिका द्वारा लाइसेंस जारी किए जाते हैं, ताकि पर्यटकों के साथ किसी प्रकार की अभद्रता या घटना ना हो, लेकिन इन दोनों पर्यटक स्थलों में बाहरी क्षेत्र से आकर लोग पर्यटक गाइड बन गए हैं जिन्हें पर्यटक स्थलों की जानकारी नहीं है। जो पर्यटकों को भ्रमित कर रहे हैं जिनके खिलाफ अभियान चला गया है। पालिका की टीम ने शहर के मोहन-को चौराहा, न्यू पालिका बाजार और माल रोड क्षेत्र में अभियान चलाकर 13 अवैध पर्यटक गाइडों के खिलाफ चलने कार्रवाई कर 5 हजार का जुर्माना वसूल किया।


फर्जी पर्यटक गाइडों के खिलाफ अभियान चलाती नगर पालिका की टीम।

### बेड़गांव से लापता महिला का सुराग नहीं लगा

**गरमपानी :** अल्मोड़ा हल्द्वानी हाईवे से सटे बेड़गांव गांव से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता महिला का तीन सप्ताह बीतने के बावजूद कुछ पता नहीं चल सका है। बेड़गांव गांव निवासी राजेंद्र सिंह की पत्नी लापता है। महिला के पति राजेंद्र सिंह ने राजस्व उपनिरीक्षक गडस्यारी को पत्र सौंप बताया कि उसकी पत्नी योगिता बीते तीन सप्ताह पहले सुबह पांच बजे बिना बताए घर से लापता हो गई। गांव तथा आसपास के क्षेत्रों व रिश्तेदार से जानकारी जुटाने व खोजबीन के बाद भी योगिता का कुछ पता नहीं चल पा रहा है। घर में स्वजनों की चिंता भी बढ़ते ही जा रही है। महिला के पति ने अनहोनी की आशंका जता राजस्व उपनिरीक्षक से पत्नी के खोजबीन की गुहार लगा चुका है।


नैनी झील की निर्माणाधीन सुरक्षा दीवार। ● अमृत विचार

### नैनी झील की क्षतिग्रस्त दीवारों की मरम्मत शुरू

**नैनीताल :** झील का जलस्तर कम होने पर सिंचाई विभाग की ओर से झील के किनारे क्षतिग्रस्त सुरक्षा दीवारों का नवीनीकरण का काम शुरू कर दिया गया है। नैनी झील के चारों ओर सुरक्षा दीवारें लगाई गई हैं, जो अधिक बारिश होने और झील के जलस्तर बढ़ने के कारण कई बार क्षतिग्रस्त हो जाती हैं। बरसात और सर्दी में झील का जलस्तर अधिक होने के कारण काम करना मुश्किल हो जाता है, इसलिए इन दिनों सुरक्षा दीवारों का नवीनीकरण का कार्य किया जा रहा है। सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता डीडी सती ने बताया कि सुरक्षा दीवारों के लिए कोई बजट जारी नहीं किया गया है। विभाग की ओर से सुरक्षा दीवारों का नवीनीकरण का काम करवाया जा रहा है।

### थायराइड दिवस पर मरीजों को किया जागरूक

**नैनीताल :** शनिवार को विश्व थायराइड दिवस पर जिला चिकित्सालय बीडी पांडे अस्पताल के वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. एमएस दुग्ताल ने मरीजों को थायराइड बीमारी के लक्षण व उनसे बचाव के उपाय बताए। डॉ.दुग्ताल ने कहा कि 25 प्रतिशत लोग थायराइड बीमारी से ग्रसित हैं। कहा कि अगर उल्टी आना, ठंड का अहसास नहीं होना, पसीना कम आना, धड़कन की गति धीमा होना, थकान महसूस होना, आंखों व चेहरे पर सूजन जैसी समस्या हो तो तुरंत इसकी जांच करा लें क्योंकि ये थायराइड के लक्षण हो सकते हैं।

# ग्रीन बेल्ट पर निर्माण होने से रोष

- बड़े पैमाने पर हरे बांज के पेड़ों को भी निर्माण में बाधा बनने पर हटाया जा रहा

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** आचार संहिता का लाभ लेते हुए जहां भीमताल में बड़े पैमाने पर निर्माण कार्य को विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों की मिली भगत से अंजाम दिया जा रहा है, वहीं नैनीताल विधानसभा क्षेत्र और भीमताल नगर पालिका के वार्ड संख्या 9 में एक ऐसा मामला सामने आया है, जिससे विभागीय अधिकारियों और संबंधित विभाग की मिली भगत का अनुमान लगाया जा रहा है।

स्थानीय पर्यावरण प्रेमियों ने मामले की जानकारी वन विभाग के आला अधिकारियों को देकर प्रकृति को नुकसान पहुंचाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की मांग करने के साथ-साथ तुरंत पेड़ों को धीरे-धीरे काटने की प्रक्रिया को रोकने का कार्य कर रहीं मशीनों को सील करने और निर्माण कार्य पर पाबंदी लगाने की मांग की। मामला खुटानी बैंड से थोड़ा आगे नैनीताल रोड का है। यहां एक जमीन को कई दशक पहले खरीदा गया था, जिस समय वह जमीन खरीदी गई थी स्थानीय लोगों के मुताबिक उस समय यह ग्रीन बेल्ट थी। तब जमीन स्वामी के द्वारा इस पर तारों से ताड़ बाड़ कर इसको चारों तरफ से सुरक्षित कर इसके मोटर मार्ग वाले क्षेत्र में गेट लगा दिया गया था। पर जैसे ही लोकसभा चुनाव के लिए आचार संहित लगी तो पहले इसकी झाड़ी कटान के नाम पर इसमें स्थान स्थान पर आग लगाकर इस जमीन को झाड़ी आदि से मुक्त कर दिया गया। वर्तमान में स्थानीय शिकायतकर्ताओं ने बताया कि अब वर्तमान में इस जमीन पर प्लाटिंग की जा रही है और मार्ग का निर्माण भी किया जा रहा है। इतना ही नहीं लोगों के मुताबिक रात्रि में बड़े पैमाने पर बांज और चीड़ के मिश्रित वन के पेड़ों जो कि भविष्य में निर्माण में बाधा है उनको भी हटाया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस प्रकरण की जानकारी वहां के स्थानीय वन विभाग के कर्मचारियों को भी है पर कार्रवाई नहीं होने से निर्माणकर्ताओं के हौंसले बुलंद हैं।

> मामले की जानकारी मिली है। संबंधित क्षेत्र के कर्मचारियों और अधिकारियों को बता दिया गया है। यदि शिकायत सही पाई गई तो निश्चित कार्रवाई होगी।
> -विजय मिलकानी, वनक्षेत्राधिकारी

## स्थापना दिवस पर निकाली प्रभात फेरी

**रामनगर :** भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज संगठन के प्रांतीय प्रभारी इंद्रपाल सिंह के नेतृत्व में शनिवार को संगठन का 60वां स्थापना दिवस उल्लास के साथ मनाया गया।

इस दौरान भगवान वाल्मीकि के ध्वज के साथ प्रभात फेरी निकली गयी। प्रदेश प्रभारी इंद्रपाल ने मौजूदा लोगों को बताया कि 24 मई 1964 में वाल्मीकि धर्म समाज संगठन की लुधियाना में स्थापना की गई। संगठन का लुधियाना संगरूर में वाल्मीकि समाज का एक रिसर्च सेंटर भी है, जिसमें कि दलित और वाल्मीकि समाज के ऊपर विश्लेषण कर साहित्य लिखा जाता है। इस दौरान प्रांतीय सचिव शुभम कुमार, नगर अध्यक्ष प्रभात वेद, महिला मोर्चा अध्यक्ष गीता देवी, कल्पना, कमलेश, ममता, पूजा, बबीता, भूरी, रेखा, स्वाती, बबीता आदि मौजूद रहे।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)



इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में तंबाकू के अभिशाप से खुद को रखिए सुरक्षित व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष तृतीया विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष 4, अंक 98, पृष्ठ 16+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार



आज का मौसम | 44.0° अधिकतम तापमान | 31.0° न्यूनतम तापमान | आसमान साफ रहेगा, धूप खिली रहेगी। | सूर्योदय 05 : 17 सूर्यास्त 18 : 55

हल्द्वानी, रविवार, 26 मई 2024


खुद एक्शन करेंगे सलमान...13

# देशभर में छठे चरण में 58 सीटों पर 59 प्रतिशत हुआ मतदान

## अनंतनाग-राजौरी में बना 35 वर्ष का रिकॉर्ड, बंगाल में 78, दिल्ली-बिहार में 50% से ज्यादा वोटिंग

नई दिल्ली, एजेंसी

भीषण गर्मी और प. बंगाल में कुछ केन्द्रों पर छिटपुट झड़प के बीच लोकसभा चुनाव के छठे चरण में आठ राज्यों एवं केन्द्रशासित प्रदेशों की 58 सीटों पर शनिवार को शाम पांच बजे तक 59.01% मतदान हुआ। चुनाव आयोग के अनुसार शाम छह बजे तक हुए मतदान में प. बंगाल में सर्वाधिक 78.19% जबकि उप्र-बिहार और दिल्ली में 50% से ज्यादा मतदान हुए।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, विदेश मंत्री एस जयशंकर, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, अरविंद केजरीवाल आदि लोगों ने वोट डाले। जम्मू-कश्मीर की अनंतनाग-राजौरी सीट पर 52.28% मतदाता हुआ जो 35 वर्ष का रिकॉर्ड है। इससे पहले श्रीनगर और बारामूला सीट पर भी रिकॉर्ड मतदान हुआ था।

आयोग के अनुसार बिहार में 53.30, हरियाणा में 58.27, झारखंड में 62.74, दिल्ली में 54.48 और ओडिशा में 60.07% मतदान हुआ है। प. बंगाल के कुछ केन्द्रों और जम्मू-कश्मीर में पुंछ क्षेत्र में एकाध स्थान पर हल्की झड़प को छोड़कर सभी जगह मतदान शांतिपूर्ण रहा। प. बंगाल में आदिवासी बहुल झारग्राम इलाके में दो गुटों में झड़प हुई।



लोकसभा चुनाव के छठे चरण के दौरान नई दिल्ली में डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय विद्यालय, प्रेसिडेंट्स एस्टेट में मतदान करतीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू। ● एजेंसी

**छठे चरण में मतदान**

| राज्य | प्रतिशत |
|---|---|
| बिहार | 53.19 |
| हरियाणा | 58.24 |
| जम्मू-कश्मीर | 51.97 |
| झारखंड | 62.66 |
| दिल्ली | 54.37 |
| ओडिशा | 59.92 |
| उत्तर प्रदेश | 54.03 |
| पश्चिम बंगाल | 78.19 |

● राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, मुख्य चुनाव आयुक्त आदि ने किया मतदान

वायरल वीडियो में केन्द्र पर मौजूद सुरक्षाबलों ने उपद्रवियों को खदेड़ा।

चुनाव आयोग के अनुसार, दिल्ली की सातों सीटों पर 54.48% मतदान हुआ था। उत्तर-पूर्व क्षेत्र में सबसे अधिक 58.76 और नई दिल्ली सीट पर सबसे कम 51.54% मतदान हुआ। चांदनी चौक में 53.60, पूर्वी दिल्ली में 54.37, उत्तर-पश्चिम में 58.76, दक्षिण में 52.83 और पश्चिम में 54.90% मतदान हुआ।

ओडिशा विधानसभा के तीसरे चरण में 42 सीटों पर 60.07% मतदान हुआ। इसके लिए 10 जिलों में मतदान कराया गया। देवगढ़ जिले में सबसे अधिक 67.00 और कटक में सबसे कम 53.14% मत पड़े। वहीं, लोकसभा की 543 में 486 सीटों पर मतदान हो चुका है। सातवां व अंतिम चरण में एक जून को आठ राज्यों और केन्द्र शासित क्षेत्रों की 57 सीटों पर मतदान होगा। गणना 4 जून को होगी।

इस चरण में केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान, पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी, भाजपा प्रवक्ता संवित पात्रा, सांसद मनोज तिवारी, भोजपुरी गायक एवं भाजपा उम्मीदवार निरहुआ, जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल समेत कई केंद्रीय मंत्रियों की किस्मत का फैसला ईवीएम में दर्ज हो गया है। इस चरण में 58 सीटों पर 889 उम्मीदवारों और ओडिशा विस के तीसरे चरण के लिए 42 सीटों पर 383 उम्मीदवारों ने किस्मत आजमाई है।

### उप्र की 14 सीटों पर 54.02 प्रतिशत मतदान

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में 14 सीटों पर शाम छह बजे तक औसत 54.02% मतदान हुआ। सबसे ज्यादा 61.54% अम्बेडकरनगर व सबसे कम 48.94% मतदान फूलपुर सीट पर हुआ। छिटपुट घटनाओं के बीच शांतिपूर्ण मतदान हुआ। बलरामपुर की गैसड़ी विधानसभा सीट पर 51.10% मतदान हुआ। फर्रुखाबाद के अन्तर्गत एक मतदान स्थल प्राथमिक विद्यालय खिरिया पमारान पर पुनर्मतदान 73.99% हुआ। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि सुल्तानपुर में 55.50, प्रतापगढ़ में 51.60, इलाहाबाद में 51.75, श्रावस्ती में 52.76, डुमरियागंज में 51.94, बस्ती में 56.67, संत कबीरनगर में 52.63, लालगंज (अजा) में 54.14, आजमगढ़ में 56.07, जौनपुर में 55.52, मछलीशहर (अजा) में 54.43 व भदोही सीट पर 53.07% मतदान हुआ।

# रिटायर्ड आईएएस की पत्नी की गला घोंटकर हत्या

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

● बाथरूम से सटे चेंजिंग रूम के फर्श पर पड़ा मिला शव कर्मचारियों से हो रही पूछताछ

● इंदिरानगर के सेक्टर-20 में शनिवार सुबह हुई वारदात, घटना के खुलासे को लगाई गईं 4 टीमें

**अमृत विचार :** रिटायर्ड आईएएस अधिकारी देवेंद्र नाथ दुबे की दूसरी पत्नी मोहिनी दुबे (58) की दिनदहाड़े गला घोंटकर हत्या कर दी गई। उनका शव कमरे से अटैच बाथरूम के पास बने चेंजिंग रूम में फर्श पर पड़ा मिला। हत्यारे घर में लगे सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर भी उखाड़कर ले गए।

पुलिस घर के नौकर, चालक व कर्मचारियों से पूछताछ कर रही है। पास के सीसीटीवी फुटेज में दो संदिग्ध युवक दिखे हैं। जो पिछले तीन दिनों से कालोनी के चक्कर लगा रहे थे। खुलासे के लिए पुलिस की चार टीमें लगाई गई हैं। मंडलायुक्त के पद से वर्ष 2009 में सेवानिवृत्त मूलतः कन्नौज निवासी देवेंद्र नाथ दुबे इंदिरानगर सेक्टर-20 में मकान नंबर 20/31 में पहली मंजिल पर रहते हैं। दूसरी पत्नी मोहिनी दुबे उन्हीं के साथ रहती थीं। मकान के भूतल पर किराएदार रहता था। जो पिछले सप्ताह मकान छोड़कर अन्यत्र चला गया था। देवेंद्र नाथ की पहली पत्नी मीना से दो बेटे प्रांजल और प्रतीक हैं। बड़ा बेटा प्रांजल नोएडा में रहता है, जबकी छोटा बेटा प्रतीक राजधानी के महानगर में परिवार के साथ रहता है। शनिवार सुबह 7 बजे देवेंद्र नाथ रोज की तरह गोल्फ खेलने के लिए निकल गए। 10 बजे के करीब लौटे तो मेन गेट और अंदर का चैनल खुला था। जब वह अंदर पहुंचे तो कमरे के साथ बने बाथरूम के चेंजिंग रूम में मोहिनी का शव पड़ा था। उनके सिर के पास फर्श पर खून फैला था, पास में उनका दुपट्टा पड़ा था।

### दुपट्टे से गला घोंटा, सिर पर चोट के निशान

देवेंद्रनाथ की सूचना पर पहुंचे एसीपी गाजीपुर विकास जायसवाल ने बताया कि मोहिनी के गले में कसाव के निशान थे। सिर के पिछले हिस्से से खून बह रहा था। उनका दुपट्टा पास में पड़ा था। देर शाम को आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला घोंटने से मौत की पुष्टि हुई। रिपोर्ट में आशंका जताई गई कि सिर पर वार किया गया जिससे गंभीर चोट लगी। पुलिस के मुताबिक गला घोंटने के दौरान खींचतान में मोहिनी गिर गईं और सिर में चोट लगी होगी।

### सुबह 7.15 से 8 बजे के बीच हुई वारदात

पुलिस की जांच में वारदात सुबह 7.15 से 8 बजे के बीच की बताई जा रही। एसीपी गाजीपुर के मुताबिक आसपास के घरों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए हैं। पूर्व आईएएस अफसर के दो चालक, माली और चार नौकरों से पूछताछ की जा रही है।

# भीषण गर्मी के चलते देश में बढ़ी बिजली की मांग

नई दिल्ली, एजेंसी

**टूट सकता है रिकॉर्ड**

● शुक्रवार को अधिकतम आपूर्ति 240 गीगावाट पर पहुंचीं

देश में बिजली मांग शुक्रवार को चालू सत्र की नई ऊंचाई 239.96 गीगावाट पर पहुंच गई। देश के विभिन्न हिस्सों में पारे के बढ़ते स्तर के कारण एयर कंडीशनर (एसी) और कूलर जैसे उपकरणों के अत्यधिक उपयोग के कारण बिजली की मांग रिकॉर्ड स्तर पर पहुंची है।



बिजली की अधिकतम मांग या दिन में सबसे अधिक आपूर्ति शुक्रवार को 239.96 गीगावाट दर्ज की गई, जो इस साल गर्मी के मौसम में अब तक की अधिकतम है। बिजली मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक गुरुवार को यह 236.59 गीगावाट थी, जबकि बुधवार को बिजली की अधिकतम मांग 235.06 गीगावाट थी। बिजली की मांग का सर्वकालिक उच्च स्तर 243.27 गीगावाट सितंबर, 2023 में दर्ज किया गया था। इस गर्मी के मौसम में यह रिकॉर्ड टूट सकता है।

# छत्तीसगढ़ की बारूद फैक्ट्री में विस्फोट, एक की मौत

बेमेतरा, एजेंसी

● छह लोग घायल, कई के मलबे में फंसे होने की आशंका

छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले में शनिवार को बारूद फैक्ट्री में हुए विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि छह घायल हुए हैं। जिला प्रशासन के एक अधिकारी ने बताया कि विस्फोट बेरला विकासखंड के पिरदा गांव के पास स्पेशल ब्लास्ट्स लिमिटेड नामक फैक्ट्री में हुआ। रायपुर के डॉक्टर भीमराव आंबेडकर अस्पताल की जनसंपर्क अधिकारी शुभ्रा सिंह ने बताया कि छह लोगों को इलाज के लिए अस्पताल लाया गया, जिनमें से दो घायलों को एम्स रायपुर ले जाया गया। विस्फोट स्थल का दौरा करने वाले राज्य के उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि घटना की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए गए हैं।

साव ने कहा कि मलबे में कुछ लोग फंसे हो सकते हैं, मलबा हटने के बाद मृतकों की संख्या स्पष्ट हो पाएगी। कुछ प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि विस्फोट के समय फैक्ट्री में करीब 100 लोग काम कर रहे थे।






## फटी ओएमआर शीट पर कोर्ट ने एनटीए से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (नीट) की 19-वर्षीया अभ्यर्थी की उस याचिका पर राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनटीए) का रुख जानना चाहा है, जिसमें अभ्यर्थी ने फटी हुई ओएमआर शीट दिये जाने के एवज में अनुग्रह अंक देने का अनुरोध किया है। न्यायमूर्ति सी. हरिशंकर ने इस पर एनटीए और केंद्र को नोटिस जारी किए और उसका मूल ऑप्टिकल मार्क रिकॉगनिशन (ओएमआर) शीट सुरक्षित रखने का निर्देश दिया। ओएमआर शीट परीक्षा के लिए पूर्व-मुद्रित पेपर सुरक्षा दस्तावेज है और इसमें उम्मीदवार की व्यक्तिगत जानकारी जैसे नाम, जन्मतिथि आदि शामिल होता है। अदालत ने 20 मई को पारित एक आदेश में कहा कि मामले के निपटारे के लिए आठ जुलाई 2024 को सूचीबद्ध किया जाए।

# वंचितों का जो अधिकार मोदी उसका चौकीदार

ब्यूरो/एजेंसी, लखनऊ

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन में जितनी पार्टियां हैं उनमें कुछ अवगुण समान हैं। ये घोर सांप्रदायिक, घोर जातिवादी और घोर परिवारवादी हैं। इन्होंने बाबा साहब का अपमान किया, रामनाथ कोविंद का अपमान किया, एक आदीवासी महिला राष्ट्रपति का अपमान किया। महाराज सुहेलदेव को इन्होंने कभी सम्मान नहीं दिया।

प्रधानमंत्री ने कहा, ये लोग दलितों का आरक्षण छीन कर उसे मुस्लिमों को देने का षडयंत्र कर रहे हैं। कर्नाटक में उन्होंने रातों रात मुसलमानों को ओबीसी बना दिया। बंगाल में इनका बहुत बड़ा षडयंत्र खुल गया है। पूरा इंडी गठबंधन आरक्षण की लूट में शामिल है। मोदी इनसे लड़ाई लड़ रहा है। जबतक मोदी जिंदा है एससी, एसटी ओबीसी का आरक्षण किसी हालत में छीनने नहीं देगा। यह भी जोड़ा कि वंचितों का जो अधिकार है, मोदी उसका चौकीदार है। प्रधानमंत्री शनिवार को गाजीपुर के आरटीआई मैदान में भाजपा प्रत्याशी पारसनाथ राय के समर्थन में चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ करते हुए कहा है कि उप्र. सरकार में आज दंगे भी बंद हो चुके हैं और दंगाई भी। उन्होंने सपा को निशाने पर लेते हुए कहा कि सपा सरकार के समय माफिया खुली जीप में बैठकर कानून को खुलेआम चुनौती देते थे, हर महीने दो से तीन दंगे हुआ करते थे। उन्होंने अपने संबोधन की शुरुआत मां कामाख्या और महाहर धाम को प्रणाम करते हुए कहा कि बनारस वालों के लिए गाजीपुर आना ऐसे ही है जैसे बगल के मोहल्ले में आ गए हों। मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन तुष्टिकरण में हर हद पार कर रहा है।



● प्रधानमंत्री मोदी ने गाजीपुर लोस सीट के लिए चुनावी जनसभा को किया संबोधित

## गूगल मैप के सहारे चला रहे थे कार नदी में जा गिरे

● कार में सवार थे चार मेडिकल छात्र, पुलिस ने निकाला

**कोट्टायम।** तेलंगाना से केरल जा रहा वाहन शनिवार तड़के गूगल मैप नेविगेशन एप के माध्यम से गलत दिशा में जाने के कारण कुरुप्पनथारा पियर पुल पार करते समय नदी में गिर गया। वाहन में एक छात्रा सहित मेडिकल के चार छात्र थे, जिनको बचा लिया गया है।

पुलिस के मुताबिक घटना करीब तीन बजे उस समय हुई जब हैदराबाद से आए पर्यटक गूगल मैप नेविगेशन के निर्देशों का पालन करते हुए मुन्नार पर्यटन गंतव्य केंद्र से अलाप्पुझा की ओर बढ़ रहे थे। कुरुप्पनथारा पियर ब्रिज पार करते वक्त उनका वाहन नदी में जा गिरा। पुलिस ने बताया कि पुल से पहले दो सड़कें हैं, एक नदी के साथ जाती है और दूसरी कम्बम-चेरथला होते हुए अलाप्पुझा की ओर जाती है, लेकिन गूगल एप के बाईं ओर मुड़ने के निर्देश पर वाहन नदी में गिर गया। इस दौरान एक छात्र पीछे की खिड़की से निकलने में सफल रहा और उसने स्थानीय लोगों के साथ पुलिस को सूचना दी।

# खुले हेमकुंड साहिब के कपाट, पहुंचा पहला जत्था

## राज्यपाल ने 22 मई को ऋषिकेश गुरुद्वारे से पहले जत्थे को किया था रवाना, मार्ग में अब भी जमी है बर्फ

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचारः** गुरुद्वारा श्री हेमकुंड साहिब के कपाट शनिवार को अरदास के साथ खोल दिए गए। पंजप्यारों की अगुवाई में श्रद्धालुओं का पहला जत्था धाम पहुंचा गया। कपाट खुलने के अवसर पर दो हजार संगत उपस्थित रहें।

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह ने 22 मई को ऋषिकेश गुरुद्वारे से पहले जत्थे को रवाना किया था। गोबिंद धाम (घांघरिया) से शनिवार सुबह रवाना हुए पंज प्यारों की अगुवाई में जत्थे ने जो बोले सो निहाल के जयकारों व बैंड बाजों के साथ कीर्तन करते हुए यात्रा के अंतिम पड़ाव श्री हेमकुंड साहिब पहुंचकर गुरु महाराज के चरणों में हाजिरी लगाई। सुबह से ही देश-विदेश से आए श्रद्धालु हेमकुंड साहिब पहुंचने लगे थे।

गुरुद्वारा प्रबंधक सरदार गुरनाम सिंह व मुख्य ग्रंथी भाई मिलाप सिंह ने संगत के साथ मिलकर सुबह 9.30 बजे गुरु ग्रंथ साहिब को सुखासन से दरबार साहिब लाया गया। मुख्य ग्रंथी की ओर से सुबह 10.15 बजे सुखमनी साहिब जी का पाठ किया गया। इसके पश्चात सुबह 11.30 बजे से रागी जत्थों द्वारा गुरबाणी कीर्तन किया गया, जिससे दरबार साहिब में उपस्थित संगत निहाल हो गईं। साथ ही निशान साहिब के चोले की सेवा भी चलती रही। गुरुद्वारा परिसर व दरबार हाल को फूलों व अन्य साजो सामान से सजाया गया।

भारतीय सेना के 418 इंडिपेंडेंट कोर के कर्नल विरेन्द्र ओला एवं ब्रिगेडियर एमएस ढिल्लो भी हेमकुंड साहिब में उपस्थित रहे। कपाट खुलने के अवसर पर गुरुद्वारा ट्रस्ट के अध्यक्ष सरदार नरेन्द्रजीत सिंह बिंद्रा व गुरुद्वारा गोबिंद घाट के प्रबंधक सरदार सेवा सिंह भी मौजूद रहे।



हेमकुंड साहिब में कपाट खुलने के अवसर पर आयोजित गुरबाणी कीर्तन में शामिल संगत।

● गोबिंद धाम से पंज प्यारों की अगुवाई में कीर्तन करते हुए धाम पहुंचा पहला जत्था

### बुजुर्ग, बच्चे व बीमार यात्रा से करें परहेज

ट्रस्ट के अध्यक्ष सरदार नरेन्द्रजीत सिंह बिंद्रा ने कहा कि हेमकुंड साहिब में बर्फ काफी अधिक है, इसलिए बुजुर्ग, छोटे बच्चे व बीमार व्यक्ति कुछ समय के लिए यात्रा पर आने से परहेज करें। सरकार की ओर से दिशा निर्देश जारी किए गए हैं कि यू-ट्यूबर व ब्लॉगर धार्मिक स्थलों पर वीडियोग्राफी या रील्स न बनाएं। ऐसा करने पर उनके खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है।

कुदरत | मैगलगंज से 16 किमी दूर गांव धोबिया में स्थित है तपोवन सिद्धाश्रम

# गोमती को जीवन दे रहे तपोवन के प्राकृतिक जलस्रोत

विकास शुक्ल, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** आम तौर पर मैदानी इलाके में प्राकृतिक जल स्रोत होने की कल्पना नहीं की जा सकती, लेकिन खीरी जनपद की सीमा पर हरदोई जिले में स्थित पिहानी अंतर्गत ग्राम पंचायत धोबिया के तपोवन सिद्धाश्रम में एक-दो नहीं, दर्जनों प्राकृतिक जलस्रोत न सिर्फ यहां की रमणीयता को बढ़ाते हैं बल्कि पास से निकली गोमती नदी को जीवनदान दे रहे हैं। गुलाब जामुन के लिए मशहूर कस्बा मैगलगंज से 16 किलोमीटर दूर दक्षिण दिशा में स्थित बियाबान जंगल में यह आश्रम स्थित है। आश्रम को सिद्ध पुरुष स्वामी तारेश्वरानंद (नेपाली बाबा) ने बनाया था। वर्तमान में उनके शिष्य स्वामी नारायणानंद यहां के महंत हैं, जिनकी देखरेख में मंदिर का जीर्णोद्धार कराया जा रहा है।

महंत के बुलावे पर वर्ष 2018 में यहां आए तत्कालीन डीएम पुलकित खरे ने अनेक जलस्रोत देखे तो बहुत प्रभावित हुए। उन्होंने सबसे बड़े जल स्रोत के सौंदर्यीकरण और उसे पर्यटन के लिहाज से बनाने के लिए अभियंताओं की टीम बनाई। उनके प्रयास से 17 अगस्त 2019 में प्राकृतिक जलस्रोत का सौंदर्यीकरण हो गया, जिसका उन्होंने लोकार्पण किया। प्राकृतिक जलस्रोत के चारो ओर सजावटी पत्थर लगाकर आकर्षक कुंड बनवा दिए। जलस्रोत के कुंड को अलग कर दिया ताकि उसे नुकसान न पहुंचे। पुलकित खरे ने तपोवन के सिद्ध आश्रम में क्षीर सागर, शांति कुटी, पर्यटन विश्राम स्थल, सत्संग स्थल सहित कई मूर्तियों और बैठने के लिए बेंच बनवाए।



तपोवन सिद्धाश्रम में स्थित प्राकृतिक जलस्रोत में मस्ती करते युवा और बच्चे।

### तपोवन का कोई विकल्प नहीं : सीतापुरी

चपरतला खीरी की स्वयंसेवी संस्था सेवा सदन की ओर से सुशील सीतापुरी के संयोजन में 'मैं तुम्हारी गोमती हूं अभियान' की शुरुआत दिसंबर 2019 से की गई। अभियान का उद्देश्य गोमती की सांस्कृतिक विरासत का सर्वेक्षण और संकलन करना है। उनका निष्कर्ष है कि धोबिया के प्राकृतिक जल स्रोत ही गोमती के लिए 'वरदान' हैं। प्राकृतिक जल स्रोतों के मामले में तपोवन (धोबिया) का कोई विकल्प नहीं है।



## हाईकोर्ट का जज बताकर जिला जज से 50 हजार ठगे

**मुंबई।** महाराष्ट्र में साइबर जालसाज ने हाईकोर्ट का जज बताकर सोलापुर के जिला जज से 50 हजार रुपये ठग लिए। पुलिस ने शनिवार को बताया कि ठग ने बम्बई हाईकोर्ट के एक न्यायाधीश की तस्वीर को व्हाट्सएप डीपी के रूप में प्रयोग किया था। पुलिस ने शुक्रवार को हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की। शिकायत अनुसार जिला जज को शुक्रवार को एक व्हाट्सएप संदेश मिला था, जिसमें डीपी पर हाईकोर्ट के जज की तस्वीर थी। जिला जज हाईकोर्ट के जज से परिचित थे और संदेश भेजने वाले ने 50 हजार रुपये मांगे थे। बिना जांच किए जिला जज ने पैसा भेज दिए, लेकिन उन्हें एक और संदेश मिला, जिसमें और पैसे मांगे गए थे। इस पर जिला जज को संदेह हुआ।

# देव डोली लेकर चले गायक जुबिन

● मनौती के लिए 60 किलोमीटर की पैदल यात्रा पर निकले

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचारः** बॉलीवुड सिंगर जुबिन नौटियाल इन दिनों धार्मिक यात्रा पर हैं। जुबिन के परिवार ने देव डोली यात्रा निकाली है, जिसमें वह बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं। देव डोली यात्रा शनिवार सुबह उनके पैतृक गांव क्यारी के लिए रवाना हुई है।

तीन देवताओं चूड़ेश्वर, शिलगुर और बिजट महाराज की डोलियां और श्रद्धालुओं ने बैराटखाई में शुक्रवार रात विश्राम किया। शनिवार सुबह पूजन-अर्चन के बाद जुबिन और उनके पिता पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रामशरण नौटियाल ने देवताओं की पिटारियों को पीठ पर रखकर यात्रा शुरू की। सिमोग मंदिर से क्यारी गांव तक 60 किमी की यह यात्रा है।

जुबिन ने कहा कि यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि पहली बार तीन देवता हमारे घर आ रहे हैं। जुबिन के पिता ने कहा कि तीनों देव डोलियां आज हमारे गांव के लिए प्रस्थान कर रही हैं। हम ईष्टदेव से प्रार्थना करते हैं कि हमारा गांव, कुटुंब तमाम पूरा क्षेत्र सब की खुशहाल रहे, हमारी यह मन्नत भगवान पूरी करें, यही हमारी प्रार्थना है। 15 साल से हम लोगों ने मन्नत मानी थी कि हम देव डोलियों को लेकर जाएंगे, जो आज संभव हो पाया है।



देव डोली यात्रा पर निकले बॉलीवुड सिंगर जुबिन नौटियाल।

## एक नजर

### पत्रकारिता दिवस पर मुक्त विवि में होगी संगोष्ठी

हल्द्वानी : यूओयू की पत्रकारिता एवं मीडिया अध्ययन विद्याशाखा की ओर से हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर 28 मई को एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की जा रही है। इसका विषय 'विकसित भारत @2047 का संकल्प और न्यू मीडिया : हिंदी पत्रकारिता के विशेष संदर्भ में' है। शनिवार को गोष्ठी की तैयारियों को लेकर अकादमिक निदेशक प्रो. पीडी पंत की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। पत्रकारिता एवं मीडिया अध्ययन विद्याशाखा के अध्यक्ष एवं आयोजन सचिव डॉ. राकेश रयाल ने बताया कि प्रत्येक वर्ष 30 मई को हिंदी पत्रकारिता दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष हिंदी पत्रकारिता के 198 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। पत्रकारिता एवं मीडिया विभाग एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन कर रहा है। संगोष्ठी में माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विवि भोपाल के कुलपति प्रो. केजी सुरेश बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग करेंगे।

### आर्य समाज हल्द्वानी के 133वें वार्षिकोत्सव में दूसरे दिन भी हुए कई कार्यक्रम, स्कूली बच्चों ने प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया

# बिखरते परिवार समाज के लिए घातक: डॉ. वेदपाल

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** आर्य समाज हल्द्वानी के 133वें वार्षिकोत्सव के द्वितीय दिन भी प्रवचन, भजन व यज्ञ-हवन हुए। स्कूली बच्चों ने वाद विवाद प्रतियोगिता में हिस्सा लिया।

शनिवार को केमू बस अड्डा स्थित आर्य समाज भवन में कार्यक्रम में अजमेर से पहुंचे वक्ता डॉ. वेदपाल आचार्य ने कहा कि जिस भारतवर्ष ने विश्व को परिवार रूपी संस्था दी, वर्तमान में उसी देश में बड़े स्तर पर परिवार बिखर रहे हैं। परस्पर प्रेम व समर्पण के अभाव में यह दशा बनी है। परिवार के नाम पर केवल पति-पत्नी व बच्चे और वो भी विवाह होने तक ही रह गए हैं, विवाह होते ही माता-पिता से अलग रहने की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है क्योंकि अपनी स्वच्छन्दता में किसी बड़े का हस्तक्षेप स्वीकार नहीं है। यह प्रवृत्ति परिवार को बिखेर रही है। परिवार वह होता है जहां जन्म देने वाले माता-पिता व नए जन्म लेने वाले पोते-पोतियां साथ रहते हों। इससे पूर्व कार्यक्रम में छह वेदियों पर पच्चीस जोड़ों ने यजमान बनकर हवन किया। यज्ञ के ब्रह्मा डॉ. वेदपाल व यज्ञाचार्य प्रो. विनय विद्यालंकार व विनोद आर्य रहे। यजमान के रूप में डॉ. विनय खुल्लर- ममता खुल्लर, हरीशचंद्र पन्त, सीए नीरज शारदा, अनुजकांत खंडेलवाल, अविनाश सेठी, शोभित वर्मा, विनोद आर्य, सत्यपाल अरोड़ा, मेधावी खंडेलवाल, सोबरन शर्मा, नवीनचंद्र, रविकान्त माहेश्वरी, सुदेश जायसवाल, नवीन थरेजा, मोहन योगी, सुरेश तिवारी, कैप्टन प्रकाश जोशी, मुनेश आर्य सपत्नीक यजमान बने।

यज्ञ के बाद अमृतसर पंजाब से पधारे दिनेश पथिक ने भक्तिपूर्ण भजन पेश किए। स्कूली बच्चों ने वाद विवाद प्रतियोगिता भी हिस्सा लिया। इसमें डीएवी स्कूल की आरोही पन्त प्रथम एवं दिशा उपाध्याय द्वितीय, क्वीन्स पब्लिक स्कूल की टीना कोरंगा तृतीय व पंकज जोशी ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।



संबोधित करते डॉ. वेदपाल आचार्य।



आर्य समाज हल्द्वानी में वार्षिकोत्सव सम्मेलन में बोलती छात्रा। ● अमृत विचार

# नलकूप खराब, सूखे हलक, सिंचाई के बिना खेती प्रभावित

### बागजाला, हिम्मतपुर नखेल, खेड़ा व दमुवाढूंगा में दिक्कत, एक नलकूप खराब होने से तीन हजार से अधिक आबादी को हो रही परेशानी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** भीषण गर्मी में नलकूप खराब होने से ग्रामीण इलाकों में लोगों के हलक सूख रहे हैं। वहीं खेतों में सिंचाई के लिए कृषकों को पानी भी नहीं मिल पा रहा है। इसके चलते हरी सब्जियों की फसल सूख रही है।

गौलापार इलाके में स्थित बागजाला, हिम्मतपुर नखेल और खेड़ा में 3 नलकूप बीते कई दिनों से खराब हैं। एक नलकूप पर करीब 3 हजार की आबादी निर्भर रहती है। ऐसे में एक साथ तीन नलकूप खराब होने से हजारों की आबादी के सामने पेयजल का संकट बना हुआ है। जबकि दमुवाढूंगा स्थित शाह फार्म में जल संस्थान का नलकूप खराब चल रहा जिसे अभी तक ठीक नहीं किया गया है। इधर गौलापार के नलकूपों से सिंचाई को भी पानी जाता है। लेकिन नलकूप खराब होने से इलाके के किसानों के सामने खेती की सिंचाई का भी संकट खड़ा हो गया है। नलकूप खंड के ईई अंचित रमन ने बताया कि गौलापार में जो नलकूप खराब हैं उनकी मरम्मत करने में अभी 3 से 4 दिन का समय और लग जाएगा।



लो-वोल्टेज को लेकर प्रदर्शन करते जज फार्म के लोग। ● अमृत विचार

### पाइप लाइन नहीं बिछी तो करेंगे जलसंस्थान दफ्तर में तालाबंदी

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** राजेंद्र नगर के वाल्मीकि मंदिर व नाले के आसपास इलाके में करीब 200 परिवार पानी की समस्या बीते कई दिनों से त्रस्त हैं। बीते शुक्रवार को लोगों ने जल संस्थान के खिलाफ खाली बाल्टी लेकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया था। अधिकारियों को चेतावनी दी थी कि जल्द ही समस्या का हल नहीं निकला तो विभाग के खिलाफ उग्र आंदोलन किया जाएगा। शनिवार को सामाजिक कार्यकर्ता हेमंत साहू ने बताया कि 48 घंटे के अंदर इन इलाकों की समस्या दूर करने के लिए पेयजल लाइन बिछाने का कार्य शुरू नहीं किया गया तो जल संस्थान कार्यालय में तालाबंदी की जाएगी।

### गौला बैराज का जलस्तर 57 क्यूसेक रिकार्ड

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** गौला बैराज का जलस्तर शनिवार को 57 क्यूसेक रिकार्ड किया गया है। लगातार गौला नदी के घटते जलस्तर सिंचाई विभाग के लिए चिंता का विषय बन रहा है। ऐसे में अब मानसून पर ही उम्मीद टिकी हुई है, जिससे गौला नदी के जलस्तर में वृद्धि हो सके। बीते 5 से 6 दिनों के बीच गौला नदी का जलस्तर में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। घटते जलस्तर के चलते पेयजल व सिंचाई का संकट भी खड़ा हो रहा है। आने वाले दिनों में बारिश नहीं हुई तो जल संस्थान के फिल्टर प्लांट को पानी मिलना भी मुश्किल हो जाएगा। इधर गौला बैराज के इंजार्ज मनोज तिवारी ने बताया कि गर्मी में वृद्धि के चलते गौला नदी के जलस्तर में लगातार गिरावट आ रही है। आने वाले दिनों में बारिश नहीं हुई तो पानी का संकट पैदा हो सकता है।

# जज फार्म में लो वोल्टेज से भड़के लोग, नोकझोंक

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** शहर के जज फार्म इलाके में स्थित रूपनगर व आसपास क्षेत्र के करीब 150 परिवार लो वोल्टेज की समस्या झेल रहे हैं। जिसके चलते लोगों के सामने दिक्कत बनी हुई है। शनिवार को स्थानीय लोगों का गुस्सा भड़क गया।

इस दौरान क्षेत्र में पहुंचे एसडीओ के समक्ष लोगों ने आक्रोश जताया। गुस्साए लोगों की एसडीओ से नोकझोंक भी हुई। लोगों ने बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की।

स्थानीय लोगों के मुताबिक बीते 10 दिनों से क्षेत्र में लो वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। भीषण गर्मी में लो वोल्टेज के चलते कूलर व पंखे काम नहीं कर रहे हैं। जिसके चलते लोगों को गर्मी में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसकी शिकायत बिजली विभाग के जिम्मेदारों से की गई है लेकिन समस्या का हल नहीं निकल पाया है।

आक्रोशित लोगों ने बिजली विभाग के एसडीओ से जमकर नोकझोंक करते हुए चेतावनी दी की 1-2 दिनों के अंदर इलाके में लो वोल्टेज की समस्या दूर नहीं हुई तो विभाग के खिलाफ उग्र आंदोलन छेड़ने को मजबूर होंगे। इस मौके पर अतुल जोशी, किरन पंत, बीना पंत, हरीश चंद्र पांडेय, कमला कोठियाल, बीसी पंत, प्रेमा कांडपाल समेत कई लोग प्रदर्शन के दौरान मौजूद रहे।

**रोष**

- बीते 10 दिनों से करीब 150 परिवार झेल रहे लो वोल्टेज की समस्या
- बिजली विभाग में शिकायत करने के बाद भी नहीं हुआ समस्या का हल

### माल रोड के नाला नम्बर पांच से झील में समा रहा सीवर

**नैनीताल, अमृत विचार :** नैनीझील में सीवर समाने का सिलसिला नहीं रुक पा रहा है। अब मालरोड में नाला नम्बर पांच से झील में सीवर का पानी समाने लगा है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि एक होटल की सीवर लाइन में दिक्कत आने के कारण सीवर झील में जा रहा है।

बता दें कि बीते एक महीने से नैनीझील में लगातार सीवर का पानी जाने से झील का पानी दूषित हो रहा है। बीते दिनों ट्राली स्टेशन के समीप सीवर लाइन में दिक्कत होने के चलते बोटहाउस क्लब के बगल के नाले से झील में भारी मात्रा में सीवर समाता रहा, जिसके ठीक होने के बाद नयना देवी मंदिर के समीपवर्ती नाले से झील में सीवर समाने का मामला सामने आया। इधर शनिवार को अब मालरोड में नाला संख्या पांच से भारी मात्रा में सीवर झील में समा रहा है।

# अगर ई-केवाईसी नहीं कराई तो नहीं मिलेगी कुकिंग गैस

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** यदि आपने भी ई-केवाईसी नहीं कराई है तो जल्द करा लीजिए वरना गैस सिलेंडर नहीं मिलेगा। अब गैस उपभोक्ताओं के लिए भी ई-केवाईसी कराना अनिवार्य हो गया है।

वर्तमान में कई रसोई गैस उपभोक्ताओं ने ई-केवाईसी नहीं कराई है। उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को आगामी 31 मई तक ई-केवाईसी करानी है, जबकि अन्य के लिए अभी समय सीमा तय नहीं की गई है। इंडेन गैस एजेंसी के प्रबंधक भरत सिंह खाती ने बताया कि इस संबंध में उपभोक्ताओं को सूचित किया गया है। लोग प्रतिदिन ई-केवाईसी कराने आ रहे हैं।

इंडेन गैस एजेंसी के शहर में उज्ज्वला योजना के तहत 700 कनेक्शन हैं, जिनमें से अब तक 500 लोगों की ही ई-केवाईसी हो पाई है। इसी तरह भारत गैस एजेंसी के उज्ज्वला योजना के तहत 2970 कनेक्शन हैं, जिनमें से 563 लोगों ने अब तक ई-केवाईसी नहीं करवाई है। सामान्य उपभोक्ताओं में से भी बहुतों ने ई-केवाईसी नहीं करवाई है। इंडेन में 21 हजार कनेक्शन में से महज दो हजार लोगों की ई-केवाईसी हुई है।

भारत गैस एजेंसी में 29 हजार उपभोक्ताओं में से 21 हजार से अधिक ने अब तक ई-केवाईसी नहीं कराई है। भारत गैस के प्रबंधक सुनील चौधरी ने बताया कि लोगों को मोबाइल मैसेज व डिलिवरी बॉय के माध्यम से इस संबंध में जानकारी दी जा रही है।

### न्याय पंचायत स्तर पर होगी ई-केवाईसी



रसोई गैस उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी के संबंध में खाद्य व आपूर्ति विभाग के कुमाऊं मंडल उपायुक्त विपिन कुमार ने जिले के गैस एजेंसियों के प्रबंधकों से शनिवार को रामपुर रोड स्थित कार्यालय में बैठक की, जिसमें उन्होंने न्याय पंचायत स्तर पर कैंप लगाकर उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी करने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने गैस प्रबंधकों को गैस वितरित करने वाले कर्मचारियों के माध्यम से उपभोक्ताओं के ई-केवाईसी कराने के निर्देश दिए। बैठक में क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी दिव्या पांडे, विजय जोशी, चित्रा रौतेला व पूर्ति निरीक्षक और गैस एजेंसियों के प्रबंधक मौजूद रहे।

### एफआईआर की कॉपी मोहल्ले में चस्पा करने पर दो पक्षों में मारपीट

**रामनगर, अमृत विचार :** अपने प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ दर्ज मुकदमे की एफआईआर की प्रतियां मोहल्ले में चस्पा करने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। एक पक्ष के विजय कुमार पुत्र गिरीश राम निवासी ग्राम बसई ने दूसरे पक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह घर के बाहर खड़ा था। इसी दौरान कृष्ण कान्त आनन्द उर्फ केके आनन्द की ओर से उसके खिलाफ झूठी एफआईआर दर्ज करवा कर उसकी प्रतियां घर के बाहर दीवार पर तथा मोहल्ले में बिजली के खम्भों पर चस्पा कर दीं। घर के बाहर फोटो कापी चिपकाने के लिए मना किया तो केके आनन्द ने गाली गलौच कर उसके पिता के ऊपर जानलेवा हमला कर दिया। इस दौरान केके की ओर से पिता पर बंदूक से दो बार फायरिंग कर पिता व परिवार को जान से मारने की धमकी दी।

### प्रयोगशाला सहायक की परीक्षा आज

**हल्द्वानी :** सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी ने बताया कि लोकसेवा आयोग की ओर से रविवार को समूह-ग के अंतर्गत प्रयोगशाला सहायक, विधि विज्ञान प्रयोगशाला की परीक्षा आयोजित कराई जाएगी। इसके लिए शहर में गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल, खाला राष्ट्रीय बालिका इंटर कॉलेज और क्वीन्स पब्लिक स्कूल में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा केंद्र के चारों तरफ 200 मीटर परिधि में धारा-144 लागू की जाती है।


प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)



प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ ह्यूमनटीज एण्ड जर्नलिज्म
• बी.ए. (जर्नलिज्म) • एम.ए. (मास कम्युनिकेशन)
• बी.ए. (मास कम्युनिकेशन) • एम.ए. (अंग्रेजी)
• एम.ए. (जर्नलिज्म) • एम.ए. (मनोविज्ञान)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• बी.कॉम. (ऑनर्स) • एम.कॉम.
• बी.बी.ए. (फाइनेन्स एण्ड टेक्सेशन) • एम.बी.ए.
• बी.सी.ए. (आई.टी. एंड मल्टीमीडिया)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) श्री अतुल बाबू (7409998289)



SAHAS Homeo Homeopathic Clinic & Medical Store
साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक
जर्मन तथा सभी प्रकार के होम्योपैथिक व बायोकैमिक दवाईयों के विक्रेता
कुमाऊँ की सबसे पुरानी दुकान
30 वर्षों का भरोसा
होम्योपैथी के जरिये पाएं अपनी बीमारियों का इलाज
डॉ. यश पाण्डेय्
होम्योपैथिक फिजिशियन
बी.एच.एम.एस., जयपुर
चर्म रोग | गुर्दा रोग | पेट रोग | गुदा रोग | लिवर सम्बन्धी रोग
Call for Appointment 9456727473 9410514531
अन्य रोग • स्पॉन्डिलाइटिस • श्वास रोग • मोटापा • दमा • प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस
बच्चों के रोग • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी • जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना
शनिवार अवकाश
साहस होम्यो क्लीनिक
निकट गुरुद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी



॥श्रीः॥
विश्वप्रांगण महाराष्ट्रीयन आयुर्वेद एवं पंचकर्म चिकित्सालय
CELEBRATING 10 Years ANNIVERSARY 2ND FEB 2023 SVP Ayurveda Clinic
उपलब्ध चिकित्सक
नाड़ी वैद्य राहुल गुप्ता (BAMS, MD)
वैद्य अंकिता गुप्ता (BAMS, MS)
उपलब्ध चिकित्सा
अल्सरेटिव कोलाइटिस, स्ट्रिक्चर यूरेथरा/किडनी रोग, नेत्र रोग, सफेद दाग, स्पाइनल समस्याएँ, बालों की समस्या, पाचन समस्याएँ, पोस्ट कोविड समस्याएँ, सर्दी खाँसी-दमा, सोरायसिस, थाइरायड समस्या, माइग्रेन/मानसिक रोग, स्पोर्ट्स इंजरी, इन्फर्टिलिटी, बच्चों के रोग, गॉल ब्लैडर स्टोन, सौंदर्य समस्याएँ, स्त्री रोग
सुविधायें
पंचकर्म
नाड़ि परीक्षण, गर्भ संस्कार, लीच थैरेपी, नेत्र तर्पण, उत्तर बस्ती, शिरोधारा, स्वर्ण प्राशन, पत्र पोट्टलि, अग्निकर्म
Google TOP RATED
7895372936
05946-222577
शनिवार पूर्ण अवकाश
मुखानी चौराहा, शिव मंदिर के पास, हल्द्वानी (उत्तराखण्ड)
For Online Consultation svpayurvedaclinic.com



जोशी क्लीनिक
डॉ. संजय जोशी
B.A.M.S. (Lko)
N.D.D.Y.
C.K.S., C.Y.P.
वरिष्ठ आयुर्वेदिक फिजीशियन (उदर एवं गुदा रोग विशेषज्ञ)
1. विशेषज्ञ चिकित्सा
पाइल्स (बवासीर)
फिस्चुला (भगंदर)
फिशर एवं पाइलोनिडल साइनस का इलाज विश्व प्रसिद्ध आयुर्वेदिक क्षार-सूत्र चिकित्सा द्वारा
2. आयुर्वेदिक रक्तमोक्षण चिकित्सा Leech Therapy (जलोका)
Cupping Therapy
रोग : सोरायसिस, चर्म रोग, जोड़ों के दर्द, माइग्रेन, वैरीकोज वेन, बालों का झड़ना, शरीर की गाँठ, न भरने वाले घाव
समय
प्रात: 10 बजे से 2 बजे तक
सायं 5:30 बजे से 8 बजे तक
शनिवार अवकाश
BOOK APPOINTMENT
Scan QR Code for More Details
कुसुमखेड़ा निकट गैस गोदाम तिराहा, कालाढूंगी रोड हल्द्वानी (उत्तराखण्ड)
M : 9412958478

# 10 स्थानों पर बनेगी पार्किंग, श्रद्धालुओं के लिए फुटपाथ

## डीएम वंदना ने 15 जून को प्रस्तावित मेले को लेकर किया स्थलीय निरीक्षण, मेले को सफल बनाने को लेकर अफसरों को दिए निर्देश

**तैयारी**

- ट्रैफिक प्लान पर चर्चा कर अस्थाई पार्किंग स्थलों को देखा
- मस्जिद के पास बन रही अस्थाई पार्किंग को जल्द बनाने के निर्देश

**15** जून को कैंची धाम में लगने वाले मेले को लेकर प्रशासन ने मंदिर समिति के साथ की बैठक

**01** से 20 जून तक मंदिर, सड़क और शिप्रा नदी में विशेष सफाई अभियान चलाने के निर्देश



भवाली में कैंची धाम में मेले की तैयारियों को लेकर अधिकारियों से जानकारी लेतीं डीएम वंदना। ● अमृत विचार

ब्यूरो, भवाली

**अमृत विचार :** नैनीताल डीएम वंदना सिंह ने शनिवार को आगामी 15 जून को कैंचीधाम में प्रस्तावित मेले को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों व मंदिर समिति पदाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने जाम के झाम से बचाव के लिए ट्रैफिक प्लान पर चर्चा की और अस्थाई पार्किंग स्थलों का निरीक्षण किया।

डीएम वंदना सिंह ने सबसे पहले नैनी बैंड से सैनिटोरियम बाइपास का निरीक्षण किया। उन्होंने कैंची मेले से पहले इस सड़क को सुचारू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस सड़क को अस्थाई पार्किंग के साथ ही जाम की स्थिति बनने पर बाईपास से छोटे वाहनों की आवाजाही की जा सकती है। फिर उन्होंने मस्जिद के समीप बन रही अस्थाई पार्किंग को जल्द निर्माण करने के लिए कहा। इसके लिए उन्होंने हल्द्वानी एसडीएम परितोष वर्मा को नोडल अधिकारी नामित किया। यहां के बाद उन्होंने परिवहन निगम की पार्किंग का निरीक्षण किया। उन्होंने पर्यटकों की सहूलियत के लिए सभी पार्किंग स्थलों पर साइन बोर्ड, लाइट्स वगैरह लगाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद उन्होंने कैंचीधाम धाम परिसर में पदाधिकारियों के साथ वार्ता की। इस बीच ट्रस्ट के सचिव आलोक चोपड़ा और प्रबंधक प्रदीप साह ने बताया श्रद्धालु मनाही के बाद भी शिप्रा नदी में स्नान और कपड़े धोने का काम कर रहे हैं। नदी किनारे की वन भूमि पर तेजी से अतिक्रमण हो रहा है। इससे श्रद्धालुओं के साथ ही आम जन को दिक्कतें हो रही हैं। इस पर डीएम ने नदी में जाने में पूरी तरह से रोक लगाने और चालानी कार्रवाई के निर्देश दिए। वन भूमि को अतिक्रमण से बचाने के लिए तारबाड़ करने को कहा। दीर्घकालीन योजना के तहत इस स्थान को अमृत सरोवर में विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कैंचीधाम की पार्किंग से मंदिर गेट तक अस्थाई पैदल मार्ग/फुटपाथ बनाने के निर्देश दिए जिससे पैदल चलने में भी भक्तों को परेशानी न हो और यातायात सुचारू रहे।

मेले से एक दिन पूर्व से ही बिजली आपूर्ति सुचारू रखने, जल संस्थान को पानी के लिए टैंकर देने व नगर पालिका को मोबाइल शौचालय उपलब्ध कराने को कहा। साथ ही एनएच अधिकारियों को सड़कों के किनारे पिरुल हटाने और नगर पालिका और जिला पंचायत के अधिकारियों को 1 जून से 20 जून तक मंदिर, सड़क और शिप्रा नदी में विशेष सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए। इस दौरान एसएसपी पीएन मीणा, निवर्तमान पालिका अध्यक्ष संजय वर्मा, प्रशांत जोशी आदि मौजूद रहे।

### जिम्मेदारियों के लिए नोडल अधिकारी हुए नामित

जिला प्रशासन ने 15 जून के मेले को शांतिपूर्ण और बुनियादी इंतजाम पूरा करने के लिए नोडल अधिकारी नामित किए गए हैं। इसमें हल्द्वानी एसडीएम परितोष वर्मा को शटल सेवा, कोश्याकुटोली एसडीएम विपिन पंत को पार्किंग-मार्ग पर अन्य व्यवस्थाएं, एसडीएम तुषार सैनी को मंदिर परिसर में विभागीय समन्वय कर बिजली-पानी, चिकित्सा आदि व्यवस्थाएं, आरटीओ प्रवर्तन नंदकिशोर को परिवहन और शटल सेवा का नोडल बनाया है। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को 1 और 2 जून को मेले से पूर्व तैयारियों की रिहर्सल करने के निर्देश दिए।

### जिस दिन होगा मेला, उस दिन बनेंगीं कई पार्किंग

डीएम ने बताया कि 15 जनू को मेले के दिन भवाली इंटर कॉलेज और जल संस्थान परिसर में दो पहिया वाहनों की पार्किंग की जाएगी। मेन चौराहे के पास वाली पार्किंग, रानीखेत रोड, पेट्रोल पंप, खेल मैदान, मस्जिद के पास, परिवहन निगम की पार्किंग और सेनिटोरियम के दोनों बाईपास को पार्किंग के लिए प्रयोग किया जाएगा।




# साहब... कैंची धाम मार्ग पर रोज लग रहा जाम



सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी को ज्ञापन सौंपते व्यापारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने कैंचीधाम में लगने वाले जाम से निजात दिलाने के लिए ज्ञापन सौंपा। चेतावनी दी कि यदि जल्द ही जाम के झाम से निजात के लिए ठोस कदम नहीं उठाए गए तो आंदोलन किया जाएगा।

शनिवार को जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता के नेतृत्व में व्यापारी सिटी मजिस्ट्रेट कोर्ट पहुंचे। यहां उन्होंने सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी को ज्ञापन सौंपकर कहा कि रानीबाग-भीमताल-भवाली-कैंचीधाम मोटर मार्ग पर रोजाना 4-5 घंटे तक जाम लग रहा है। पर्यटकों के साथ ही स्थानीय लोगों को भी जाम के झाम से जूझना पड़ रहा है। खासकर भीमताल, भवाली, गरमपानी, खैरना, अल्मोड़ा, रानीखेत, बागेश्वर, पिथौरागढ़, थल, बेरीनाग, डीडीहाट के व्यापारियों व यात्रियों को खासी दिक्कत हो रही है। रोजाना घंटों के जाम में फंसने से कई व्यापारिक समस्याएं हो रही हैं। उन्होंने प्रशासन से इस जाम से निजात दिलाने की मांग की है। इस दौरान जिला महामंत्री हर्षवर्धन पांडे, महानगर अध्यक्ष योगेश शर्मा, महानगर महामंत्री मनोज जायसवाल आदि मौजूद रहे।

# सांड से टकराकर मोटरसाइकिल सवार सिडकुल कर्मी की हुई मौत

**हादसा**

- बेलबाबा के पास हुआ हादसा, दूर तक रगड़ता गया बाइक सवार
- डॉक्टरों ने किया मृत घोषित, तीन बहनों का इकलौता भाई था

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** शुक्रवार शाम बेलबाबा के पास रुद्रपुर से हल्द्वानी आ रहे सिडकुल कर्मी की बाइक आवारा सांड से टकरा गई। हादसे में कर्मचारी की मौत हो गई।

हैड़ागज्जर गोरापड़ाव निवासी कुंदन सिंह बिष्ट उर्फ कमल (31) पुत्र चंदन सिंह रुद्रपुर के सिडकुल में एक कंपनी में नौकरी करता था। वह अपनी बाइक से कंपनी में रोजाना आना-जाना करता था। शुक्रवार शाम को वह कंपनी में काम करके अपनी बाइक से हल्द्वानी की ओर आ रहा था। जैसे ही वह बेलबाबा के पास पहुंचा तभी एक सांड दौड़ता हुआ सड़क पर आ गया। कुंदन खुद को बचा पाता, उससे पहले ही वह बाइक समेत सांड से टकरा गया। हादसे में कुंदन बाइक समेत सड़क पर काफी दूर तक रगड़ता चला गया और उसके पूरे शरीर में चोटें आ गईं। राहगीरों ने कुंदन को किसी तरह डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद उसका शव पुलिस ने परिजनों को सौंप दिया है।

### दो साल पहले हुई थी कुंदन की शादी

**हल्द्वानी :** कुंदन के परिवार में उसके माता-पिता, उसकी पत्नी और छह माह का बेटा है। उसकी तीन बहनों की शादी हो चुकी है। कुंदन की शादी भी दो साल पहले ही हुई थी। कुंदन की पत्नी भी प्राइवेट नौकरी करती हैं। कुंदन के पिता चंदन बिष्ट डिबेर में नौकरी करते थे और सेवानिवृत्त हो चुके थे। कुंदन की मौत की वजह से पूरा परिवार सदमे में है।

### एक के बाद हो रहे लावारिस जानवरों से हादसे

**हल्द्वानी :** नगर निगम के दावों के बाद भी शहर में लावारिस जानवरों की समस्या बनी हुई है। पिछले 10 माह में कई बार लावारिस जानवर की वजह से लोग मौत के मुंह में जा चुके हैं।

# अतिक्रमण हटवाने के लिए भेजा पत्र

**हल्द्वानी, अमृत विचार:** राजकीय मेडिकल कॉलेज के अधीन डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय अस्पताल, स्वामी राम कैंसर संस्थान और मेडिकल कॉलेज परिसर के आसपास हुए अतिक्रमण को हटाने के लिए प्राचार्य ने फिर से नगर आयुक्त को पत्र लिखा है।

प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी ने नगर आयुक्त विशाल मिश्रा को पत्र भेज लिखा कि मेडिकल कॉलेज और उसके अधीन अस्पतालों के पास फल स्टॉल, चाय स्टॉल, फोटो स्टेट, भोजन स्टॉल लगाकर अतिक्रमण किया गया है। अतिक्रमण हटाने के लिए कहा है लेकिन उन्होंने इसे नहीं हटाया है। प्राचार्य ने नगर आयुक्त अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। उल्लेखनीय है कि अस्पतालों के आसपास अवैध ऑटो स्टैंड तक बन गए हैं। साथ ही अतिक्रमण की वजह से एसटीएच के पास जाम रहता है।

# दावे बड़े-बड़े, चौराहा एक भी ठीक नहीं कर सके

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** लोक निर्माण विभाग ने हल्द्वानी में 13 चौराहों का चौड़ीकरण करने का काम शुरू किया था। करीब पांच माह बीत जाने के बावजूद एक भी चौराहा या तिराहा में काम पूरा नहीं हो पाया है। कुछ जगहों पर अदालती पेच फंस गया तो लोकसभा चुनाव की वजह से भी काम की रफ्तार सुस्त रही।

जनवरी माह में लोनिवि ने शहर में लालडांट तिराहा, रोडवेज स्टेशन के पास, सिंधी चौराहा, कालूसिद्ध चौराहा, कॉलेटैक्स तिराहा, टीपी नगर तिराहा आदि चौराहों और तिराहों को चौड़ीकरण शुरू किया था। प्रशासन और नगर निगम की मदद से चौड़ीकरण की जद में आ रहे अतिक्रमणों को भी तोड़ा गया। करीब एक माह में ज्यादातर सरकारी संपत्तियों को तोड़ दिया हालांकि कई जगह निजी और नगर निगम के किराएदारों की वजह से पेंच फंस गया। प्रभावितों की प्रशासन, लोनिवि और नगर निगम की बैठक भी हुई लेकिन नतीजा नहीं निकला। इसके बाद मामला अदालत में पहुंच गया। अन्य चौराहों पर काम जारी रहा। हालांकि जनवरी के अंतिम सप्ताह में नगर निगम ने मलिक का बगीचा में नमाज स्थल और मदरसे को अतिक्रमण बताते हुए नोटिस जारी कर दिया। 8 फरवरी को दोनों ही निर्माण ढहा दिए गए। उसके बाद हल्द्वानी में कर्फ्यू लग गया। जिस वजह से चौराहों के चौड़ीकरण रुक गया। मामला शांत होने के बाद भी कुछ दिनों के लिए लोनिवि के काम की गति धीमी हो गई। आशंका है कि बनभूलपुरा बवाल के बाद चौड़ीकरण के लिए अतिक्रमण ध्वस्तीकरणरोक दिया था। मार्च में आचार संहिता लागू हो गई। प्रशासनिक अमला और अन्य सरकारी विभाग चुनाव में व्यस्त हो गए। देखते-देखते अब मई भी खत्म होने वाला है लेकिन अभी तक किसी भी चौराहा को चौड़ा करने का काम पूरा नहीं हुआ है। लोनिवि का दावा है कि पंचायत घर चौराहे का काम खत्म होने वाला है।



रामपुर रोड स्थित पंचायत घर चौराहा जिसका चौड़ीकरण प्रस्तावित है। ● अमृत विचार

### कई जगह अभी भी फंसे हैं मामले

**हल्द्वानी :** कालूसिद्ध मंदिर तिराहे को चौड़ा करने के लिए मंदिर को दूसरी जगह बनाना होगा। टीपी नगर तिराहा को चौड़ा करने के लिए बिजली के पोल और ट्रांसफार्मर नहीं हट पाए हैं। अन्य जगह भी विभागीय तालमेल के अभाव में काम अटक गया है।

> जिन चौराहों और तिराहों के चौड़ीकरण के मामले कोर्ट तक पहुंचे हैं, उनमें अभी कोर्ट के फैसले का इंतजार है। बाकी जगहों पर काम प्रगति पर है। जो भी दिक्कतें आ रहीं हैं, उन्हें जल्द ही दूर कर लिया जाएगा।
> **-अशोक कुमार**, अधिशासी अभियंता, लोनिवि, हल्द्वानी

# 'नैनीताल में हाईकोर्ट के लिए राज्य मिलकर लड़ाई लड़ेगा'



जजी कोर्ट स्थित बार भवन में पत्रकारों से वार्ता करते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** नैनीताल हाईकोर्ट बार और हल्द्वानी बार एसोसिएशन ने हाईकोर्ट के स्थानांतरण मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद अपनी आगे की तैयारियों को लेकर पत्रकार वार्ता की। संयुक्त तौर पर जजी कोर्ट सभागार में हुई वार्ता में अधिवक्ताओं ने कहा कि हाईकोर्ट नैनीताल में रहे इसकी लड़ाई पूरे राज्य के अधिवक्ता-आमजन लड़ेंगे। अब लड़ाई पूरी तरह से न्यायिक प्रक्रिया के तहत होगी।

हाईकोर्ट बार के अध्यक्ष अधिवक्ता डीसीएस रावत ने बताया कि हाईकोर्ट स्थानांतरण के लिए मुख्य आधारों में से एक असुविधा बताई गई थी। नैनीताल में पर्यटन सीजन एक माह का ही रहता है जबकि बाकी समय स्थिति ठीक रहती है। ऋषिकेश की बात करें तो वहां चारधाम यात्रा की वजह से करीब चार से पांच माह तक भीड़ रहती है। ऐसे में केवल पर्यटकों की भीड़ वाली बात कहकर हाईकोर्ट को स्थानांतरित किया जाना तर्क संगत नहीं है। 25 जून को इस मामले की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में है। उन्होंने बताया कि सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के लिए लीगल टीम बना रहे हैं। जिसमें पूरे राज्य के अधिवक्ता शामिल होंगे। हल्द्वानी बार के अध्यक्ष किशोर पंत ने कहा कि यह लड़ाई केवल न्यायालय में होगी। राज्य गठन के समय ही राजधानी को गढ़वाल और हाईकोर्ट को नैनीताल में बनाया गया। गढ़वाल के भी कई अधिवक्ता अब नैनीताल में ही बस चुके हैं। वे भी चाहते हैं कि हाईकोर्ट नैनीताल में ही रहे। इस दौरान कुमाऊं और गढ़वाल की बार एसोसिएशन से मिलकर उन्हें साथ लाने को लेकर भी प्रस्ताव रखा गया। इस दौरान सौरभ अधिकारी, मोहन सिंह बिष्ट, सुनील पुंडीर, एमएस कोरंगा, भगवती पलड़िया आदि अधिवक्तागण मौजूद रहे।

### सीडीओ अशोक पांडे चारधाम यात्रा में बने मजिस्ट्रेट

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** शासन ने नैनीताल व ऊधमसिंह नगर जिले में तैनात दो प्रशासनिक अधिकारियों को चारधाम यात्रा में यात्रा मजिस्ट्रेट बनाया है। कार्मिक एवं सतर्कता अनुभाग के संयुक्त सचिव श्याम सिंह ने शनिवार को आदेश जारी कर कहा कि नैनीताल जनपद के मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार पांडेय को चमोली जिले में श्री बद्रीनाथ धाम और ऊधमसिंह नगर में तैनात अपर जिलाधिकारी प्रशासन/नजूल पंकज उपाध्याय को रुद्रप्रयाग जिले में केदारनाथ धाम में यात्रा मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। दोनों अफसर संबंधित जिलों के जिलाधिकारियों के पर्यवेक्षण में काम करेंगे।

# क्रैश बैरियर नहीं रोक सका हादसा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** दोगांव हादसे में जांच में यह बात सामने आ रही है कि घटनास्थल के ठीक सामने जो क्रैश बैरियर लगा था, वह अस्थाई और खराब स्थिति में था। अगर वह ठीक होता तो शायद हादसा नहीं होता।

आरटीओ प्रवर्तन नंद किशोर ने बताया कि सड़क तो चौड़ी थी लेकिन क्रैश बैरियर मजबूत नहीं था। जिससे गाड़ी क्रैश बैरियर को तोड़ते हुए गहरी खाई में जा गिरी।' परिवहन विभाग का फिलहाल कहना है कि अगर क्रैश बैरियर मजबूत होता तो शायद हादसा नहीं होता। गाड़ी बैरियर से टकराकर रुक सकती थी। हालांकि वाहन में क्षमता से अधिक लोगों के बैठे होने की बात भी सामने आ रही है। पर्यटक एक्सयूवी 700 में सवार थे जिसमें कुल 7 सवारियों के बैठने की क्षमता है लेकिन इसमें 12 लोग सवार थे। हैरानी की बात है कि पर्यटक ऋषिकेश-हरिद्वार से होते हुए नैनीताल तक पहुंच गए लेकिन ओवरलोड होने के बाद भी इनके वाहन को कहीं नहीं रोका गया। इससे सीधा पुलिस और परिवहन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठता है। आरटीओ प्रवर्तन नंद किशोर ने बताया कि प्रवर्तन टीमें लगातार चेकिंग अभियान चला रही हैं लेकिन पर्यटन सीजन में नैनीताल रोड पर ट्रैफिक का दबाव बहुत अधिक रहता है जिस कारण प्रत्येक वाहन को रोककर चेकिंग करना संभव नहीं है। उन्होंने बताया कि दुर्घटना की प्रारंभिक जांच की जा रही है।

### विशाल का हुआ पोस्टमार्टम, घायल रेफर

**हल्द्वानी :** दोगांव में हुए सड़क हादसे में विशाल जायसवाल की मौत हो गई थी। उसके शव को पुलिस ने शनिवार को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। साथ ही घायलों के रिश्तेदार और परिजन, उन्हें अस्पताल से रेफर कराकर अपने साथ ले गए। दोगांव सड़क हादसे में कुल 11 लोग घायल हुए और अयोध्या निवासी एक युवक विशाल की मौत हुई थी। विशाल की मां साधना जायसवाल भी हादसे में घायल हुईं थीं। हादसे के शिकार हुए लोग आपस में रिश्तेदार हैं और यूपी के अमेठी, अयोध्या और सुल्तानपुर के रहने वाले हैं। शनिवार सुबह उनके रिश्तेदार हल्द्वानी पहुंच गए। पुलिस ने उनके आने पर विशाल का पोस्टमार्टम करा दिया। विशाल की मौत से सभी लोग बिलखकर रो पड़े। डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल के चिकित्साधिक्षक डॉ. जीएस तितियाल ने बताया कि अस्पताल में हादसे के घायलों का उपचार चल रहा था। सभी की स्थिति सामान्य थी। उनके परिजन सभी घायलों को अस्पताल से रेफर कराकर अपने साथ ले गए।

# 25 हजार श्रमिकों के बनेंगे राशन कार्ड

**हल्द्वानी, अमृत विचार:** जिले में जिन श्रमिकों के राशन कार्ड नहीं बने हैं, अब उनके भी राशन कार्ड बनाए जाएंगे। जिले में करीब 25 हजार श्रमिकों के अब तक राशन कार्ड नहीं बन पाए हैं। जिन श्रमिकों के राशन कार्ड नहीं बन पाए हैं, वह नजदीक के पूर्ति निरीक्षक, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी, खंड विकास कार्यालय व जिला पूर्ति अधिकारी कार्यालय से अपना राशन कार्ड बनवा सकते हैं। नया राशन कार्ड बनाने के लिए परिवार के समस्त सदस्यों के आधार कार्ड, मुखिया की पासपोर्ट साइज फोटो, मुखिया का बैंक एकाउंट नंबर व ई-श्रम कार्ड की छायाप्रति की आवश्यकता होती है। क्षेत्रीय खाद्य व आपूर्ति अधिकारी दिव्या पांडे ने बताया कि श्रम विभाग के श्रमिकों के आंकड़े प्राप्त कर सभी श्रमिकों के जल्द नए राशन कार्ड बनाए जाएंगे।

# कोर्ट ने एसएसपी से मांगी आईओ की रिपोर्ट

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** जानकारी के अनुसार, ग्राम चापड़ मोना थाना भवाली निवासी पीतांबर मिश्रा ने अपने ही गांव के रहने वाले प्रेम प्रकाश को जमीन दो लाख रुपये में बेची थी और उसने सौदे में मिली रकम को पत्नी और बेटे के बैंक खाते में डाल दिया। पीतांबर ने अपनी बेटी ज्योति जोशी के साथ अपने संबंध खत्म कर रखे हैं। जमीन का सौदा होने के बाद ज्योति ने प्रेम प्रकाश और उसके भाई हेमंती नंदन पर छेड़खानी, कपड़े फाड़ने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया। 5 फरवरी 2023 को भवाली पुलिस के जांच अधिकारी ने विवेचना के बाद दोनों भाइयों के विरुद्ध धारा 504 ,506, 354 के अंतर्गत केस दर्ज किया। अभियुक्तों की ओर पैरवी कर रहे अधिवक्ता राजन सिंह मेहरा ने बताया कि प्रस्तुत किए गए सात गवाहों के बयानों में विरोधाभास थे। घटनास्थल की वीडियो को ज्योति जोशी ने न्यायालय में पेश की थी, उसमें उक्त धाराओं की घटना घटित नहीं होना पाया गया। न्यायालय ने शनिवार को निर्णय देते हुए पाया कि उक्त वाद दीवानी प्रवृत्ति का है, इसके बाद भी आईओ ने अभियुक्तों के विरुद्ध गलत आरोप पत्र मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नैनीताल की न्यायालय में प्रेषित किया। कोर्ट ने जांच अधिकारी की विरुद्ध सख्त टिप्पणी करते हुए एसएसपी नैनीताल से इस संबंध में रिपोर्ट भी तलब की है। ने अभियुक्तों को दोष मुक्त करार दिया है।

**ये कैसी सड़क सुरक्षा** — सरकार के तमाम जागरूकता कार्यक्रमों के बावजूद प्रदेश के 10 जिलों में बढ़ीं दुर्घटनाएं, 9 जनपदों में मृतक और 6 जिलों में घायल बढ़े

# प्रदेश में बढ़ा सड़क हादसों का ग्राफ, मृतकों की संख्या भी बढ़ी

पवन नेगी, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए दो साल पूर्व सड़क सुरक्षा समिति का गठन किया गया। समिति दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए जागरूकता, प्रचार-प्रसार और कार्रवाई करने के दावे करती है लेकिन दुर्घटनाओं के आंकड़े इन दावों को फेल कर रहे हैं। प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं का ग्राफ पिछले साल की तुलना में बढ़ा है जिसमें मृतकों और घायलों की संख्या में भी इजाफा हुआ है।

दुर्घटनाओं की बात करें तो प्रदेश में पिथौरागढ़, बागेश्वर, चंपावत, अल्मोड़ा, चमोली, उत्तरकाशी, देहरादून, पौड़ी, हरिद्वार और टिहरी में पिछले साल की तुलना में दुर्घटनाएं बढ़ी हैं। प्रदेश के 10 जिलों में दुर्घटनाएं बढ़ी हैं जिसमें पिथौरागढ़, बागेश्वर, चंपावत, अल्मोड़ा, चमोली, उत्तरकाशी, देहरादून, पौड़ी, हरिद्वार और टिहरी शामिल हैं। पिथौरागढ़ में पिछले साल (जनवरी से अप्रैल तक) 3 दुर्घटनाएं हुईं थी जो बढ़कर इस साल 12 हो गई हैं जिससे यहां सीधे 300 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। बागेश्वर में पिछले साल एक भी दुर्घटना नहीं हुई थी लेकिन इस साल 4 दुर्घटनाएं हुई हैं जिससे यहां 100 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है। चंपावत में पिछले साल 5 दुर्घटनाएं हुईं थी जो बढ़कर इस साल 8 हो गई हैं जिससे 60 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है। दुर्घटनाओं में पौड़ी, अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, बागेश्वर, चमोली, उत्तरकाशी, नैनीताल, देहरादून और हरिद्वार में मृतकों की संख्या बढ़ी है। इसी तरह घायलों के मामले में पिथौरागढ़, टिहरी, बागेश्वर, पौड़ी, हरिद्वार और देहरादून आगे है। प्रदेश के 13 जिलों में पिछले साल 507 दुर्घटनाएं हुई थी जिसमें 309 लोगों की मृत्यु और 446 लोग घायल हुए थे जबकि इस साल कुल 551 दुर्घटनाओं में 327 लोगों की मृत्यु और 426 लोग घायल हुए हैं।

**03** सौ प्रतिशत की वृद्धि हुई पिथौरागढ़ जिले में दुर्घटनाओं में




### नैनीताल और ऊधमसिंह नगर में गिरा ग्राफ

नैनीताल और ऊधमसिंहनगर में दुर्घटनाओं का ग्राफ गिरा है जिससे मृतकों और घायलों की संख्या में भी गिरावट दर्ज की गई है। नैनीताल में पिछले साल हुई 61 दुर्घटनाओं में 30 लोगों की मृत्यु हुई थी और 62 लोग घायल हुए थे। इस साल के आंकड़ों पर नजर डालें तो दुर्घटनाओं में काफी कमी हुई है और घायलों की संख्या भी कम हुई है। जिले में इस साल 43 दुर्घटनाओं में 38 लोगों की मृत्यु हुई है जबकि 17 लोग घायल हुए हैं। इसी तरह ऊधमसिंहनगर में पिछले साल हुई 144 दुर्घटनाओं में 93 लोगों की मृत्यु और 123 लोग घायल हुए थे। यह आंकड़ा इस साल घट गया है जिसमें 129 दुर्घटनाओं में 78 लोगों की मृत्यु और 89 लोग घायल हुए हैं।

### राज्य सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दिए निर्देश

पिछले 2 मई को राज्य सड़क सुरक्षा और अनुश्रवण समिति की बैठक हुई थी जिसमें भविष्य में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में दुर्घटनाओं का विश्लेषण किया गया। देहरादून और हरिद्वार में इस साल जनवरी से मार्च तक दुर्घटनाओं में अप्रत्याशित बढ़ोत्तरी हुई है। इसके लिए दुर्घटनास्थलों की मैपिंग कर कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। शहरी क्षेत्र की तुलना में ग्रामीण क्षेत्रों में दुर्घटनाओं में मृत्यु अधिक हुई हैं जिस पर ध्यान देने के निर्देश दिए गए। लोनिवि ने 200 किमी. से अधिक क्रैश बैरियर बनाए हैं जिस पर सड़क सुरक्षा समितियों को क्रैश बैरियर की गुणवत्ता जांचने के निर्देश दिए हैं।

# पेयजल संकट, जर्जर सड़कें व लो वोल्टेज से लोग परेशान

**लोहरियासाल तल्ला वार्ड 40 का हाल :-** स्ट्रीट लाइटें लगने से राहत लेकिन कई हैं खराब

**जनसंख्या: 05 हजार पांच सौ | मतदाता: 04 हजार दो सौ**

**मुख्य कॉलोनियां :-** आदर्श कॉलोनी, श्री विहार, साकेत कॉलोनी, देवाश्रय कॉलोनी, मधुवन कॉलोनी, वैभव कॉलोनी, रामपथ, केसर कॉलोनी आदि।

वार्ड परिक्रमा

संवाददाता, हल्द्वानी



वार्ड नं 40 में सड़क खोदकर छोड़ दी गई।



वार्ड नं 40 में गूल की सफाई के बाद सड़क पर जमा कचरा।



वार्ड नं 40 में नहर कवरिंग कार्य के चलते बदहाल सड़क। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** लोहरियासाल तल्ला वार्ड 40 में लोग पेयजल और लो वोल्टेज से काफी परेशान हैं। इसके अलावा कई कॉलोनियों की सड़कें टूटी हुई हैं। स्ट्रीट लाइटें लगने से लोग काफी खुश हैं।

हिम्मतपुर मल्ला व लोहरियासाल तल्ला की कई कॉलोनियों में पेयजल की भारी किल्लत है। नलकूप खराब होने पर लोगों की परेशानियां बढ़ जाती हैं। कई कॉलोनियों में कम इंच की पेयजल लाइन बिछाई गई हैं, जिससे लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता है। लोगों ने बताया कि कुछ गलियों में पर्याप्त पानी आता है तो कहीं बूंद नहीं टपकती।

लोहरियासाल तल्ला की अधिकतर कॉलोनियों में गौला नदी के पानी की सप्लाई है लेकिन इससे कम पानी आता है। सबसे बड़ी समस्या क्षेत्र में लो वोल्टेज की है। इससे लोग परेशान हैं। वार्ड में सड़कों की स्थिति भी ठीक नहीं है। आदर्श कॉलोनी, गीतांजली, कॉलोनी, कौशल्या कॉलोनी, उत्तरांचल दीप कॉलोनी जगन्नाथ विहार, देवाश्रय कॉलोनी, मधुवन कॉलोनी, केसर कॉलोनी आदि जगह कुछ सड़कें बनी हैं लेकिन शिव विहार, पवन विहार, नारदी पुरम, जगत कॉलोनी, गंगा कॉलोनी व लोहरियासाल में सड़कें टूटी हैं। वार्ड में कूड़ा वाहन एक दिन छोड़कर आता है। वार्ड में 9 सफाई कर्मियों की नियुक्ति है। स्ट्रीट लाइटें लगने से लोग खुश हैं, लेकिन वार्ड में 25-30 लाइटें महीनों से खराब हैं। निवर्तमान पार्षद प्रमोद पंत का कहना है कि वार्ड में पेयजल पुनर्गठन योजना के तहत कार्य चल रहा है।

## लोगों से बातचीत



पेयजल की काफी समस्या है, अन्य इलाकों से पानी लाना पड़ता है। नलकूप सामने ही है लेकिन यह हमें चिढ़ाता है। लो वोल्टेज की भी समस्या है।

-हेमा चिलवाल




पेयजल की दिक्कत है। ऊंचापुल के नलकूप से पानी आता है, लेकिन कम इंच की पेयजल लाइन बिछाई गई हैं। एक सप्ताह से सड़क खोद रखी है।

-चंद्रशेखर



नगर निगम में शामिल होकर कोई खास लाभ नहीं मिला। नलकूप के खराब होने पर काफी परेशानी होती है। गौला पेयजल लाइन में पानी नहीं आता है।

-प्रकाश चंद्र जोशी



कूड़ा उठाने वाली गाड़ी आती है लेकिन लोग फिर भी यहां वहां फेंक देते हैं। इसलिए जगह-जगह डस्टबिन लगाए जाने चाहिए। सड़कों का भी हाल बुरा है।

-दीवान सिंह कठायत



हिम्मतपुर मल्ला में नलकूप का पानी आता है। सड़क बन रही है। स्ट्रीट लाइटें लगी हैं, लेकिन कुछ खराब हैं। बिजली की लो वोल्टेज से लोग परेशान हैं।

-मनीष अधिकारी



पेयजल की दिक्कत हैं। नलकूप बार-बार खराब हो जाते हैं। कूड़ा उठाने वाली गाड़ी अब समय पर आ रही है। सड़कों का चौड़ीकरण हो रहा है।

- जय सिंह

# राज्यपाल को बताई दारमा क्षेत्र की समस्याएं

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** भारत-चीन सीमा पर स्थित दारमा घाटी के दिल्लं दर्मा सेवा समिति ने विभिन्न समस्याओं के निस्तारण को लेकर शनिवार को नैनीताल राजभवन में प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह को ज्ञापन दिया।

ज्ञापन के माध्यम से क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि शीतकालीन प्रवास में जब ग्रामीण 6 माह के लिए धारुचला में रहते हैं तो भालू उनके घरों के दरवाजों एवं छतों को तोड़कर राशन व अन्य खाद्य सामग्रियों को नुकसान पहुंचाते हैं। प्रभावितों को मुआवजा दिलाया जाए। क्षतिग्रस्त मोटर मार्ग के लिए वैकल्पिक व्यवस्था दुरस्त कर घाटी के 16 गांवों को तहसील मुख्यालय से जोड़ने, दारमा घाटी में पर्यटन की संभावनाएं बढ़ाने के लिए आदि कैलाश, ओम पर्वत एवं नारायण आश्रम आने वाले पर्यटकों को दारमा घाटी तक लाने के लिए क्षतिग्रस्त मोटर मार्ग, पैदल मार्ग, स्वास्थ्य सुविधाओं की व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की। इस दौरान दिल्लं दर्मा सेवा समिति के अध्यक्ष करन सिंह ग्वाल, वरिष्ठ फिजीशियन एमएस दुग्ताल समेत अन्य लोग मौजूद रहे।



नैनीताल गुरुद्वारे में प्रार्थना करते राज्यपाल ले. जनरल गुरमीत सिंह व उनकी पत्नी।

### राज्यपाल ने मां नैना देवी व गुरुद्वारे में किए दर्शन

**नैनीताल :** राज्यपाल ले. जनरल गुरमीत सिंह ने शनिवार को मां नैना देवी मंदिर में दर्शन किए। उसके बाद राज्यपाल ने गुरुद्वारा पहुंच कर मत्था टेका और प्रदेश में सुख-शांति और खुशहाली की मन्नत मांगी। राज्यपाल ने गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी और मंदिर समिति के पाधिकारियों के साथ मुलाकात की। राज्यपाल को मंदिर समिति और गुरुद्वारा समिति ने स्मृति चिह्न प्रदान किए। उनके साथ प्रथम महिला गुरमीत कौर भी मौजूद रहीं।

# हेल्पिंग हैंड्स ने चित्रशिला घाट में चलाया सफाई अभियान



सफाई अभियान में शामिल हेल्पिंग हैंड्स के सदस्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** रानीबाग स्थित चित्रशिला घाट पर यूके04 हेल्पिंग हैंड्स टीम ने शनिवार को सफाई अभियान चलाया, जिसमें एसडीएम परितोष वर्मा ने भी हिस्सा लिया। उन्होंने अन्य लोगों से भी बढ़-चढ़कर अभियान में हिस्सा लेने की अपील की।

अभियान में बड़ी संख्या में शामिल लोगों ने घाट में फैली गंदगी के साथ प्लास्टिक को एकत्र कर ट्रंचिंग ग्राउंड पहुंचाया। यूके04 हेल्पिंग हैंड्स के करन नेगी और योगेश शर्मा ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि नदी के आसपास गंदगी न फैलाएं, क्योंकि रानीबाग की गार्गी नदी गंगा का स्वरूप है और इसे स्वच्छ रखने हम सबका कर्तव्य है। साथ ही, प्रशासनिक टीम की ओर से भविष्य में हेल्पिंग हैंड्स टीम के साथ मिलकर शहर में सफाई अभियान चलाने की बात कही। इस दौरान कमल सिंह धामी, हेमंत साहू, विशाल नेगी, पंकज कश्यप, आनंद कुजरवाल, जीत सिंह, हरीश बगडवाल, जगदीश बिष्ट, पंकज तिवारी, अभिषेक बक्शी, सरबजीत सेठी, सेबी खालसा, हिमांशु बिष्ट, हनी बिंद्रा, कार्तिक बिष्ट, राजीव दिवाकर, रोहित कुमार, धर्मेंद्र कश्यप, प्रतीक बर्गली, दीक्षांत बर्गली, अंशु रोनी, सुरेंद्र कश्यप, दीपक कुमार, चिराग कुमार, मनीष गुप्ता, अमन कुमार, कुंश धामी, भरत चिलवाल, पंकज नेगी, प्रिंस शर्मा रहे।

### पार्किंग को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**नैनीताल :** शहर के रैमजे अस्पताल के समीप वाहन पार्क करने को लेकर एक युवक का कुछ टैक्सी चालकों से विवाद हो गया। इस बीच दो वाहनों में पहुंचे दर्जनभर युवकों ने दूसरे पक्ष के एक युवक को बुरी तरह पीट दिया। दूसरे पक्ष ने मौके से भागकर किसी तरह जान बचाई। शेर का डांडा निवासी प्रणव सक्सेना ने तहरीर देकर कहा कि शुक्रवार रात जब वह रेमजे अस्पताल के समीप वाहन पार्क कर रहे थे तो कुछ टैक्सी चालक गाली गलौच करने लगे। कि दो वाहनों में भरकर पहुंचे दर्जनभर से अधिक युवकों ने उन दोनों पर हमला बोल दिया।

### बस में मिला डेढ़ क्विंटल पनीर, नमूने लिए

**हल्द्वानी :** खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने शनिवार को रोडवेज बसों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने एक बस में 1.5 क्विंटल पनीर मिलने पर उसके तीन नमूने लिए गए। जिसके बाद उक्त पनीर को उसके मालिक अनूप कुमार गुप्ता को सौंप दिया गया। वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी अभय कुमार सिंह ने बताया कि पनीर को बरेली से लाया जा रहा था। नमूना लेते समय खाद्य सुरक्षा विभाग के अभिहित अधिकारी संजय कुमार सिंह भी थे।

### शिकायत पर निर्माण कार्य रोका

**रामनगर :** भाजपा नगर अध्यक्ष मदन जोशी ने खताड़ी की बड़ी मस्जिद के सामने नगर पालिका की भूमि पर अतिक्रमण कर अवैध निर्माण करने का आरोप लगाया है। भाजपा नेता मदन जोशी ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि बड़ी मस्जिद खताड़ी के सामने इन दिनों रात में सरकारी भूमि पर भवन निर्माण किया जा रहा है। नगर पालिका की इस जमीन का उपयोग बच्चों के खेल मैदान के रूप में होता रहा है। उन्होंने इस संबंध में कार्रवाई की मांग की है। उधर एसडीएम राहुल शाह ने बताया कि जिस भूमि पर आपत्ति दर्ज की गई है उस नजूल की भूमि पर निर्माण रोक दिया गया है।

## सार-संक्षेप



फूलचौड़ इंटर कॉलेज में बस्तारहित दिवस कार्यक्रम में विद्यार्थी और अभिभावक।

### स्कूलों में मनाया गया बस्ता रहित दिवस

**हल्द्वानी :** प्रदेश के उच्च प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालयों में शनिवार को बस्तारहित दिवस मनाया गया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत पिछले माह से बस्तारहित दिवस की शुरुआत हुई थी। नए शैक्षिक सत्र से प्रत्येक माह के अंतिम शनिवार को बस्ता दिवस के रूप में मनाने के लिए विस्तृत सुझावात्मक गतिविधियां भेजी गईं थीं। माह के अंतिम शनिवार को सभी विद्यालयों में बस्ता रहित दिवस मनाया गया जिसे प्रतिभा दिवस भी कहा जाता है। इधर, अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज फूलचौड़ में भी प्रतिभा दिवस/ बस्तारहित दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। साथ ही उनके अभिभावक भी सम्मानित किये गए।

### नैनीताल रोड में होटलों और रेस्टोरेंट की चेकिंग

**हल्द्वानी :** नगर निगम की टीम ने शनिवार को नैनीताल रोड पर कई होटल व रेस्टोरेंटों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान साफ-सफाई नहीं होने पर दो लोगों का चालान भी किया गया। नगर निगम के आयुक्त विशाल मिश्रा के नेतृत्व में टीम ने साफ-सफाई व टैक्स को लेकर नैनीताल रोड पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने देवाशीष, फॉरचून, मैपलवुड, यथार्थ होटलों तथा वाकवे मॉल स्थित रेस्टोरेंट का निरीक्षण किया। गीला व सूखा कूड़ा अलग-अलग डस्टबिन में नहीं मिलने पर मैपलवुड होटल का एक हजार रुपये व एक सैलून का 500 रुपये का चालान किया गया। साथ ही गंदगी व अन्य कमियां मिलने पर छह प्रतिष्ठानों को नोटिस दिया गया।

### अभद्र भाषा का प्रयोग पर पर्यटकों को चौकी में बैठाया

**नैनीताल :** दिल्ली के पर्यटकों को तल्लीताल चौराहे में गाली गलौच करना महंगा पड़ गया। पुलिस ने युवकों को पकड़ कर चौकी में बैठा दिया। शनिवार शाम तीन बजे तल्लीताल डांठ में एसओ रमेश बोरा यातायात व्यवस्थित कर रहे थे। इस दौरान दिल्ली से आए तीन युवक भीड़ में एक दूसरे को गाली गलौच करने लगे। पुलिस व लोगों ने युवकों को टोका, लेकिन आगे जाकर युवकों ने फिर से गाली गलौच शुरू कर दी। भीड़ में जोर जोर से एक दूसरे से गाली गलौच करने के चलते महिला पर्यटकों ने एतराज जताया तो पुलिस ने युवकों को पकड़ लिया। वह पुलिस से ही भिड़ने लगे। दो युवकों को चौकी में बैठा दिया। दोनों के खिलाफ पुलिस एक्ट में कार्रवाई के बाद छोड़ दिया है।

### वीर नारियों को मिलेगी छात्रवृत्ति

**हल्द्वानी :** सैनिक कल्याण बोर्ड के तत्वावधान में स्किलमोंडे संस्था वीर नारियों को छात्रवृत्ति देने जा रही है। इसकी शुरूआत 1 जुलाई से वीर नारियों को छात्रवृत्ति देने के साथ की जा रही है। राजकीय कन्या इंटर कॉलेज हल्द्वानी में शनिवार को एक संगोष्ठी आयोजित की गई। इस दौरान 8 वीर नारियों को छात्रवृत्ति योजना के बारे में बताया गया। योजना के तहत वीर नारियों को कंप्यूटर कोर्स और अन्य कोर्स कराए जाएंगे। संस्था के गगन जोशी ने बताया कि कोर्स पूरा करने के बाद विधवाओं को शहर में ही नौकरी उपलब्ध होगी साथ ही जो वीर नारियां नौकरी नहीं करना चाहती हैं, उन्हें स्वावलंबन के क्षेत्र में आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने बताया कि शुरूआती तौर पर पहले बैच में 15 वीर नारियों को लाभ दिलाने का लक्ष्य है। इसके बाद जितने भी आवेदन होंगे, उन्हें भी योजना का लाभ दिया जाएगा। बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए सभी इच्छुक पात्र 9810105099 पर संपर्क कर सकते हैं और योजना से जुड़ी सारी जानकारी ले सकते हैं। इस दौरान उप जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सेवानिवृत्त कैप्टन केएस भंडारी, सैनिक कल्याण बोर्ड सदस्य जगत सिंह पडियार और संस्था से जुड़े लोग मौजूद रहे।

### 2500 लोगों ने उठाया ब्याज रहित ऋण का लाभ

हल्द्वानी : ब्लॉक में 13 महिला समूहों व 2500 से अधिक लोगों ने ब्याज रहित ऋण का लाभ लिया। दीनदयाल उपाध्याय सहकारिता कल्याण योजना के तहत यह ऋण दिया जाता है। ब्लॉक की कुल 7 सहकारी समितियों से 2648 किसानों ने अलग-अलग कार्यों के लिए पिछले साल करीब 38 करोड़ रुपये का ब्याज रहित ऋण लिया। इसमें सबसे ज्यादा अल्प अवधि के लिए ऋण लिया, जिसमें छह माह के भीतर मूलधन चुकाना होता है। अल्प अवधि योजना के लिए 2381 लोगों को करीब 13 .51 करोड़ रुपए के ऋण वितरित किए गए। यह ऋण किसानों ने बीज, खाद आदि खरीदने के लिए लिया। ढाई एकड़ से कम जोत वाले किसानों को यह ऋण दिया जाता है। इसके अलावा, दुधारू पशु खरीदने के लिए लोगों ने मध्यकालीन अवधि का ऋण लिया, जिसमें तीन साल के दौरान मूलधन को चुकाया जा सकता है। इसके तहत 267 लोगों को करीब 20 करोड़ रुपये का ऋण वितरित किया गया, जिसमें एक व्यक्ति को अधिकतम एक लाख रुपये तक का ऋण दिया गया। 13 महिला समूहों ने भी स्वरोजगार के लिए सहकारी समितियों से ऋण लिया, जिन्हें करीब 38 लाख रुपये का ऋण वितरित किए गए। सहकारिता विभाग की सहायक विकास अधिकारी माया उपाध्याय ने बताया कि कृषि कार्य व पशुपालन का कार्य कर रहे अधिक से अधिक किसानों को योजना का लाभ दिया जा रहा है।

# रक्त केंद्रों के लाइसेंस का नहीं होगा नवीनीकरण

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) के रक्त केंद्र प्रभाग ने रक्त केंद्रों को लेकर नई गाइड लाइन जारी की है। अपर आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन व ड्रग कंट्रोलर ताजबर सिंह जग्गी ने कहा कि अस्पताल से बाहर खुले रक्त केंद्रों के लाइसेंसों का अब नवीनीकरण नहीं होगा। जो रक्त केंद्र अस्पताल परिसर के भीतर नहीं हैं, उन्हें अब लाइसेंस देने या नवीनीकरण पर विचार नहीं होगा।

विभाग के अपर आयुक्त जग्गी ने कहा कि प्रशासन के संज्ञान में आया है कि कुछ रक्त केन्द्र वर्तमान में अस्पताल परिसर से बाहर संचालित हो रहे हैं। अब नई गाइड लाइन के तहत केवल अस्पताल परिसर के भीतर स्थित रक्त केंद्र ही लाइसेंस देने या नवीनीकरण के लिए विचार के पात्र होंगे। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तराखंड का कार्यालय रक्त केंद्रों के संचालन में सुरक्षा और नियामक अनुपालन के उच्चतम मानकों को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसका उद्देश्य रक्तदान सेवाओं की गुणवत्ता और सुरक्षा को बढ़ाना है। इस फैसले के बाद अस्पताल परिसर के बाहर बने रक्त केंद्र लाइसेंस के नवीनीकरण न होने पर बंद हो जाएंगे। यह रक्त केंद्र तभी तक संचालित होंगे जब तक उनके पास लाइसेंस की अवधि है।

### नशे के विरुद्ध विषय पर चित्र बनाए, निबंध लिखे

**हल्द्वानी :** बनभूलपुरा थाना पुलिस ने स्कूलों में नशे के विरुद्ध अभियान चलाया। छात्राओं ने नशे के विरुद्ध विषय पर निबंध और चित्रकला प्रतियोगिता कराई। ललित आर्या महिला इंटर कालेज, जीजीआईसी बनभूलपुरा में छात्राओं ने नशे से दूर रहने के विषय पर कई चित्रकलाएं बनाईं। साथ ही निबंध भी लिखे। थाना प्रभारी नीरज भाकुनी ने कहा कि हमें नशे से दूर रहना चाहिए। कहा कि यदि आपके आसपास कोई भी नशे की गतिविधि में संलिप्त है तो इसकी सूचना पुलिस को दें। उत्कृष्ट निबंध और चित्रकला बनाने वाली छात्राओं को सम्मानित भी किया गया।


SURAJMAL AGARWAL GIRLS PG COLLEGE
Established in Year-2008 by Surajmal Laxmidevi Sawarthia Educational Trust (Affiliated to Kumaun University, Nainital & UTU, Dehradun)

ADMISSION OPEN (2024-25)

DEPARTMENT OF BASIS SCIENCE : • B.Sc. (Bio-Technology) • M.Sc. (Bio-Technology) • M.Sc. (Micro-Biology) • B.Sc. (PCM) • B.Sc. (ZBC) • B.Sc. (PSM) • M.Sc. (Physics) • M.Sc. (Botany) • M.Sc. (Zology) • M.Sc. (Chemistry) • M.Sc. (Mathematics)
DEPARTMENT OF FOOD TECHNOLOGY : • B.Sc. (Food technology) • M.Sc. (Food Technology)
DEPARTMENT OF HOME SCIENCE : • B.Sc. (Home Science) • M.Sc. (Home Science in Food Nutrition) • M.Sc. (Home Science in Textile & Apparel Designing)
DEPARTMENT OF LIBRARY SCIENCE : • B.Lib • M.Lib
DEPARTMENT OF CS & IT : • BCA • B.Sc. (IT) • M.Sc. (IT)
DEPARTMENT OF MANAGEMENT : • BBA • MBA
DEPARTMENT OF COMMERCE : • B.Com (Hons.) • M.Com.
DEPARTMENT OF EDUCATION : B.Ed.

NO. 1 GIRLS COLLEGE IN UTTARAKHAND

ADVANTAGE OF SAPKM
• 100% Placement assistant
• Job oriented academic programs
• Secure Campus for girls
• Student Counselling Services
• Reasonable Fee Structure
• Modern academic Infrastructure
• Smart Classes with Wifi
• Hostel facility including air cooler
• Bus facility from nearby places
• Scholorship schemes by Govt.
• Bank loan support
• Health Centre and medical facility
• Internships & training programs
• Sports & Co-Curricular Activities.

SURAJMAL AGARWAL GIRLS COLLEGE OF NURSING
(Approved by Indian Nursing Council, New Delhi & Affiliated to HNB Uttarakhand Medical Education University, Dehradun)
ADMISSION OPEN IN NURSING
PROGRAMMES- SESSION (2024-25)
• M.Sc. (Nursing) • B.Sc. (Nursing)
• Post Basis B.Sc. (Nursing) • GNM

SURAJMAL AGARWAL COLLEGE OF PARAMEDICAL AND HEALTH SCIENCES
(Approved by Indian Nursing Council, New Delhi & Affiliated to HNB Uttarakhand Medical Education University, Dehradun)
ADMISSION OPEN IN PARAMEDICAL
PROGRAMMES- SESSION (2024-25)
• BMLT • BMRIT
• B.Sc. (Optometry)

उत्तराखण्ड राज्य संयुक्त बी.एड. प्रवेश परीक्षा 2024
आवेदन की अन्तिम तिथि - 27/6/2024
प्रवेश परीक्षा तिथि - 07-06-2024
सामान्य / ओ.बी.सी. / ई.डब्ल्यू.एस. परीक्षा शुल्क - रु. 1500.00 अनुसूचित एवं अनुसूचित जनजाति परीक्षा शुल्क रु. 1000.00
पोर्टल की आधिकारिक वेबसाईट https://ukentrance.samarth.edu.in से प्राप्त करें।
आवेदन के लिए सूरजमल अग्रवाल गर्ल्स बी.एस. कॉलेज, किच्छा, ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

Kishanpur, Kichha, Distt. Udham Singh Nagar, Uttarakhand, Pin-263148 E-mail : sapkm.edu@gmail.com, Website : www.sapkam.org
FOR ADMISSION PLEASE CALL US :
9412920331, 9837242760, 8192801031, 7902103001, 7902103002

## एक नजर

### बाइकों की टक्कर में वृद्ध सहित तीन घायल

**खटीमा :** बीती रात्रि पीलीभीत रोड पर दो बाइकों में आमने-सामने की टक्कर में वृद्ध सहित तीन लोग घायल हो गए। घायलों को 108 से नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया। शुक्रवार रात्रि पीलीभीत रोड पर भुजिया नम्बर तीन में दो बाइकें आपस में टकरा गईं। हादसे में ऊंची महुवट निवासी 65 वर्षीय जनक चंद, इस्लाम नगर निवासी तस्लीम और साही जिला पीलीभीत यूपी निवासी अमजद अली गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर घायलों को 108 के माध्यम से अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### 25 लीटर अवैध शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**दिनेशपुर :** मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने शनिवार को विजयनगर तिराहे के पास से सप्लाई देने जा रहे रायपुर थाना रुद्रपुर निवासी गोपाल सिंह को 117 पाउच (25 लीटर) कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया।

## सूचना के अधिकार और मंडलायुक्त की जांच में हुआ खुलासा, शासन के दो-दो अपर सचिवों के आदेश भी दरकिनार, 2003 में जैव प्रौद्योगिकी परिषद का गठन हुआ था

# बायोटेक में चहेतों की नियुक्ति, फिर पदनाम बदलकर तीन गुना कर दिया मानदेय



संवाददाता पंतनगर

**अमृत विचार:** जैव प्रौद्योगिकी परिषद (बायोटेक) हल्दी में चहेतों की नियुक्ति करने के बाद पदनाम परिवर्तित कर उनका मानदेय तीन गुना तक करने का का मामला सामने आया है। इसका खुलासा कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत की जांच और हल्द्वानी के आरटीआई एक्टिविस्ट एचएस गौनिया की ओर से मांगी गई सूचना के जवाब में हुआ है।

उत्तराखंड की विशिष्ट पारिस्थितिकी, पर्यावरण एवं जैव विविधता को देखते हुए आधुनिक शोध के लिए वर्ष 2003 में जैव प्रौद्योगिकी परिषद का गठन किया गया था। जिसमें शासन की ओर से प्रस्तावित ढांचे को राज्यपाल ने अनुमोदन करते हुए वैज्ञानिक श्रेणी-ई, डी, सी, बी (अभियंत्रण) वैज्ञानिक सहायक, तकनीकी अधिकारी ग्रेड-1 (17 पद) 50 प्रतिशत सीधी भर्ती व 50 प्रतिशत पदोन्नति से भरने सहित तकनीकी अधिकारी ग्रेड-2 पदोन्नति एवं लेखाकार, वैयक्तिक सहायक, कनिष्ठ सहायक, प्रयोगशाला सहायक व स्टोर कीपर के पद (11) सीधी भर्ती से भरने और डाटा एंट्री ऑपरेटर, इलेक्ट्रीशियन, चालक, अनुसेवक, चौकीदार व रिशेप्सनिस्ट आदि पद (18) आउटसोर्स से भरने की स्वीकृति दी थी। तत्कालीन जिम्मेदारों ने पद विज्ञापित किए बिना चहेतों को उपनल के माध्यम से भर्ती कर लिया। साथ ही शासन से अनुमति लिए बगैर पदनाम में परिवर्तन कर मनचाहा मानदेय बढ़ा दिया। बायोटेक में ऐसे तीन कार्मिक हैं, जिनकी अवैध नियुक्ति सहित उनको पदनाम परिवर्तित कर अनुचित लाभ पहुंचाया गया है। इनमें से एक कार्मिक को कार्यमुक्त कर दिया गया है।

मामले में निदेशक बायोटेक डॉ. संजय कुमार का पक्ष लेने के लिए कई बार फोन करने पर भी उन्होंने फोन नहीं उठाया।

### कुमाऊं आयुक्त की जांच में भी हुई धांधली की पुष्टि

**पंतनगर :** शासन ने मामले का संज्ञान लेते हुए कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत को जांच सौंपी थी। आयुक्त ने जांच के बाद सौंपी रिपोर्ट में इन नियुक्तियों को अवैध और नियुक्ति के बाद अनुचित लाभ लेने का दोषी पाया है। उन्होंने शासन से निदेशक बायोटेक को मामले में नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश देने की सिफारिश की है। लेकिन दोषियों पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है और दो कर्मी अभी भी अनुचित लाभ लेते हुए संस्थान में कार्यरत है।

### निदेशक ने कार्यभार छोड़ने के बाद दी स्वीकृति

**पंतनगर :** 23 नवंबर 2021 को शासन ने डॉ. राजेंद्र डोभाल को बायोटेक का अतिरिक्त कार्यप्रभार सौंप दिया था। जबकि एक सप्ताह बाद 30 नवंबर को बायोटेक के पूर्व प्रभारी निदेशक रहे पंतनगर विवि के कुलपति डॉ. तेजप्रताप ने उपनल कार्मिकों के वेतन बिल जारी करने के लिए उपनल महाप्रबंधक को लिखे पत्र में हस्ताक्षर किए हैं।

### अपर सचिव ने भी जताई आपत्ति

**पंतनगर :** अपर सचिव रणबीर सिंह व रामबिलास ने निदेशक बायोटेक को लिखे पत्र में कहा कि अमित पुरोहित की नियुक्ति उपनल के माध्यम से सहायक निदेशक प्रशासन के पद पर की गई है। जबकि संस्थान के संरचनात्मक ढांचे में सहायक निदेशक का पद स्वीकृत नहीं है। बिना स्वीकृत पद के कार्मिक रखना नियम विरुद्ध है। सचिन शर्मा सहायक लेखाकार के पद पर पूर्व से कार्यरत हैं। जनवरी 2021 से सचिन का पदनाम सहायक लेखाकार के स्थान पर लेखाकार किया गया है। सचिन को लेखाकार पद से अधिकारी वर्ग में एक वेतन वृद्धि देते हुए रखा जाना नियमों का उल्लंघन है। जबकि उपनल से केवल स्वीकृत पद के सापेक्ष निर्धारित वेतनमान पर रखा जा सकता है। अनुज कुमार लैब सहायक के पद पर कार्यरत थे, को पदोन्नत कर तकनीकी अधिकारी बना दिया गया है, जबकि उपनल में कामिकों की कोई पदोन्नति नहीं होती है।

### शासन का यह है आदेश

**पंतनगर :** तत्कालीन मुख्य सचिव डॉ. एसएस संधू ने 29 अक्टूबर 2021 को शासनादेश जारी कर कहा कि संरचनात्मक ढांचे में सीधी भर्ती के लिए स्वीकृत पदों के सापेक्ष संविदा, दैनिक वेतन, कार्य प्रभारित, नियत वेतन, अंशकालिक व तदर्थ नियुक्तियां बिना शासन की अनुमति के कदापि न की जाएं। फिर इन अभ्यर्थियों के लिए तत्कालीन निदेशक ने स्वीकृति कहां से हासिल की।

उपनल मात्र आउटसोर्स एजेंसी है। किसी भी संस्थान द्वारा कार्मिक मांगने पर उपनल की ओर से किसी भी पद के लिए शैक्षिक अर्हता के साथ छह नाम भेजे जाते हैं। इनके शैक्षिक प्रपत्रों की जांच, इंटरव्यू और पात्र अभ्यर्थी का चयन संस्थान द्वारा ही किया जाता है। इनका अनुबंध 11 माह के लिए ही होता है। सेवाएं सही पाए जाने पर इनका अनुबंध संस्थान ही बढ़ाता या उन्हें निकाल देता है। इनकी वेतन वृद्धि भी संस्थान उनके कार्य के अनुसार ही तय करता है।
-कर्नल एके पांडेय, क्षेत्रीय परियोजनाधिकारी-उपनल, कुमाऊं संभाग हल्द्वानी

# विनायक प्लाई के पार्टनर के घर में घुसी टीम

## शुक्रवार को मकान के गेट को किया था सीलबंद, एलायंस कॉलोनी में है सौरभ का नवनिर्मित मकान

आयकर का छापा

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** गल्ला मंडी स्थित नारंग फर्नीचर मार्ट में अपनी तफ्तीश पूर्ण करने के बाद तीसरे दिन भी आयकर विभाग की छापामार कार्रवाई जारी रही। इनकम टैक्स विभाग की टीम ने विनायक प्लाई के पार्टनर का सीलबंद मकान खोलकर सर्च अभियान शुरू कर दिया।

लखनऊ से आई आयकर विभाग के डिप्टी कमिश्नर टीएस पंचपाल, इनकम टैक्स ऑफिसर मुकेश कुमार व दीपक कुमार ने सात टीमों के साथ गुरुवार को शहर में विनायक ग्रुप की कई फर्मों पर छापामार कार्रवाई की थी। इसके चलते रामनगर स्थित विनायक प्लाई, सिविल लाइंस स्थित रौनिक नारंग और गल्ला मंडी स्थित नारंग फर्नीचर मार्ट के संचालक गुलशन नारंग से पूछताछ की थी। इसके अलावा एक टीम ने जब एलायंस कॉलोनी के विनायक प्लाई के पार्टनर सौरभ गाबा के नवनिर्मित मकान पर छापा मारा तो मौके पर कोई नहीं मिला। इसके बाद टीम ने शुक्रवार को मकान के मुख्य तीनों गेट पर सीलबंद नोटिस चस्पा कर मकान को सील कर दिया था। शनिवार की सुबह 11 बजे अचानक आयकर विभाग के अधिकारी एलायंस कॉलोनी स्थित सौरभ गाबा के मकान नंबर 17 व 18 पहुंचे और सील खोलते हुए अंदर प्रवेश किया। बाहर भारी पुलिस बल तैनात कर सर्च अभियान शुरू किया गया। इसकी सूचना मिलते ही विधायक शिव अरोरा, व्यापारी नेता संजय जुनेजा, सुनील ठुकराल के अलावा व्यापारी मौके पर पहुंच गए।



एलायंस कॉलोनी स्थित सील को खोलकर अंदर प्रवेश करती आयकर विभाग की टीम।



विनायक प्लाई के पार्टनर सौरभ का मकान। ● अमृत विचार



एलायंस कॉलोनी के अंदर तैनात पुलिस बल। ● अमृत विचार

### तीसरे दिन भी डेरा डाले हुए है आयकर की टीम

**रुद्रपुर :** गल्ला मंडी स्थित नारंग फर्नीचर मार्ट के संचालक गुलशन नारंग से पूछताछ के बाद डिप्टी कमिश्नर पीएस पंचपाल ने अपनी टीम के साथ रामनगर स्थित विनायक प्लाई प्राइवेट लिमिटेड, सिविल लाइंस स्थित फर्म के संचालक रौनिक नारंग के अलावा पार्टनर सौरभ गाबा के आवास पर डेरा डाल रखा है। तीसरा दिन बीत जाने के बाद भी टीम की जांच पूर्ण नहीं हुई है। जिस कारण लगातार आयकर विभाग छापेमारी करता जा रहा है।

### पहले परिवार को किया सर्च के लिए राजी

**रुद्रपुर :** शुक्रवार को एलायंस कॉलोनी स्थित विनायक प्लाई के पार्टनर सौरभ गाबा के मकान को नोटिस चस्पा कर सील बंद करने के बाद आयकर विभाग की टीम ने सर्च अभियान शुरू करने से नारंग परिवार को राजी किया। यही कारण है कि विनायक ग्रुप के संचालक विकास नारंग के छोटे भाई नितिन नारंग के अलावा रिश्तेदारों के साथ आयकर विभाग की टीम ने सील खोलकर अंदर प्रवेश किया।

### विभाग के पास है टैक्स चोरी का इनपुट

**रुद्रपुर** : लखनऊ से आई आयकर विभाग की टीम को छापामार कार्रवाई करते हुए तीसरा दिन बीत जा चुका है। बावजूद टीम लगाकर अलग-अलग दिशा में पूछताछ और अपनी जांच कर रही है। चर्चा यह है कि आयकर विभाग की टीम को टैक्स चोरी किए जाने का पुख्ता इनपुट है। साथ ही आशंका जताई जा रही है कि इस प्रकरण में अभी कई और लोगों के नाम भी सामने आ सकते हैं।

## मुझे 6 हजार लौटा दो कहकर युवती से ठग लिए 38 हजार रुपये

**काशीपुर, अमृत विचार :** मुझे आपके पापा ने आपको 9 हजार देने को कहा था, लेकिन गलती से 15 हजार आपके खाते में डाल दिए। अब आप मुझे 6 हजार वापस लौटा दीजिए। यह कहते हुए साइबर ठग ने युवती से 38 हजार रुपये ऐंठ लिए।

गांव प्रतापपुर दयाल कुंज निवासी नेहा सैनी पुत्री रामकिशन सैनी ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। गुरुवार की शाम उसके मोबाइल फोन पर एक युवक का फोन आया। कॉलर ने कहा कि आपके पापा ने मुझको आपके खाते में 9 हजार रुपये डालने को कहा था, लेकिन गलती से आपके खाते में 15 हजार चले गए हैं। अब आप मुझे 6 हजार वापस कर दो। युवती ने उस पर विश्वास कर 6 हजार वापस भेज दिए। बाद में उस युवक का दोबारा फोन आया। उसने कहा कि उसके पास पैसे नहीं पहुंचे हैं। वह एक लिंक भेज रहा है। इसे एक्सेप्ट कर लें। लिंक एक्सेप्ट करते ही युवती के खाते से कुल 38000 हजार रुपये निकाल लिए गए। पुलिस ने युवती की तहरीर जांच के लिए साइबर थाना रुद्रपुर को भेज दी है।

# जसपुर और काशीपुर के 151 गांव को जून से मिलेगा पानी

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** जसपुर व काशीपुर के 151 राजस्व गांवों के 25 हजार से अधिक परिवारों को जल जीवन मिशन के अंतर्गत जून से पानी मिलने जा रहा है। इसके लिए जल निगम व जल संस्थान ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली है। विभाग ने अगस्त तक सभी 25 हजार परिवारों के घरों तक पानी पहुंचाने का लक्ष्य रखा। इसकी शुरुआत जून माह से की जाएगी।

जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर नल व हर घर जल देने की योजना है। इसी के तहत सौ करोड़ के बजट से काशीपुर व जसपुर के 151 राजस्व गांवों के 25 हजार से अधिक परिवारों को पानी दिया जाएगा। इसमें काशीपुर के 57, जबकि जसपुर में 94 राजस्व गांव शामिल हैं। वहीं अधिकारियों ने कहा है कि इन परिवारों को जून से पानी मुहैया कराने की तैयारी शुरू कर दी जाएगी।

पानी की 65 टंकियों की मदद से की जाएगी पानी की आपूर्तिः काशीपुर और जसपुर के 151 गांवों में पानी की आपूर्ति के लिए जल संस्थान व जल निगम ने 65 पानी टंकियों का निर्माण कराया है। इसमें 41 टंकियां जसपुर, जबकि 24 टंकियां काशीपुर में बनाई गई हैं।



- 25 हजार से ज्यादा परिवार होंगे लाभान्वित
- 100 करोड़ के बजट से बनाई गई थी हर घर नल योजना



जल जीवन मिशन के अंतर्गत काशीपुर और जसपुर के 151 गांवों को जून माह से योजना का लाभ मिलना शुरू हो जाएगा। इसके लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।
**-शिवम द्विवेदी**, अधिशासी अभियंता, जल निगम, काशीपुर।

**वुशू प्रतियोगिता 28 मई से :** काशीपुर : गुरुनानक मॉडल स्कूल में 9वीं जिला स्तरीय वुशू प्रतियोगिता का आयोजन 28 मई यानी मंगलवार से किया जाएगा। इसमें सब जूनियर, जूनियर तथा सीनियर बालक व बालिका वर्ग की वुशू प्रतियोगिता होगी। इस प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी देहरादून में एक से 2 जून तक आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।

### कुत्ते के मुंह में सात माह का भ्रूण मिलने से मचा हड़कंप

**काशीपुर :** पोस्टमार्टम हाउस के पास एक कुत्ते के मुंह में सात माह का भ्रूण मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पोस्टमार्टम हाउस में आए लोगों ने कुत्ते के मुंह से भ्रूण को छुड़ाया। वहीं पुलिस ने पंचनामा भरकर डीएनए जांच के लिए भ्रूण को हल्द्वानी स्थित एसटीएच भेज दिया है। शनिवार को पोस्टमार्टम हाउस में कुछ लोग खड़े थे। इसी बीच एक कुत्ता पास स्थित नाली से प्लास्टिक की थैली खींचकर मुंह में दबाकर भागने लगा। लोगों ने देखा तो थैली में सात माह का भ्रूण था। वहां मौजूद डॉ. अमरजीत साहनी ने भ्रूण का परीक्षण किया। वह पुरुष लिंग था। सूचना पर पहुंचे एसआई प्रकाश सिंह बोरा ने भ्रूण का पंचनामा भरा। उसे डीएनए जांच व पोस्टमार्टम की कार्रवाई के लिए हल्द्वानी भेजा गया है। सीडब्ल्यूसी की अध्यक्षा हरनीत कौर ने भी इस संबंध में जानकारी जुटाई। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की मदद से जांच शुरु कर दी है।

# एसएसबी, नेपाल पुलिस ने की कांबिंग

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** भारत नेपाल सीमा पर तैनात सशस्त्र सीमा बल, पुलिस, खुफिया तंत्र और नेपाल पुलिस ने संयुक्त कांबिंग अभियान चलाकर नेपाल सीमा पर नो मैन्स लैंड पर हुए अतिक्रमण का जायजा लिया। बाद में एसएसबी के मेलाघाट मुख्यालय पर 57वीं वाहिनी एसएसबी के द्वितीय कमान अधिकारी अनिल कुमार और सीओ विमल रावत की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में नो मैन्स लैंड क्षेत्र में हुए अतिक्रमण के सम्बन्ध में चर्चा करते हुए अतिक्रमण हटवाने के लिए उच्चाधिकारियों को अवगत कराने का निर्णय लिया गया। वहीं सीमा पर अवैध तस्करी की रोकथाम, युवाओं को नशे से दूर रखने, मेडिकल स्टोरों पर नशीली दवाओं और इंजेक्शनों आदि की सूचना पर संयुक्त कार्यवाही करने पर बात हुई। बैठक में थानाध्यक्ष अनिल जोशी, एसएसबी निरीक्षक योगेश यादव, नेपाल एपीएफ के कंचनपुर प्रभारी योगेंद्र भंडारी मौजूद रहे।



खटीमा के नेपाल सीमा पर कांबिंग करती संयुक्त टीम। ● अमृत विचार

### ई-रिक्शा में बांधकर जनरेटर उठा ले गए चोर

**काशीपुर** : दुकान के सामने रखे जनरेटर को दिनदहाड़े चोर ई-रिक्शा के पीछे बांधकर चुरा ले गए। घटना की जानकारी दुकान स्वामी को भी नहीं हुई। बाद में उसने बाहर झांका, तो जनरेटर गायब था। घटना पास की दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। मोहल्ला पक्काकोट में नागनाथ मंदिर के समीप योगेश जोशी की भावना इंटरप्राइजेज के नाम से दुकान है। दुकान स्वामी ने वर्कशॉप के काम के लिए एक हफ्ते के लिए जनरेटर किराए पर लिया था। गुरुवार दोपहर चोर सड़क पर खड़ा जनरेटर ई-रिक्शा के पीछे बांधकर ले गए। कुछ देर बाद योगेश का ध्यान सड़क की ओर गया, तो जनरेटर वहां नहीं था। पास की दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक करने पर कुछ लोग जनरेटर को ई-रिक्शा में बांधकर ले जाते हुए दिखाई दिए। दिनदहाड़े चोरी से लोगों में आक्रोश है।




कार्रवाई

## बाइक स्वामियों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज, ट्रांजिट कैंप-कोतवाली इलाके से हुईं चोरियां

# ऑटो लिफ्टर गैंग सक्रिय, रुद्रपुर में चार बाइकें चोरी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** शहर में ऑटो लिफ्टर गैंग ने पुलिस को चुनौती देते हुए शहर से चार बाइकों को चोरी कर लिया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

अशोक कुमार आहूजा ने बताया कि उसने बाइक संख्या डीएल-4एस-बीबी 8910 को घर के बाहर खड़ी की थी। 23 मई की सुबह देखा तो बाइक चोरी हो चुकी है। इसके अलावा अलीनगर सहदौरा पुलभट्टा निवासी सरोज ने बताया कि 13 मई की दोपहर दो बजे वह अपनी बाइक संख्या यूके-06 बीएफ-2186 को लेकर लालपुर के गांव शिमला पिस्तौर गया और बाइक को लॉक कर पार्किंग में खड़ा कर दिया था। जब लौटा तो बाइक चोरी हो चुकी थी। उधर न्यू शक्ति विहार थाना पंतनगर निवासी रजनीश चौधरी ने बताया कि 22 मई की सुबह साढ़े सात बजे वह बाइक संख्या यूके-06 बीबी-8180 को लेकर सिडकुल ढाल पर स्थित श्रमिक चौक पर गया और बाइक को लॉक कर खड़ी कर दी थी। थोड़ी देर बाद जब लौटा तो बाइक चोरी हो चुकी थी। वहीं बाइक संख्या यूपी-25 एयू-2549 के स्वामी ने बताया कि 15 मई की दोपहर तीन बजे वह सिविल लाइन स्थित बैंक गया था और लोन संबंधी कार्य निपटाने के बाद जब लौटा तो बाइक चोरी हो चुकी थी। काफी खोजबीन के बाद भी बाइक का कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।



काशीपुर में बरामद बाइकों व आरोपी के साथ पुलिस टीम। ● अमृत विचार

### काशीपुर में चोरी की दो बाइकों के साथ आरोपी दबोचा

**काशीपुर :** आईटीआई पुलिस ने एक आटो लिफ्टर को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर चोरी की दो बाइकें बरामद की हैं। वहीं पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई की है। ग्राम बैंतवाला निवासी जयराम सिंह व न्यू वैशाली कॉलोनी निवासी सुधांशु शर्मा ने आईटीआई थाने में बाइक चोरी हो जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बाइक चोरी की घटनाओं के खुलासे के लिए गठित पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की। फुटेज में खड़कपुर देवीपुरा निवासी रोहताश कुमार दोनों स्थानों से मोटरसाइकिल चोरी करते दिखाई पड़ा। पुलिस ने आरोपी रोहताश को धर दबोचा। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि कुछ दिन पूर्व वह जेल से छूटकर आया है। वह नशा करने का आदी है और नशे पूर्ति के लिए उसने दोनों मोटरसाइकिल चोरी की थीं। टीम में एसआई प्रकाश सिंह बिष्ट, एएसआई पुष्कर दत्त भट्ट, कांस्टेबल नीरज शुक्ला, रमेश बंग्याल, गिरीश विद्यार्थी आदि शामिल रहे।

## एक नजर

### ऋषि सत्पुरुष बाबा फुलसंदे वालों का सत्संग 4 जून से

**काशीपुर :** एक तू सच्चा तेरा नाम सच्चा धर्मार्थ सेवा समिति के तत्वावधान में आगामी चार जून से तीन दिवसीय मंत्र के ऋषि सत्पुरुष बाबा फुलसंदे वालों का सत्संग का आयोजन किया जाएगा। आगामी 4 जून से 6 जून तक आयोजित सत्संग में सत्पुरुष बाबा फुलसंदे वाले प्रवचन देंगे। बाबा के अनुयायी विजेंद्र पाल सिंह ने बताया कि सत्पुरुष बाबा फुलसंदे वाले चार जून को प्रात: 10 बजे जिला बिजनौर स्थित फुलसंदा आश्रम से काशीपुर पहुंच कर 11 बजे एक प्रेस को संबोधित करेंगे। उसके बाद 1 बजे से भजन वाणी के उपरांत अपने वचनों का गुणगान करेंगे। इस दौरान विजेंद्र पाल सिंह, प्रदीप कुमार मिश्रा, मनोज चौधरी, ऋषि पाल सिंह, राजीव राठी, राजेंद्र सिंह, राजेश सिंह, मोहन लाल यादव आदि मौजूद रहेंगे।

### हज़रत ख्वाजा गरीब नवाज़ का 63 वां उर्स कल से

**खटीमा :** हज़रत ख्वाजा गरीब नवाज़ का 63 वां उर्से पाक पुराने तहसील परिसर में 27 मई से मनाया जा रहा है। कमेटी के सदस्य जाकिर हुसैन सकलैनी चिश्ती ने बताया कि उर्स में डीवीडी सिंगर असलम अकरम साबरी मुजफ्फरनगर से आ रहे हैं। यह भी बताया कि 27 को रात 9 :30 से मिलादे पाक, 28 की रात कव्वाली और 29 मई की सुबह सात बजे कुल शरीफ और दोपहर 11 से लंगर का आयोजन होगा।

# जिस टेबल पर हो तैनाती वहीं मौजूद रहें एजेंट

## मतगणना कक्ष में मोबाइल पर रहेगा पूर्ण प्रतिबंध, जिला निर्वाचन अधिकारी ने बैठक में दिए आवश्यक दिशा निर्देश

तैयारी

**04** जून को लोकसभा चुनाव के लिए मतगणना होगी। सुबह 8 बजे से मतगणना शुरू हो जाएगी। प्रत्येक विधानसभा में 14-14 टेबलों पर मतगणना की जाएगी।

**50** टेबल में ईटीपीबीएस की स्कैनिंग होगी और 34 टेबल में पोस्टल बैलेट की गिनती होगी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** 4 जून को लोकसभा चुनाव के लिए मतगणना होगी। सुबह 8 बजे से मतगणना शुरू हो जाएगी। प्रत्येक विधानसभा में 14-14 टेबलों पर मतगणना होगी। 50 टेबल में ईटीपीबीएस की स्कैनिंग होगी और 34 टेबल में पोस्टल बैलेट की मतगणना होगी। इसको लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह ने प्रत्याशियों व उनके प्रतिनिधियों के साथ बैठक की आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

शनिवार को जिला कार्यालय में बैठक के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सभी प्रत्याशी अपने-अपने एजेंट टेबलवार तैनात करेंगे। इसके लिए सभी प्रत्याशियों व प्रतिनिधियों को एजेंट तैनात करने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित फार्म प्रारूप उपलब्ध कराया गया। साथ ही कहा कि जो एजेंट जिस विधानसभा व जिस टेबल के लिए तैनात किए जाएंगे वे उसी टेबल पर तैनात रहेंगे। अनावश्यक इधर-उधर नहीं जाएंगे।


प्रत्याशियों व उनके प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते जिला निर्वाचन अधिकारी। ● अमृत विचार

### 100 मीटर के दायरे के अंदर किसी को आने की इजाजत नहीं

**रुद्रपुर :** जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि प्रत्याशियों के तैनात एजेंट, मतगणना कार्मिक, सुरक्षा बल ही मतगणना स्थल में प्रवेश करेंगे बाकी सभी मतगणना स्थल के 100 मीटर की परिधि से बाहर रहेंगे। इस सीमा के अंदर किसी को भी आने की इजाजत नहीं होगी। मतगणना स्थल व मतगणना स्थल के बाहर पर्याप्त सुरक्षा बल के साथ ही मजिस्ट्रेट की तैनाती की जाएगी।

उन्होंने कहा कि मतगणना कक्ष में मोबाइल पूर्ण प्रतिबंधित रहेगा। इसलिए मतगणना एजेंट अपना मोबाइल घर पर ही रखकर आएं या फिर प्रवेश करने से पहले जमा कराएं। मतगणना केंद्र में केवल तैनात किये गये एजेंट व कार्मिक ही प्रवेश करेंगे। मतगणना सीसीटीवी की निगरानी में होगी और वीडियोग्राफी कराई जायेगी। उन्होंने कहा मतगणना स्थल बगवाड़ा मंडी में मतगणना संबंधित सभी व्यवस्थाएं निर्वाचन आयोग के मानकों के अनुसार की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि मतगणना स्थल में पार्किंग, पेयजल व्यवस्था व चिकित्सा स्टॉल की व्यवस्था भी की जाएगी।

### सुबह 8 बजे से शुरू हो जाएगी पोस्टल बैलेट की गणना

रुद्रपुर : जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रात: 8 बजे से पोस्टल बैलेट की गणना प्रारंभ होगी। उसके आधे घंटे के बाद ईवीएम मशीन की मतगणना प्रारंभ होगी। इसलिए सभी प्रत्याशियों के एजेंट सुबह साढ़े 6 बजे अनिवार्य रूप से मतगणना स्थल पर पहुंचें।

### ये लोग रहे मौजूद

सीडीओ मनीष कुमार, एसपी क्राइम चंद्रशेखर घोड़के, जिला उप निर्वाचन अधिकारी अशोक जोशी, पीडी अजय सिंह, प्रत्याशी यूकेडी शिव सिंह व प्रतिनिधि राम सिंह रावत, विनीता बिष्ट, प्रत्याशी भारतीय शक्ति चेतना पार्टी सुरेंद्र सिंह, प्रत्याशी पीपीआईडी अमर सिंह सैनी, प्रत्याशी प्रतिनिधि कांग्रेस सुनील आर्य, सौरभ चिलाना, महेश कांडपाल, नीरज तिवारी, भाजपा गजेंद्र प्रताप, विपिन सिंह, मनीष मित्तल, बसपा चंद्रशेखर राव, विनोद कुमार गौतम, आप से धर्मेंद्र सिंह, सपा से योगेंद्र यादव, प्रतिनिधि बीकेएलजेपी जितेंद्र रौतेला, दीपक जोशी आदि।

# एफएसटीपी के निर्माण कार्य में लाई जाए तेजी

संवाददाता, रुद्रपुर

समीक्षा

- डीएम ने समीक्षा बैठक में कार्यदायी संस्था को दिए निर्देश
- प्लांट की अवशेष धनराशि के लिए करें तुरंत पत्राचार

**अमृत विचार:** रुद्रपुर में अमृत योजना के तहत निर्माणाधीन फीकल स्लज एवं ट्रीटमेंट प्लांट (एफएसटीपी) के कार्य की जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कार्यदायी संस्था को प्लांट के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि योजना के तहत जो भी अवशेष धनराशि शासन स्तर पर लंबित है उसके लिए अभियंता सिविल व मैकेनिकल विभागाध्यक्ष से तुरंत पत्राचार करें। उसकी प्रति जिला कार्यालय को भी उपलब्ध करायें ताकि जिला कार्यालय से भी योजना धनराशि उपलब्ध कराने के लिए प्रमुख सचिव शहरी विकास व प्रबंध निदेशक को पत्र लिखा जा सके।

इस दौरान कार्यदायी संस्था के प्रबंधक सीबी सिंह ने बताया कि रुद्रपुर एफएसटीपी का सिविल कार्य पूर्ण किया जा चुका है, मैकेनिकल कार्य किया जाना है। विगत 9 माह से टेस्टिंग कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन एवं मेंटेनेंस का बांड अभी नहीं हुआ है जिस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता को कार्यदायी संस्था के साथ एफएसटीपी ऑपरेशन एवं मेंटेनेंस कार्य का बांड बनाने के निर्देश दिए। साथ ही फीकल स्लज और किये जा रहे ट्रीटमेंट का डाटा उपलब्ध कराने के निर्देश कार्यदायी संस्था को दिए।

कार्यदायी संस्था के प्रबंधक ने बताया कि एफएसटीपी संचालन के लिए 50 केवी का सोलर सिस्टम प्लांट तैयार कर लिया गया है। विद्युत विभाग से नेट मीटर लगाने का अनुरोध किया गया है। इस पर जिलाधिकारी ने तुरंत विद्युत विभाग से समन्वय करते हुए कार्यवाही करने के निर्देश जल निगम के अभियंताओं को दिए। इस अवसर पर नगर आयुक्त शिप्रा जोशी, अधीक्षण अभियंता प्रणय पुरोहित, सुधीर कुमार, शिवम द्विवेदी, प्रोजेक्ट अभियंता नगर निगम अजय बंसल, सहायक अभियंता जल संस्थान पीसी पांडे, कार्यदायी संस्था से सीबी सिंह व विष्णु प्रताप सिंह आदि मौजूद थे।

# मुख्य आरक्षी ने सेवानिवृत्त दरोगा को लगाया 12 लाख रुपये का चूना

संवाददाता, रुद्रपुर

कार्रवाई

- खड़िया कारोबार में साझेदार बनाने का दिया झांसा
- कोतवाली पहुंचकर वारंट तामील कराने की उठाई मांग

**अमृत विचार:** वर्ष 2018 में कोतवाली में तैनात एक दरोगा को खड़िया कारोबार में पार्टनर बनाने का झांसा देकर लाखों रुपये ठगने का मामला सामने आया है। आरोप था कि मुख्य आरक्षी ने दरोगा को पार्टनर बनाने का झांसा दिया और ठगी को अंजाम दे डाला। इसके बाद न्यायालय द्वारा जारी वारंट तामील कराने के लिए सेवानिवृत्त दरोगा ने कोतवाली पहुंचकर एसएसआई से गुहार लगाई।

सेवानिवृत्त दरोगा राजेंद्र प्रसाद कोहली ने बताया कि वर्ष 2018 में वह कोतवाली रुद्रपुर में तैनात था। इसी दौरान उसकी मुलाकात कोतवाली में तैनात मुख्य आरक्षी से हुई। जहां उसने


खड़िया कारोबार में पार्टनर बनाने का प्रस्ताव रखा और झांसा देकर 12 लाख रुपये का आरटीजीएस करवा लिया और कारोबार में पार्टनर भी नहीं बनाया। जब रकम वापसी का दबाव बनाया गया तो आरोपी मुख्य आरक्षी ने टालमटोल करने के बाद एक चेक दिया था जो बैंक खाते में लगाते ही बाउंस हो गया।

कई बार आग्रह करने के बाद भी आरोपी पुलिसकर्मी ने नोटिस का जवाब भी नहीं दिया। इसके बाद मामला न्यायालय में विचाराधीन हो गया। आरोप था कि न्यायालय द्वारा एनआई एक्ट के तहत आरोपी पुलिसकर्मी का वारंट भी जारी कर दिया, लेकिन आरोपी हेड कांस्टेबल विभाग का फायदा उठाकर वारंट को तामील नहीं कर रहा है। इस कारण मामला अटका हुआ है। शनिवार को सेवानिवृत्त दरोगा ने कोतवाली पहुंचकर जारी वारंट को तामील करवाने की गुहार लगाई। इस पर कोतवाल धीरेंद्र कुमार ने आश्वासन दिया कि पुलिस जल्द ही वारंट तामिली कराएगी।

# गोद भराई के बाद फौजी ने मांगी कार, नगदी और सोने का कड़ा

संवाददाता, रुद्रपुर

- मांग पूरी नहीं करने पर दी शादी तोड़ने की धमकी
- पीड़ित परिवार ने पुलिस को सौंपी तहरीर, मुकदमा दर्ज

**अमृत विचार:** आईटीबीपी में तैनात फौजी द्वारा गोद भराई होने के बाद युवती से नगदी, कार और सोने का कड़ा मांगने का मामला सामने आया है। आरोप था कि फौजी व उसके परिवार ने दहेज न देने पर शादी तोड़ने की धमकी दी है। युवती की मां ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

ग्राम बिंदुखेड़ा निवासी गुरमीत कौर ने बताया कि वह एक गरीब परिवार की महिला है। उसने अपनी बेटी सीमा कौर की शादी बलविंदर सिंह निवासी ग्राम सलमका नानकमत्ता से तय की थी। 22 फरवरी 2023 को लड़के के पिता जसवंत सिंह, बहन गुरमीत कौर तथा बिचौलिये मलकीत सिंह के अलावा कुछ रिश्तेदारों के सामने बेटी की गोद भराई की रस्म भी हुई। इसमें हैसियत के अनुसार खर्चा भी किया गया। इस दौरान वर पक्ष के लोगों ने बताया कि उनका बेटा आईटीबीपी में सिपाही है और छुट्टी में आने के बाद शादी की तिथि घोषित करेंगे, जबकि बेटी और मंगेतर की फोन पर बातचीत होती रही। आरोप था कि अचानक युवक ने बेटी को फोन कर बताया कि उसे दहेज में दस लाख रुपये नगद, एक कार और पांच तोले सोने का कड़ा चाहिए। जब बेटी ने असमर्थता जताई तो फौजी ने अभद्रता की। इसी दौरान युवक के रिश्तेदारों ने भी दहेज नहीं देने पर शादी तोड़ने की धमकी दी।


जसपुर में रिहान के साथ पुलिस टीम। ● अमृत विचार

### घर से लापता रिहान बरामद, परिवार में जश्न

**जसपुर :** घर से लापता हुआ रिहान पुलिस के सहयोग से 24 घंटे के अंदर अपने घर लौट आया। उसके घर लौटने की खुशी में परिवार में जश्न का माहौल है। जसपुर के मोहल्ला पट्टी अमृत निवासी नईम अहमद ने 23 मई को कोतवाली में तहरीर देकर कहा था कि उनका पुत्र मौहम्मद रिहान (उम्र 11 वर्ष) घर से बिना बताए कहीं चला गया है। इस मामले की विवेचना एसआई सुशील कुमार को सौंपी गई। पुलिस टीम लापता हुए रिहान की तलाश में 24 मई को हरिद्वार पहुंची। जहां पुलिस ने रिहान को बरामद कर लिया। पुलिस ने उसे उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने लापता हुए बालक को तलाश करने में मात्र 24 घंटे में सफलता प्राप्त की। पुलिस टीम में कोतवाल हरेंद्र चौधरी, एसआई सुशील कुमार, कांस्टेबल जमशेद अली शामिल रहे। लापता हुए बच्चे के लौटने पर उसके परिजनों में खुशी की लहर दौड़ गई।

# कोरोना काल : राशन का नहीं हुआ भुगतान

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर्स फेडरेशन, काशीपुर के सदस्यों ने विधायक त्रिलोक सिंह चीमा को ज्ञापन सौंपा। इसमें उन्होंने कोरोना काल में राशन विक्रेताओं द्वारा वितरण किए गए राशन का लंबित भुगतान कराए जाने की मांग की।

शनिवार को विधायक कार्यालय पर विधायक त्रिलोक सिंह चीमा की गैरमौजूदगी में पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा को ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर्स फेडरेशन के सदस्यों ने ज्ञापन सौंपकर कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत कोरोना काल 2022-21 के दौरान विक्रेताओं द्वारा जो राशन वितरण


पूर्व विधायक को ज्ञापन देते राशन विक्रेता। ● अमृत विचार

गया गया था उसका सात माह का भुगतान अब तक लंबित है। उन्होंने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के रेगुलर बिल माह जनवरी 2024 से मई तक के भी भुगतान कराए जाने की मांग की। साथ ही कहा कि भुगतान न होने के कारण राशन विक्रेता प्रभावित हो रहे हैं। ज्ञापन देने वालों में समिति की अध्यक्ष दीपा चौहान, उपाध्यक्ष राजीव त्रिपाठी, मंत्री पीके अग्रवाल, कोषाध्यक्ष ब्रजकिशोर सिंह, संगठन मंत्री चंद्रपाल सिंह सहित प्रवीण सिंह सैनी, महेश चंद्र, ज्ञान सिंह, गुरविंदर सिंह, हरीश पांडेय आदि मौजूद रहे।

पहल

## उत्तराखंड के विकास के लिए आईआईएम काशीपुर और एसईटीयू ने की चर्चा, नवीनतम तकनीकों को अपनाने का दिया जोर

# स्टार्टअप से लाखों किसानों के जीवन में आया बदलाव

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** स्टेट इंस्टीट्यूशन फॉर एम्पावरिंग एंड ट्रांसफॉर्मिंग (एसईटीयू) उत्तराखंड और आईआईएम काशीपुर के मध्य एक बैठक हुई। इसमें प्रदेश के विकास को लेकर चर्चा की गई।

आईआईएम काशीपुर में हुई बैठक में एसईटीयू, उत्तराखंड के उपाध्यक्ष राज शेखर जोशी ने आईआईएम के निदेशक प्रोफेसर कुलभूषण बलूनी के साथ एक महत्वपूर्ण चर्चा की। इसमें आईआईएम काशीपुर के निदेशक कुलभूषण बलूनी ने फाउंडेशन ऑफ इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट (एफआईईडी) विंग के साथ-साथ डिजाइन इनोवेशन सेंटर


आईआईएम में हुई बैठक में मौजूद एसईटीयू व आईआईएम के अधिकारी। ● अमृत विचार

(डीआईसी) द्वारा राज्य के ग्रामीण उद्यमियों और कृषि-आधारित स्टार्टअप को सहयोग के बारे में अवगत कराया। उन्होंने बताया कि पिछले सात सालों में आईआईएम काशीपुर के फीड द्वारा 200 से ज़्यादा स्टार्ट अप को सहयोग किया गया। इसमें 40% के आसपास कृषि आधारित स्टार्टअप शामिल हैं। इन स्टार्टअप से न सिर्फ़ लाखों किसानों के जीवन में बदलाव आया बल्कि 112 करोड़ से ज़्यादा की राशि भी जुटाई। राज शेखर जोशी ने उद्यमिता और इनोवेशन को बढ़ावा देने की दिशा में आईआईएम के योगदान को सराहा और इसके प्रभाव और योगदान का विस्तार करने के सुझाव दिए। जोशी ने राज्य में विभिन्न विकासात्मक पहलों के लिए संयुक्त परियोजनाओं, अध्ययन, प्रशिक्षण और अनुसंधान को आगे बढ़ाने में आईआईएम को समर्थन का आश्वासन दिया। साथ ही जोशी ने उत्तराखंड राज्य के लिए विभिन्न गतिविधियों को तेज करने और उसे अमल में लाने के लिए नवीनतम तकनीकों को अपनाने की जरूरत और इस प्रयास में आईआईएम की भूमिका पर भी चर्चा की।

बैठक में आईआईएम के डीन डेवलपमेंट प्रो. कुणाल गांगुली, डीन एकेडमिक प्रो. सोमनाथ चक्रवर्ती, एसोसिएट डीन (एडमिन) प्रो. वेंकटराघवन, प्रो. वैभव भमोरिया, प्रो. सफल बत्रा, प्रो. विवेक रॉय और प्रो. गार्गी रावत ने हिस्सा लिया।

Admission Open 2024-25 Admission Open 2024-25
KESHLATA COLLEGE
OF NURSING AND PARAMEDICAL INSTITUTE
Affiliated to Atal Bihari Vajpayee Medical University, Lucknow (UP) - Approved by INC, PCI, New Delhi
Affiliated to U.P. State Medical Faculty, Lucknow (UP), Email : kconbly2012@gmail.com, Web : www.keshlatanursing.com
Nursing Courses
- B.Sc. Nursing (4 Year)
- Post Basic B.Sc. Nursing (2 Year)
- G.N.M (3 Year)
- A.N.M (2 Year)
Paramedical Diploma Courses (2 Year)
- O.T. Technician
- Optometry
- Cardiology
- Physiotherapy
- C.T. Scan
Pharmacy Course (2 Year)
- D. Pharma
Facilities Available
- QCI Rating 'A' Institute
- Scholarship Facility
- Smart Classes
- 100% Placement
- Clinical Training in 1050 Beded Hospital
- Experienced Faculty
- Well Equipped Computer Lab.
- Library
- Modern Specialization Laboratory
- Value Added Courses
- Field Visits
- Wi-Fi & Lush Green Campus
- Hostel
- Education Loan Available
Campus : Keshlata Hospital, Delapeer, Stadium Road, Bareilly-243122
Mob. 9412289231, 9837052422, 7983676609, 6395492431

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024-25
Accreditations, Affiliations & Approvals
प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध
मेडिकल साइसेंज
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेन्टल साइंसेज
डिप्लोमा - डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा - डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/निर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)
पैरामेडिकल साइंसेज
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/ डिप्लोमा इन इमरजेंसी और ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)
फोरेंसिक साइंसेज
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए (आईटी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
योगा एंड नेचुरोपैथी
पीजी डिप्लोमा इन योगा एंड नेचुरोपैथी (PGDYN)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)
E-mail : admission@biu.edu.in

## सार-संक्षेप



क्रिकेट मैच के दौरान खुशी मनाते छात्र। ● अमृत विचार

### वर्तमान छात्रों ने पूर्व छात्रों को क्रिकेट मैच में हराया

**गदरपुर** : मोनाड पब्लिक स्कूल में शनिवार को मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। मैच का शुभारंभ स्कूल के डायरेक्टर संजय सिंह एवं मनमोहन सिंह रावत ने फीता काटकर किया। स्कूल की प्रधानाचार्य नेहा भारद्वाज ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। मैच वर्तमान छात्रों एवं पूर्व छात्रों के बीच खेला गया। पूर्व छात्रों की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में छह विकेट खोकर 97 रन बनाए। जिसमें अभिषेक कंबोज ने सर्वाधिक तीसरे रन बनाए। वर्तमान छात्रों की टीम ने 5 विकेट से मैच जीत लिया।

### बीएड तृतीय सेमेस्टर का परीक्षाफल रहा शत-प्रतिशत



**जसपुर** : आरएलएस मेमोरियल डिग्री कॉलेज जसपुर का बीएड तृतीय सेमेस्टर का परीक्षाफल शत–प्रतिशत रहा। कुमाऊं विश्वविद्यालय द्वारा घोषित बीएड तृतीय सेमेस्टर के परीक्षाफल में आरएलएस मेमोरियल डिग्री कॉलेज किशनपुर, जसपुर के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। महाविद्यालय की कनिका सुखीजा ने 89 .68 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कॉलेज में प्रथम स्थान, तृप्ति ने 89 .47 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा सुरभि चौहान ने 89 .26 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय सचिव विनय चौहान, उपप्राचार्या डॉ . भुवनेश कुमारी, बीएड विभागाध्यक्ष डॉ . रवि कुमार ने महाविद्यालय में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले तथा अन्य मेधावी विद्यार्थियों को बधाई दी।

### दो माह से वेतन नहीं मिलने से पर्यावरण मित्र नाराज

**रुद्रपुर** : दो माह से वेतन नहीं मिलने समेत कई समस्याओं को लेकर देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी से मुलाकात की। इस दौरान पदाधिकारियों ने उनकी समस्याओं का जल्द समाधान करने की मांग उठाई। शनिवार को संघ के जिला अध्यक्ष विनोद कुमार के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने नगर निगम काशीपुर और पंतनगर की नगर पालिका नगला में लंबित समस्याओं के समाधान एवं वेतन विसंगतियों को दूर करने की मांग की। इस अवसर पर प्रदेश संगठन मंत्री अमित कुमार, नितिन चरन, पंतनगर शाखा अध्यक्ष मनोहर लाल वाल्मीकि, काशीपुर शाखा अध्यक्ष सुमित सौदा, महामंत्री राजीव कुमार, रुद्रपुर शाखा अध्यक्ष मुकेश राजोरिया, रंजीत चरण, धर्मेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।



स्मारिका का विमोचन करते कुलपति डॉ . मनमोहन सिंह चौहान।

### पंतनगर विवि में कॉलोजियम-2024 का शुभारंभ

**पंतनगर** : जीबी पंत कृषि विश्वविद्यालय के प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में शुक्रवार की देर शाम राष्ट्रीय स्तर के तकनीकी उत्सव 'कॉलोजियम–2024' का शुभारंभ हुआ। इस समारोह का उद्घाटन बीएन हॉल में किया गया, जहां प्रमुख शिक्षाविद और बड़ी संख्या छात्र में मौजूद थे। कुलपति ने ईटीएस के एडिटोरियल बोर्ड की वार्षिक पत्रिका का विमोचन किया। डीन टेक्नोलॉजी डॉ . अलकनंदा अशोक ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। उद्घाटन के बाद पंतनगर के इतिहास और संस्कृति पर आधारित एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही 'पेंट वॉल' जैसे मनोरंजक कार्यक्रम भी आयोजित हुए, जहां छात्रों ने दीवारों पर अपनी कलाकारी दिखाई। उत्सव का समापन 26 मई को कलाकार गजेंद्र वर्मा की 'आर्टिस्ट नाइट' के साथ होगा। इस दौरान डीएसडब्ल्यू बृजेश सिंह, कुलसचिव केपी रावेरकर, डीन वेटरिनरी एसपी सिंह, निदेशक संचार जेपी जायसवाल, निदेशक विधि टीपी सिंह मौजूद थे।

### समाजसेवी कमला देवी कांडपाल का निधन



कमला देवी कांडपाल।

**दिनेशपुर** : चरनपुर निवासी समाजसेवी कमला देवी कांडपाल (87) पत्नी स्व . गजाधर कांडपाल का निधन हो गया। उनके निधन पर क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनका पैतृक स्थान गरूड़ बागेश्वर था। वह अपने पीछे एक पुत्र व तीन पुत्रियों का भरापूरा परिवार छोड़ गई हैं। उनकी अंत्येष्टि चित्रशिला घाट रानीबाग हल्द्वानी में की गई। उनकी चिता को उनके पुत्र प्रेमचंद कांडपाल ने मुखाग्नि दी। उनके निधन पर उनके निवास चरनपुर में शोक व्यक्त करने वालों का तांता लग गया। इस मौके पर पूर्व कैबिनेट मंत्री विधायक अरविंद पांडेय, पूर्व सूबेदार मेजर हिम्मत सिंह कुंवर, प्रधान हेमगिरी गोस्वामी, मदन मोहन जोशी, विधायक प्रतिनिधि प्रयाग दत्त कांडपाल, नरेंद्र सिंह कोरंगा, गोपाल डोगरा, धर्म सिंह देऊपा, राजेंद्र सिंह कोरंगा, प्रकाश चंद्र कांडपाल, गोविंद सिंह कोरंगा, हरिश चंद्र खोलिया, नवीन चंद्र खोलिया, महेश चंद्र जोशी, मथुरा दत्त पांडे, कौशल कांडपाल, पूरन चंद आदि ने शोक व्यक्त किया।



प्रधानाध्यापक का फूल माला पहनाकर स्वागत करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

### दिनेश शर्मा को किया गया पद पर बहाल

काशीपुर : राजकीय प्राथमिक विद्यालय बांसखेड़ा प्रधानाध्यापक एवं संकुल प्रभारी दिनेश शर्मा व सहायक अध्यापक अंकुर चौहान ने शनिवार को उपखंड शिक्षा अधिकारी धीरेंद्र कुमार साहू के आदेशानुसार पदभार ग्रहण कर लिया है। गांव वालों ने दोनों का माला पहनाकर स्वागत किया। विगत 15 फरवरी को एक प्राइवेट स्कूल के प्रबंधक द्वारा की गई शिकायत पर विजिलेंस की टीम ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय बांसखेड़ा के प्रधानाध्यापक व संकुल प्रभारी दिनेश शर्मा को सहायक अध्यापक अंकुर चौहान के साथ कथित रूप से रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया था। वहां के ग्रामीणों ने उनकी गिरफ्तारी को लेकर हंगामा भी किया था। करीब एक सप्ताह पूर्व वे न्यायालय से मिली जमानत पर घर वापस आ गए थे। जमानत मिलने के बाद शिक्षा विभाग ने दिनेश शर्मा को उनके पद पर बहाल कर दिया है। उपखंड शिक्षा अधिकारी धीरेंद्र कुमार साहू ने कल इस आशय का आदेश जारी करते हुए दिनेश शर्मा को अपना पद संभालने के निर्देश दिए थे। जिस पर उन्होंने शनिवार को विद्यालय पहुंचकर अपना पदभार ग्रहण कर लिया। इस अवसर पर विद्यालय के स्टाफ के साथ ही गांव एवं आसपास के तमाम लोगों ने विद्यालय पहुंचकर शर्मा को बधाई देते हुए उनके कार्यकाल की तारीफ की। इस मौके पर वहां बांसखेड़ा की ग्राम प्रधान शाइस्ता, प्रधान प्रतिनिधि मोहम्मद शकील अहमद, पूर्व प्रधान प्रतिनिधि विजेंद्र सिंह, पूर्व प्रधान रियासत हुसैन, सखावत हुसैन मौजूद थे।

# प्रीति आत्महत्या प्रकरण में आठ लोगों पर मुकदमा दर्ज

## विधायक ने कोतवाल का किया घेराव, विवाहिता को उकसाने का लगाया आरोप

**संवाददाता, रुद्रपुर**



कोतवाल का घेराव करते विधायक अरोरा और आदर्श कॉलोनी के लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** आदर्श कॉलोनी घास मंडी में प्रीति आत्महत्या प्रकरण में विधायक ने लोगों के साथ कोतवाल का घेराव किया। इसके बाद पुलिस ने तहरीर के आधार पर आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

शनिवार को विधायक शिव अरोरा सहित आदर्श कॉलोनी घास मंडी में मृतक प्रीति के परिजनों ने कोतवाल सुरेंद्र कुमार का घेराव किया। जहां मृतक प्रीति के पति रामानंद सागर उर्फ पप्पू सागर ने कोतवाल को तहरीर देते हुए आरोप लगाया कि पड़ोसी युवक धर्मेंद्र कुमार उसकी नाबालिग बेटी को बेवजह परेशान करता रहता था। जब इस बात का पता उसकी पत्नी को लगा तो उसने विरोध जताया और मामला आदर्श कॉलोनी चौकी पहुंच गया। जहां युवक ने माफी मांगते हुए समझौता किया था।

आरोप था कि 24 मई को वह काम पर चला गया और बच्चे घर के बाहर खेल रहे थे कि तभी मौका पाकर आरोपी युवक घर में घुसा और उसकी पत्नी को धमकी दी। इस कृत्य में आरोपी युवक के परिवार के दौलत राम, रेशमिया, सुरेंद्र कुमार, जितेंद्र कुमार, विजेंद्र कुमार,नीरज कुमार, शोभिंद्र व एक अज्ञात व्यक्ति भी शामिल है। आरोप था कि युवक की धमकी के बाद जब बच्चे कमरे में गए तो देखा कि पत्नी फंदे पर लटकी हुई है।

आरोप था कि नाबालिग को परेशान करने और पत्नी को धमकी देने के कारण पत्नी ने आत्महत्या कर ली। विधायक के मिलने के बाद पुलिस ने प्रीति आत्महत्या प्रकरण में आठ नामजद व एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस मौके पर निवर्तमान पार्षद रंजीत सागर, नरेश सागर, महेंद्र आर्य, कमल राणा, सुनील सागर, विकास सागर, सुरेशिया देवी, बिट्टू सागर, अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।

### अध्यक्ष एवं सभासद पद के लिए कार्यकर्ताओं ने दावेदारी की

**शक्तिफार्म** : आगामी निकाय चुनाव में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने अध्यक्ष एवं सभासद पद के लिए भाजपा शक्तिफार्म मंडल अध्यक्ष विष्णुपद प्रमाणिक को अपनी दावेदारी पेश की। नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए सुनील विश्वास, अशोक मंडल, विश्वजीत हालदार, उत्तम दास, रवि मजूमदार, रंजीता मंडल, लीलिमा मजूमदार ने दावेदारी पेश की है। नगर पंचायत के सातों वार्ड से कुल 16 लोगों ने दावेदारी की है। सभासद प्रत्याशी में वार्ड नंबर 1 से कार्तिक सुतार, गोविंद मंडल, मनोज सुतार, वार्ड नंबर 2 से उपेंद्र सिंह, विश्वजीत विश्वास, वार्ड नंबर 3 से विक्रम सिंह भंडारी, मुकेश रावत, वार्ड नंबर 4 से गोविन्द पोखरिया, वार्ड नंबर 5 से सुवीर सरकार, भारती सरकार, वार्ड नंबर 6 से गोविन्द सरकार, परेश मंडल, वार्ड नंबर 7 से देवशीष पोद्दार, पवित्र मंडल, शीला पोद्दार, मीरा मंडल ने दावेदारी पेश की। भाजपा शक्तिफार्म मंडल अध्यक्ष विष्णुपद प्रमाणिक ने बताया कि शनिवार को दावेदारी करने का अंतिम दिन था।

### पृथ्वीराज बने प्रधान

**रुद्रपुर** : आर्य समाज मंदिर में वार्षिक चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुए। इस दौरान मंदिर कमेटी की ओर से सर्वसम्मति से पृथ्वीराज को प्रधान और राजेंद्र कुमार चांदना को मंत्री चुना गया। शनिवार को आर्य समाज मंदिर में वार्षिक चुनाव के दौरान अमित वासन को कोषाध्यक्ष, महावीर प्रसाद गर्ग व अल्का तनेजा उप प्रधान, शशांक गुप्ता उप मंत्री, पुस्तकालय अध्यक्ष चंद्र प्रकाश देवल, ऑडिटर पद पर राजकुमार गुलाटी को चुना गया।

# 75 प्रतिशत उपस्थिति का कड़ाई से कराएं पालन



शिक्षकों से जानकारी लेते अपर सचिव डॉ . आशीष कुमार श्रीवास्तव। ● अमृत विचार

**संवाददाता, रुद्रपुर**

**अमृत विचार:** उच्च शिक्षा विभाग के अपर सचिव डॉ. आशीष कुमार श्रीवास्तव ने सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रुद्रपुर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्राचार्य कक्ष में महाविद्यालय के शिक्षकों के साथ बैठक कर उच्च शिक्षा की दशा दिशा के संबंध में विचार विमर्श किया। साथ ही आगामी सत्र से न्यूनतम 75 प्रतिशत उपस्थिति के मानदंड का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिए।

शनिवार को महाविद्यालय के निरीक्षण के दौरान उच्च शिक्षा विभाग के अपर सचिव डॉ. श्रीवास्तव ने कहा कि किसी भी दशा में 11 जुलाई से नए सत्र की कक्षाएं प्रारंभ करना और प्रत्येक सेमेस्टर में अनिवार्य रूप से 90 दिन की कक्षाओं का संचालन करना महाविद्यालय का लक्ष्य होना चाहिए। उन्होंने महाविद्यालय के समर्थ पोर्टल के माध्यम से प्रवेश में आ रही समस्याओं के निराकरण के लिए शासन स्तर से हरसंभव प्रयास किए जाने की बात कही।

महाविद्यालय में चल रहे मूल्यांकन केंद्र के निरीक्षण के दौरान उन्होंने मूल्यांकन कर रहे शिक्षकों से बातचीत की और मूल्यांकन की विविध बारीकियों के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने कुछ मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं का भी अवलोकन किया। समाजशास्त्र विषय में 97.33 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी की उत्तर पुस्तिका को भी देखा।

उत्तराखण्ड शासन




देवभूमि उत्तराखण्ड
चारधाम यात्रा में
पधारने वाले सभी श्रद्धालुओं का हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन

अपील

- चारधाम आने वाले तीर्थयात्रियों से अनुरोध है कि अपना पंजीकरण अनिवार्य रूप से करायें।
- बिना पंजीकरण चारधाम यात्रा की अनुमति प्रदान नहीं की जायेगी।
- पंजीकरण के उपरांत जिस धाम के दर्शन के लिये जो तिथि सुनिश्चित की गयी है, उस धाम का दर्शन उस तिथि को ही करें।
- चारधाम यात्रा का ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन दिनांक 31 मई, 2024 तक बन्द कर दिया गया है। केवल ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन ही किया जा रहा है।
- यात्रा के दौरान सिंगल यूज़ प्लास्टिक का प्रयोग न करें।

रजिस्ट्रेशन के माध्यम

GET IT ON Google Play
registrationandtouristcare.uk.gov.in | +91-8394833833 (Type 'yatra' on WhatsApp)
Toll Free Number 0135 1364 | ऐप डाउनलोड करें: touristcareuttarakhand
Download on the App Store

अधिक जानकारी हेतु सम्पर्क करें।

फोन नम्बर 0135-1364, 0135-2559898, 0135-2552627 | ई-मेल : touristcare.uttarakhand@gmail.com

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी
www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR

# आनंद से भरी पूरी है सृष्टि



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> भारतीय सामाजिक जीवन में प्राचीन काल से ही ईश्वर, देवी, देवता जैसे प्रतीक हैं। आशावादी अपनी आस्तिकता के कारण अपने दुख और अवसाद से छुटकारा पाने के लिए देव शक्तियों पर विश्वास करते हैं। पश्चिम प्रेरित सभ्यता इसे अंधविश्वास कहती है, लेकिन ऐसे देव विश्वास मनुष्य शरीर की रासायनिक क्षमता को आशावादी बनाते हैं और विषाद प्रसाद में बदल जाता है।

सत्य, शिव और सौंदर्य अस्तित्व का प्रसाद हैं। प्रसन्न होने के लिए यह सब पर्याप्त है। मनुष्य ने प्रत्यक्ष रूप में बड़ी उन्नति की है। भौतिक ज्ञान व्यापक हुआ है। विज्ञान के क्षेत्र में आश्चर्यजनक शोध हुए हैं। भारतीय दर्शन में आनंदमय चिंतन के शाश्वत सूत्र हैं। कला और सौंदर्यबोध भी शिखर पर हैं। सुख, स्वस्ति और आनंद भी अविरल प्रवाहमान हैं, लेकिन पश्चिम प्रेरित आधुनिकता ने जीवन को प्रतिस्पर्धी बनाया है। प्रतिस्पर्धी जीवन के प्रभाव में आनंद के स्रोत व्यक्ति को आश्वस्ति नहीं देते। प्रसन्न रहना और प्रसन्न होना सभी व्यक्तियों का मौलिक अधिकार है। प्रसन्नता सहज सुलभ है, लेकिन प्रसन्नता के सूचकांक में दुनिया के तमाम देशों की स्थिति चिंताजनक है। पश्चिम प्रेरित आधुनिकता में धन और भौतिक संसाधनों को संग्रह करने की प्रतिस्पर्धा है। व्यक्तिवाद बढ़ा है। सामाजिक उल्लास के लिए सामूहिक जीवन की आवश्यकता होती है। सामाजिक उल्लास की परम्परागत व्यवस्था का नाम उत्सव है। अकेला व्यक्ति प्रसन्न नहीं हो सकता। एकाकी व्यक्ति उत्सवों का आयोजन भी नहीं कर सकता। उत्सवों के आनंद घटे हैं।

जीवन में प्रसाद का अभाव है और अवसाद का प्रभाव। अवसाद वस्तुतः पराजित मानसिकता का परिणाम है। मित्रता सुख देती है। मित्र परस्पर सुख-दुख बांटते हैं,लेकिन मित्रता भी स्वार्थ निरपेक्ष नहीं है। एकाकी होने में दुख है। एकाकी अनुभव होने में और ज्यादा दुख है। बृहदारण्यक उपनिषद् में सृष्टि के विकास का सुंदर वर्णन है। ऋषि कहते हैं, ''पहले वह अकेला था। अकेले होने के कारण उसे आनंद नहीं मिला। उसे अकेले में आनंद नहीं आया।'' आकार में सबसे बड़ी बृहदारण्यक उपनिषद् शतपथ ब्राह्मण का एक हिस्सा है। इसका अध्ययन विचारोत्तेजक है। इसमें सृष्टि सृजन के सम्बंध में कहते हैं, ''पहले केवल आत्मा था। वह अकेला था-अहमस्मि। बताते हैं कि वह भयभीत हुआ। उसने चारों ओर देखा। दूसरा कोई नहीं था। दूसरा कोई नहीं तो डर कैसा। वह निर्भय हो गया।'' इसका संदेश सुस्पष्ट है। आत्मबोध निर्भय बनाता है। आगे बताते हैं, ''उस अकेले को आनंद नहीं आया-स वै नैव रैमे तस्मात् एकाकी न रमते।'' वैसे भी अकेले को आनंद नहीं आता। एक कोई और हो तो अच्छा लगता है। उसने एक और की इच्छा की। उसने स्वयं को विभाजित कर दिया। वह एक से दो हो गया। आत्मविश्वास का संकट भी अंतर्मन को आहत करता है। तनाव भी दुख के लिए उत्तरदायी है। अवसाद से अनेक बीमारियां भी बढ़ती हैं। इसका उल्टा भी होता है। लंबे समय की बीमारी भी अवसाद बढ़ाती है। अवसाद एक विशेष प्रकार की मनोदशा है। इस मनोदशा में स्वयं पर विश्वास नहीं रह जाता। आत्मविश्वास की कमी अवसाद को और भी बढ़ाती है। इसके प्रभाव की गंभीरता को देखते हुए 2021 में जापान में मिनिस्ट्री ऑफ लोनलिनेस मंत्रालय बनाया गया। इस मंत्रालय का उद्देश्य लोगों को अवसाद की दशा से मुक्त करना था, लेकिन इस सरकारी विभाग के द्वारा किए गए काम कोई परिणाम नहीं दे सके। दरअसल अवसाद जैसी खतरनाक मनोदशा को दूर करने के लिए सरकारी विभाग बना देना पर्याप्त नहीं है। निराशा विशेष प्रकार की मनोदशा है। आशा अभावग्रस्त व्यक्ति को भी दुखी नहीं होने देती। आशा का सीधा अर्थ है कि भविष्य में सब कुछ अच्छा ही होगा। आशा भविष्य पर विश्वास है। निराशा अपने कर्मों पर भी विश्वास नहीं करने देती। मनोचिकित्सकों के लिए यह एक बीमारी है। उनका कहना है कि मस्तिष्क का एक हिस्सा मनुष्य को अपनी सुरक्षा के लिए सावधान करता है और उसके निर्णय लेने की विधि को भी प्रभावित करता है। ऊंचाई से डर लगना या लिफ्ट में घबराहट का अनुभव करना दुख है। अवसाद की स्थिति में मस्तिष्क का यह हिस्सा व्यवस्थित काम नहीं करता। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत अवसाद के मरीजों के मामलों में अग्रणी देशों में है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है।

भारतीय सामाजिक जीवन में प्राचीन काल से ही ईश्वर, देवी, देवता जैसे प्रतीक हैं। आशावादी अपनी आस्तिकता के कारण अपने दुख और अवसाद से छुटकारा पाने के लिए देव शक्तियों पर विश्वास करते हैं। पश्चिम प्रेरित सभ्यता इसे अंधविश्वास कहती है, लेकिन ऐसे देव विश्वास मनुष्य शरीर की रासायनिक क्षमता को आशावादी बनाते हैं और विषाद प्रसाद में बदल जाता है। भारतीय दर्शन परंपरा में परम सत्ता को समूचे अस्तित्व के लिए कर्ता धर्ता बताया गया है। भारतीय संस्कृति में यथार्थवाद की अनेक धाराएं हैं।

चार्वाक मत न ईश्वरीय सत्ता मानता है और न पुनर्जन्म। उसकी घोषणा मजेदार है, ''जब तक जियो सुख से जियो। उधार लो और घी खाओ-यावत् जीवेत्, सुखम् जीवेत्। ऋणम् कृत्वा, घृतम् पीवेत्।'' इस देह और संसार के परे कुछ भी नहीं है। इसे नास्तिक दर्शन माना जाता है। ऋग्वेद से लेकर समस्त वैदिक साहित्य में आनंद प्राप्ति का दर्शन है। मनुष्य निराशा में आनंदित नहीं होता और दुख में भी नहीं। जीवन दृष्टि को आनंदमार्गी बनाना जरूरी है। आशा में आश्चर्यजनक ऊर्जा होती है। छान्दोग्य उपनिषद की कथा के अनुसार सम्पूर्ण वैदिक साहित्य और भौतिक विज्ञान की सभी शाखाएं पढ़ लेने के बाद भी नारद अशांत थे। वे उस समय के प्रतिष्ठित विद्वान सनत् कुमार के पास गए। सनत् कुमार ने उनके द्वारा पढ़ी सम्पूर्ण विद्या को अपर्याप्त बताया है और कहा कि आशा में बल है। इसमें सुख है। नारद ने पूछा, यह सुख क्या है? सनत् कुमार ने बताया, ''जो पूर्ण है, वही सुख है। जो अपूर्ण है वही दुख है।'' ऋषि ने अन्य उपनिषद में पूर्ण का अस्तित्व समझाते हुए कहा है, ''यह पूर्ण है। वह पूर्ण है। उस पूर्ण से यह पूर्ण प्रकट हुआ है। पूर्ण से पूर्ण घटाओ तो पूर्ण ही बचता है।'' पूर्णता पूर्ण अनुभूति देती है। ब्रह्म पूर्ण है। ब्रह्मविद ब्रह्म अनुभूति पाते हैं। ब्रह्म अनुभूति में ब्रह्मानंद है।

सृष्टि आनंद से भरी पूरी है। देखने की सकारात्मक दृष्टि होनी चाहिए। नदी तट पर खड़े होकर जल प्रवाह देखना आनंद है। नदी की लहरों का नाद संगीत सुनना आनंद है। आकाश में चमकते तारों को प्रीतिपूर्ण ढंग से देखना भी आनंद है। वायु का स्पर्श आनंददायी है। मित्र का साथ विशेष आनंददाता है। विद्वान आचार्य के पास बैठना आनंद है। गीत या कविता सुनना आनंद है। संगीत के सात सुरों को ध्यान से सुनना भी आनंददायी है। कलाओं का दर्शन आनंददाता है। प्रकृति बहुरुपिया है। सर्वत्र रूप ही रूप हैं। पेड़ों पर बैठे चहकते गीत गाते पक्षियों को देखना सुनना आनंद है। पक्षियों के छोटे बच्चों को सहलाना विशेष आनंद है। बच्चे बिल्ली के हों या कुत्तों के अथवा अन्य किसी जानवर के, उनको सहलाना, उनके प्राकृतिक व्यवहार को ध्यान से देखना भी आनंद है। सूरज उगने से पहले लालिमा से भरी पूरी ऊषा को देखना विशेष आनंद है। माता-पिता का आशीर्वाद प्राप्त करना भी आनंद है। स्वयं को प्रकृति सृष्टि का अविभाज्य अंग जानना भी आनंद है। प्रकृति में यत्र तत्र सर्वत्र आनंद के प्रोत्साहक रूप हैं। उन्हें देखना सुनना भी आनंद है। आनंद रस आपूरित जीवन दृष्टि में समूचा ब्रह्माण्ड आनंद से भरा पूरा छलकता अमृतघट होता है। यह सहज सुलभ है। तब विषाद की कोई स्थिति नहीं होती। आनंदमयता में जीवन प्रसाद से भर जाता है।

# अफसर साहित्यकार और हिंदी जगत



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

आजकल अफसर लेखक को हिन्दी साहित्य वाले बहुत सम्मान देते हैं। अफसर लेखक की भूमिका को वे गंभीरता से विश्लेषित नहीं करते, जन सरोकारों के संदर्भ में उसकी भूमिका को खोलकर नहीं देखते। उसे सिर्फ संसाधनों के संदर्भ में देखते हैं। इसने साहित्य के जन सरोकारों को प्रदूषित किया है,संघर्षशील कतारों को कमजोर किया है।

एक जमाना था हिन्दी में जन सरोकारों से जुड़े साहित्यकार महत्वपूर्ण माने गए, बाद में ऐसा दौर आया कि अफसर साहित्यकार ही साहित्य के सितारे बन गए। आज साहित्यकारों में अफसर साहित्यकारों के इर्द-गिर्द जमघट रहता है, ये अफसर साहित्यकार साहित्य को कुछ नहीं दे पाए हैं। हां, एक काम जरूर हुआ है कि साहित्यकार में अफसरों की आदतें आ गई हैं। साहित्यकारों में वे सारी तिकड़में आ गई हैं, जो अफसर में होती हैं। तिकड़मी और ऊपर के कनेक्शन वाला मजेदार साहित्यकार पैदा हुआ है, जो साहित्य में मजे ले रहा है और साहित्य को मजमे की तरह इस्तेमाल करके विनिमय कर रहा है। अफसर साहित्यकारों के पास एक अच्छी खासी जमात सरकारी तंत्र और राजनेताओं की है। इसने साहित्य को सत्ता के तंत्र का पुर्जा बनाकर रख दिया है। सवाल यह है कि साहित्यकार की भूमिका को समग्रता में देखें या अंश में देखें? कहां से देखें?

साहित्यकार को समग्रता में देखना सही होगा। इससे साहित्य में आए अफसरों और प्रशासनिक अधिकारियों, कुलपति, कुलाधिपति आदि की बीमारियों से साहित्य को बचाने में मदद मिलेगी। एक जमाना था लेखक हुआ करता था। बाद में कार्यकर्ता लेखक आया,लेकिन इसके बाद अफसर लेखक ने साहित्य के क्षितिज को अपने कब्जे में ले लिया है। अफसर लेखक आज महान लेखक है। यह वह व्यक्ति है जिसके सामाजिक सरोकार सत्ता से अभिन्न रूप से जुड़े हैं और यह अपनी संगत, शोहरत, संपर्क आदि के जरिए साहित्य जगत को प्रभावित कर रहा है। इसे साहित्य में करप्शन का गोमुख भी कह सकते हैं। साहित्य की प्रतिवादी भूमिका, नागरिक की प्रतिवादी भूमिका आदि को विकृत करने में अफसर साहित्यकार की विगत 60 सालों में महत्वपूर्ण भूमिका रही है। हिंदी जगत का एक अन्य पहलू है। यहां पाखंडी किस्म के अ-लेखक बहुत हैं। ये लिखते नहीं हैं, साहित्यकारों की गप्पें ज्यादा हांकते हैं।

नामी लेखकों की चाटुकारिता करना, उनकी आवभगत करना और उनसे संपर्क रखना। इस तरह के अ-लेखकीय प्राणी अमूमन कॉलेज -विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग में पाए जाते हैं। ये साहित्य के गप्पी हैं, इनकी न तो पढ़ने में रूचि है और न संसार को जानने में रूचि है। वे तो साहित्य में लंबी हांकने में माहिर हैं।


सोशल मीडिया पर हिंदी में फैशनेबुल नॉनसेंस लिखने वालों की अच्छी खासी संख्या है। इसके दायरे में सतही लेखन, अप्रासंगिक कृत्रिम रूप में अवधारणाओं का प्रयोग और उन पर हमला, अर्थहीन शब्दों का प्रयोग आदि आते हैं। इसमें वे लोग शामिल हैं, जो शब्दों को मेनिपुलेट करने में माहिर हैं और विज्ञानसम्मत चीजों तथा पदबंधों का निषेध करते हैं। इसमें वह लेखन भी शामिल हैं, जो ज्योतिष, अंधविश्वास और बहुलतावाद का निषेध करता है। इस तरह का लेखन सोशल मीडिया के सामान्य चिंताधारा वाले मित्रों को अपील करता है और उत्तेजित करता है। मजेदार बात यह है कि हिन्दी के अधिकांश लेखक गुदड़ी के लाल होने के गुमान में रहते हैं।

# तीर्थ स्थलों को न बनाएं पर्यटन का अड्डा



दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

> मैदान में ऐसा माना जाता है कि इन महीनो में पहाड़ पर बहुत ठंड पड़ती है, लेकिन ऐसा कुछ नहीं होता उस समय मौसम पूरी तरह से साफ रहता है और ठंड भी ज्यादा नहीं होती है।



तेईस हजार फीट की ऊंचाई पर एक तरफ बर्फ से ढकी चोटियां साफ दिखाई देती हैं तो दूसरी ओर नंगी पठारी शिखर श्रेणियां छाती ताने खड़ी रहती हैं। हिमशिखरों से समय-समय पर हिमनद का हिस्सा टूटा रहता है। काले कबरे पहाड़ों से पत्थर गिरते हैं। इस बीच नागिन की तरह बलखाती पगडंडी पर होता है, एक आम आदमी। मंदाकिनी के तट पर स्थित पवित्र केदारनाथ धाम के मार्ग का कोई यात्री यही वर्णन कर सकता है, लेकिन केदारनाथ की यात्रा अब पहले जैसी नहीं रही।


पहले इस यात्रा में केवल बड़े-बुजुर्ग लोग ही जाया करते थे और तब जब कोई बुजुर्ग चार धाम की यात्रा पर निकलता था तो सारा गांव मिलकर उन्हें विदा करता था। लोग आशीर्वाद लेते थे। गांव के सभी लोग अपने घरों से भेंट (पैसा) लाकर उन्हें देते और कहते थे कि लौट के आओ तो उन्हें मंदिर का प्रसाद अवश्य दें। तब यात्रा श्रद्धा, विश्वास और मर्यादा से जुड़ी थी। यात्रा के दौरान यात्री इस बात का ध्यान रखते थे कि उनसे कोई भूल न हो, कोई अपराध न हो, लेकिन आज अधिकतर यात्रियों में न श्रृद्धा है और न ही विश्वास। यदि श्रद्धा होती तो शिव के धाम को रील बनाने और नाचने की जगह न बनाते। यदि विश्वास होता तो जानते की हर तीर्थ स्थल की कुछ अपनी मर्यादाएं होती हैं जिनका स्वतः पालन करना जरूरी है। आज से ढाई तीन दशक पहले तक हिंदू जनमानस में बद्री-केदार की यात्रा जीवन की अंतिम यात्रा मानी जाती थी। यह गृहस्थ धर्म निभा लेने के बाद कि वो यात्रा थी कि मृत्यु भी हो जाए तो मोक्ष की प्राप्ति हो, पर आज जो लोग महज घुम्मकड़ी तथा वीडियो और रील बनाकर अपने लाइक्स और कमेंट्स बढ़ाने के लिए यात्रा कर रहे हैं,वे उन यात्रियों के लिए भी परेशानी का सबब बनते हैं, जो सच में श्रद्धा भाव के साथ दर्शन को निकले हैं।

केदारनाथ जाने वाले सभी यात्रियों को तीर्थाटन और पर्यटन के अंतर को समझना चाहिए। यह कोई पर्यटन स्थल नहीं है और न ही कोई पिकनिक स्पॉट कि आप वहां ढोल-नगाड़ों के साथ पहुंच जाए जोर-जोर से वाद्य यंत्र बजाकर मंदिर परिसर में नृत्य करने लगे। केदारनाथ करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र है। हिमालय की इस अलौकिक भूमि पर तपस्वी और साधक अखंड शांति के लिए ध्यान लगाते हैं। इसलिए यहां पर किसी भी प्रकार का शोर करना सांस्कृतिक और पारंपरिक मान्यताओं पर अतिक्रमण है। साथ ही यह वाइल्ड लाइफ सेंचुरी के नजदीक होने के कारण भी मान्य नहीं है। इसे ध्वनि प्रदूषण के लिहाज से भी देखा जाना चाहिए। केदारनाथ के कपाट खुलते ही जितनी भीड़ इस बार पहुंची इतनी शायद ही पहले कभी रही होगी। अब सवाल यह उठता है कि लोग मई-जून के महीने में ही यहां क्यों आना चाहते हैं, जबकि यहां वर्ष के बाकी दिनों में मौसम ज्यादा अच्छा रहता है। जाने क्यों लोगों में यह धारणा बैठ गई है कि इन धामों की यात्रा गर्मियों में ही की जानी चाहिए। इसके चलते यात्रियों का सारा दबाव मई से लेकर जुलाई तक रहता है, जबकि देखा जाए तो यात्रा के लिए सितंबर-अक्टूबर से बेहतर कोई और वक्त नहीं है।

मैदान में ऐसा माना जाता है कि इन महीनो में पहाड़ पर बहुत ठंड पड़ती है, लेकिन ऐसा कुछ नहीं होता उस समय मौसम पूरी तरह से साफ रहता है और ठंड भी ज्यादा नहीं होती है। पहाड़ का होने के नाते मेरी यही सलाह है कि यदि आपने इन्हीं दिनों आने की जिद न पाली हुई हो तो आप अपनी यात्रा को सितंबर-अक्टूबर तक टाल दीजिए। आज की तुलना में उन महीना में आपकी यात्रा कम खर्चीली, ज्यादा सुविधावाली और पर्याप्त मानसिक सुकून देने वाली होगी। एक सवाल यह भी है कि केदारनाथ की यात्रा को पिकनिक के रूप में लेने, शॉर्ट वीडियो और रील बनाने की यात्रा समझने वाले कितने लोगों को केदारनाथ का असल महात्म्य पता है। भगवान शिव के 11 ज्योतिर्लिंग के रूप में प्रसिद्ध केदारनाथ को स्कंद पुराण और शिव पुराण में केदारेश्वर भी कहा गया है। मान्यता है कि महाभारत युद्ध के बाद पांडव गोत्र वध पाप से मुक्ति के लिए भगवान शिव के दर्शन हेतु यहां आए थे। पांडवों की परीक्षा देने के लिए भगवान शिव ने महिष का रूप धारण किया, लेकिन पांडवों ने उन्हें पहचान लिया।

पांडवों के छूते ही भगवान का महिष रूप पांच भागों में विखंडित हो गया। खंडित शरीर के भाग जहां-जहां गिरे वे सभी पंच केदार तीर्थ के रूप में प्रतिष्ठित हुए। कहते हैं केदारनाथ में शरीर का पृष्ठ भाग गिरा। यहां मंदिर के गर्भगृह में शिवलिंग न होकर एक टेढ़ी चट्टान के रूप में स्थित प्रस्तर प्रतिमा की पूजा अर्चना की जाती है। उच्च हिमालय पहाड़ी पर स्थित केदारनाथ भूकंपीय दृष्टि से एक अत्यंत संवेदनशील क्षेत्र है। यहां होने वाली कोई भी गतिविधि यहां के पारिस्थितिक तंत्र और जैव विविधता को प्रभावित करती है। हमें 2013 की आपदा को नहीं भूलना चाहिए जब मुख्य मंदिर को छोड़कर पूरे परिसर को नुकसान पहुंचा था। मुख्य मंदिर के पीछे स्थित अन्य सभी छोटे मंदिर और शंकराचार्य का समाधि स्थल पूरी तरह से मलबे में दब गया था। ईश्वर करें ऐसी आपदा दोबारा न आए। इसके इसके लिए सरकार और स्थानीय प्रशासन को कुछ कड़े नियम बनाने होंगे। सरकार ने ऐसा किया भी है, लेकिन अधिक जिम्मेदारी उन लोगों की है,जो यहां पहुंचते हैं।

# मतदान के लिए जागरुकता बनाम लोलुपता



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

लोकसभा चुनाव में अपेक्षित मतदान नहीं होने से लोकतंत्र की मजबूती के हिमायती लोगों में चिंता है। कोशिश यही होती रहती है कि मतदान पिछले चुनाव से अधिक हो। मतदान बढ़ाने के लिए शासकीय और गैर शासकीय प्रयास लगातार किए जाते रहते हैं। वैसे भी आधुनिक संचार क्रांति के दौर में जब अधिकांश लोगों के हाथों में चलती, फिरती और घूमती दुनिया के रूप में एंड्रायड फोन (मोबाइल) है तब तो मतदान का प्रतिशत स्वतः ही बढ़ना चाहिए, लेकिन अभी भी मतदान की महत्ता बतानी पड़ रही है। यह कोई सुखद स्थिति नहीं कही जा सकती।

इस बीच मतदान बढ़ाने के लिए कामर्शियल फर्म्स, कंपनियों तथा दुकानदारों द्वारा मतदान करने के बाद विशेष छूट की घोषणा की जा रही है। उंगली पर निशान दिखाने पर इस तरह के व्यापारी अपने उत्पाद में छूट देने का प्रचार कर रहे हैं। इस छूट के पीछे क्या मतदान बढ़ाने का उद्देश्य है या ग्राहक तलाश की कोशिश है, यह स्पष्ट रूप से नहीं कहा जा सकता,लेकिन दौराने चुनाव मंचों से मुफ्त सामग्री देने की राजनीतिक दलों की घोषणा के बाद मतदान के लिए इस तरह का ऑफर प्रथम दृष्ट्या प्रलोभन ज्यादा लग रहा है। कहीं-कहीं प्रशासन ने अपने खर्च पर वोट दिलाने का काम किया।

किसी एक को हवाई जहाज के टिकट की व्यवस्था भी की बात सामने आई। इस तरह की व्यवस्था की जाने लगेगी तब इसका भविष्य पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। फिर तो वोट के लिए बहुतेरे मुफ्त हवाई यात्रा का ख्वाब पालने लग जाएंगे। इस पर गहराई से चिंतन किया जाना चाहिए तथा चुनाव आयोग को मतदान के लिए किस तरह की सुविधा दी जाए, यह भी स्पष्ट नियम बनाना चाहिए। अन्यथा इस तरह के प्रलोभनों की आड़ में प्रत्याशी भी यदि लग जाएंगे तो फिर आदर्श आचार संहिता का क्षरण भी होने लग सकता है।

# याद आई ठुकाई



वीर विनोद छाबड़ा
वरिष्ठ लेखक, लखनऊ

हमारी शिक्षा-दीक्षा का प्रारंभ एक मिशनरी स्कूल से हुआ था। क्रिसमस डे को हम बरसों तक 'बड़े दिन' की छुट्टी के तौर पर मनाते रहे। खूब केक खाया और ढेर सारी छुट्टियों में ठंड के बावजूद खूब मस्ती लूटी। बाद में उस मिशन स्कूल ने हमारा नाम काट दिया।

दरअसल हमारी अंग्रेजी बहुत कमजोर थी और मैथ भी और ये अभी तक कमजोर है। अब वो बात दूसरी थी कि मां अपनी पड़ोसनों को स्पष्टीकरण देती रही कि हमने खुद ही नाम कटा दिया है। हम भी अपने सखाओं से यही कहते रहे। पिताजी जी ने हमारा दाखिला हिंदी मीडियम के सरकारी जनता स्कूल में लिखवा दिया, जहां सारे त्योहार बड़े जोश-खरोश से मनाए जाते थे। छुट्टियां भी खूब मिलती थीं, लेकिन पिटाई भी जम कर हुई। याद आता है कि पीटी वाले मास्टर जी मुर्गा भी बनाते थे। मैथ वाले मास्टर जी को पीठ पर मुक्का ठोंकने में बहुत आनंद मिलता था। उनके सामने हम लोग बिना कहे पीठ करके खड़े हो जाते थे।

अंग्रेजी वाले मास्टर साहब के सामने हम हथेली खोल खड़े हो जाते, मार लो जितनी छड़ी मारनी है। यानी यूं समझिए कि कक्षा नौ तक मास्टरों ने हमें लेफ्ट-राइट इतना ठोका कि इतना तो घर वालों और बलशाली सखाओं ने भी मिलाकर नहीं ठोका होगा। ठुकाई करने वाले मास्टरों के बारे में हमारा धारणा ये था कि ये भी अपने छात्र जीवन में खूब ठुके होंगे तभी तो हम लोगों से बदला ले रहे हैं। आज एक मास्टर जी जैसी शक्ल वाला दिखा तो याद आई ठुकाई।

# राष्ट्र की उन्नति के लिए आवश्यक है सामाजिक एकीकरण



डॉ. अंजू सिंह
असिस्टेंट प्रोफेसर,बरेली

> राष्ट्रीयता या राष्ट्रीय एकीकरण किसी भूगोल या राजनीति की उपज नहीं है,बल्कि शक्तिशाली और समृद्ध बनने के लिए राष्ट्रीयता को नागरिकों के मस्तिष्क में एक ठोस आधार प्राप्त होना चाहिए।

राष्ट्रीय एकीकरण भारतीय समाज के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण विषय है, क्योंकि भारत विभिन्नताओं का देश है और स्वतंत्रता के 77 वर्ष बाद भी भारत में राष्ट्रीय एकीकरण की समस्या निरंतर बनी हुई है। विभिन्न धर्म, मत, पंथ, संप्रदायों के लोग भारत में रहने के बावजूद भी अपनी अलग संस्कृति एवं अलग-अलग नियम, विधि-विधान के अनुसार कार्य एवं व्यवहार करते हैं जिससे भारत की अखंडता को हानि पहुंच रही है। हालांकि कहने के लिए भारत विभिन्नताओं में एकता का देश है और यही विभिन्नता में एकता भारत को विश्व के समस्त राष्ट्रों में अलग पहचान दिलाती है। कहा जाता है कि भारत इंद्रधनुष के सतरंगी रंगों के समान है।

यहां पर विभिन्न धर्म, संप्रदाय, जाति एवं जनजाति के लोग निवास करते हैं और सभी की अपनी विभिन्न प्रकार की बोली, भाषाएं, रीति-रिवाज और परंपराएं हैं जिसके कारण लोगों में जातिवाद, भाषावाद, क्षेत्रवाद, प्रांतीयता, सांप्रदायिकता, विषमता आदि असमानताएं देखने को मिलती हैं, जो कहीं न कहीं भारत के एकीकरण में बाधा बनकर विकराल समस्या उत्पन्न कर रही है। विभिन्न राजनीतिक दल अपने-अपने स्वार्थ पूर्ति के कारण भी राष्ट्र को एकता के सूत्र में बांधने में बहुत बड़ी समस्या उत्पन्न करते हैं, जिन्होंने अपने स्वार्थ के कारण भारतीय समाज को अलग-अलग जाति और धर्म के स्वार्थ के रूप में विभाजित कर रखा है, जो भारत के राष्ट्रीय एकीकरण में घातक साबित हो रहा है। समय रहते राष्ट्रीय एकीकरण की समस्याओं को दूर करना आवश्यक है जिससे भारत का विकास सुचारू रूप से हो सके। एक समाज या राष्ट्र का निर्माण अनेक परिवारों, समूह, समितियों, संस्थाओं, समुदायों (यहां तक की विभिन्न भूखंडों जिनमें समाज के सदस्य निवास करते हैं) के द्वारा होता है।

इस समाज में अनेक धर्म, जाति, मत, पंथ, संप्रदाय आदि के लोग भी निवास करते हैं और उन लोगों में अपनी भाषा, धर्म और क्षेत्र आदि को लेकर विभिन्न प्रकार की विभिन्नताएं पाई जाती हैं। जिस प्रकार वह सभी लोग एक राष्ट्र में रह रहे हैं तो उनके धर्म, विचार, भाषाएं भी एक ही होनी चाहिए, परंतु ऐसा नहीं है और यही राष्ट्रीय एकीकरण के लिए समस्या उत्पन्न कर रहे हैं। इतनी विभिन्नताओं के बावजूद राष्ट्रीय एकता बनाए रखने एवं विभिन्न प्रजाति, धार्मिक, भाषा-भाषी, भौगोलिक समूहों को एक सूत्र में बंधे रहने की स्थिति को ही राष्ट्रीय एकीकरण कहते हैं। राष्ट्रीय एकीकरण विभिन्नताओं के बीच में समाज के लोगों में एक होने की दृढ़ भावना की अभिव्यक्ति है ताकि उनमें राष्ट्रीयता की भावना पनप सके और वह स्वयं की सामान्य सामाजिक, सांस्कृतिक व राजनीतिक जीवन में सक्रिय हिस्सेदारी समझ सके। राष्ट्रीय एकता या एकीकरण विभिन्नताओं के बीच एकता के सूत्र को ढूंढने और इस सूत्र में जन-जीवन को पिरोने की प्रक्रिया है।

राष्ट्रीयता या राष्ट्रीय एकीकरण किसी भूगोल या राजनीति की उपज नहीं है, बल्कि शक्तिशाली और समृद्ध बनने के लिए राष्ट्रीयता को नागरिकों के मस्तिष्क में एक ठोस आधार प्राप्त होना चाहिए। एक प्रजातंत्र में केवल प्रजा के होने से ही काम नहीं चलता, बल्कि समाज के सदस्यों को नागरिक भी बनना होगा और नागरिकता केवल तभी संभव है जब प्रत्येक व्यक्ति यह अनुभव करे कि उसकी राष्ट्र के एकीकरण के लिए महत्वपूर्ण भूमिका है और वह राष्ट्र का अभिन्न हिस्सा है। इससे राष्ट्रीय एकीकरण में सहायता प्राप्त होगी और भारत के निवासियों में सद्भावना का भाव उत्पन्न होगा। राष्ट्रीय एकीकरण की आवश्यकता राष्ट्र की एकता अखंडता और व्यवस्था को बनाए रखने के लिए अत्यधिक आवश्यक है। राष्ट्र के प्रति, संपूर्ण समाज के प्रति नागरिकों के कर्तव्य एवं उन कर्तव्यों का निर्वहन करने की प्रेरणा देने के लिए भी राष्ट्रीय एकीकरण की महती आवश्यकता है। सोशल मीडिया ने भी राष्ट्रीय एकीकरण को बहुत क्षति पहुंचाई है। सोशल मीडिया के माध्यम से छोटी सी न्यूज को बड़ा मुद्दा बनाकर सांप्रदायिकता के रूप में परिवर्तित कर दिया जाता है, जो राष्ट्र के लिए घातक सिद्ध हो रहा है।

आज मीडिया राष्ट्रीय एकीकरण में बाधा बन रही है। भारत के विभिन्न प्रदेशों या क्षेत्रों में रहने वाले लोगों में परस्पर विरोध, तनाव एवं संघर्ष की स्थिति बनी हुई है। उसे दूर करने के लिए भी राष्ट्रीय एकीकरण की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। देश में सांप्रदायिक एकता का वातावरण उत्पन्न करने के लिए राष्ट्रीय एकीकरण अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर सकता है। लोगों को एक-दूसरे की भाषा से प्रेम करने की भावना को प्रोत्साहित किया जाए। इसीलिए किसी भी भाषा और धर्म के प्रति सम्मान और सद्भावपूर्ण व्यवहार राष्ट्रीय एकीकरण के लिए सहायक सिद्ध होगा।

# परिवर्तन की उम्मीद



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

यह बात करीब नौ महीने पहले की है। इंफोसिस के फाउंडर नारायण मूर्ति ने एक बयान दिया था कि कर्मचारियों को सप्ताह में 70 घंटे काम करना चाहिए। इसके ठीक विपरीत अंग्रेजी के एक राष्ट्रीय अखबार ने छापा है कि कंपनियां प्रतिभा को बनाए रखने के लिए चार दिवसीय कार्य सप्ताह, कौशल और मानसिक कल्याण की शुरुआत कर रही हैं। यह अब कर्मचारियों के लिए सिर्फ पैसे के बारे में नहीं है।

यह बहुत समय पहले की बात नहीं है जब आदर्श कार्यस्थल वह हुआ करता था, जो प्रतिस्पर्धी वेतन प्रदान करता हो। युवा सहस्त्राब्दी और जेन जेड कर्मचारियों (जेन जेड वो है, जो 1997 से 2012 के मध्य पैदा हुए) का बढ़ता अनुपात अब वित्तीय सुख-सुविधाओं से परे दिखता है। यह अधिक समग्र कार्य जीवन की मांग करता है, जो उन्हें अन्य गतिविधियों का आनंद लेने और काम पर सीखने का मौका दे। पिछले चार वर्षों में, कार्यस्थल में महामारी के कारण आवश्यक बड़े बदलाव देखे गए हैं जिसने वर्क फ्रॉम होम को आदर्श बना दिया है। इन परिवर्तनों ने अधिकांश भारतीय कंपनियों में भर्तीकर्ताओं को नीतियों में बदलाव करने के लिए मजबूर कर दिया है, क्योंकि वे युवा कर्मचारियों की महत्वाकांक्षाओं से मेल खाते हैं और प्रतिभा को बनाए रखते हैं।

एक बार इसे पश्चिमी अवधारणाओं, हाइब्रिड कार्य, एक अधिक समावेशी और न्यायसंगत कार्य संस्कृति और अधिक महत्वपूर्ण रूप से देखा जाता है। तकनीकी प्रगति (जैसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन लर्निंग) के साथ तालमेल बनाए रखने के लिए कर्मचारियों को बेहतर कौशल प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है और नेतृत्व पाठ्यक्रम अब एचआर प्रतिभा खोज मॉड्यूल का एक अभिन्न अंग बन रहे हैं। ऐसे में देश में निजी क्षेत्र में काम करने की स्थिति में परिवर्तन की उम्मीद महसूस होने लगी है। आर्टिफिशल इंटेलिजेंस के प्रभावी होने में वैसे अभी कुछ समय हैं, लेकिन यह सिर पर खड़ी है। इसके आते ही कपनियों में काम काज अप्रत्याशित रूप से बदलने वाला है।

# संदिग्ध हालात में दो महिलाओं की मौत

## किच्छा में विवाहिता का शव अपने ही घर में फंदे पर लटकता हुआ मिला

**दुखद**

- महिला की मौत के बाद परिजनों में मचा कोहराम
- आत्महत्या या हत्या की जांच में जुटी पुलिस

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार :** ग्रामीण क्षेत्र में 24 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। महिला का शव उसके अपने ही घर में फंदे पर लटकता हुआ मिला।


राजेश्वरी देवी।

कोतवाली अंतर्गत ग्राम गडरिया बाग रजपुरा निवासी जगमोहन की 24 वर्षीय पत्नी राजेश्वरी देवी का शव शनिवार की सुबह करीब 11 बजे घर के बने कमरे में फांसी के फंदे पर लटकता मिला। परिजनों के अनुसार घटना के समय मृतका राजेश्वरी देवी दोनों बच्चों के साथ घर पर अकेली थी। पड़ोसियों द्वारा महिला के शव को फंदे पर लटकता देख परिजनों को घटना की जानकारी दी गई। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने महिला को फांसी के फंदे से नीचे उतारा। बताया जा रहा है कि महिला के दो जुड़वा पुत्र हैं तथा 5 वर्ष पूर्व उसका विवाह हुआ था।

ग्रामीणों के अनुसार मृतका का पति जगमोहन टाटा मोटर्स कंपनी में नौकरी करता है। परिजनों द्वारा महिला की मौत को आत्महत्या बताया जा रहा है लेकिन आत्महत्या के कारण पूछने पर परिजन पुलिस टीम को कोई जवाब नहीं दे पाए। महिला की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

### काशीपुर में भी विवाहिता की मौत, हत्या की आशंका

**काशीपुर,अमृत विचार :** एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई। मृतका के भाई ने हत्या किए जाने का संदेह जताते हुए पुलिस को तहरीर सौंपी है। पुलिस ने डॉक्टरों के पैनल से शव का पोस्टमार्टम कराया। रामपुर थाना पटवाई के ग्राम जिवाई निवासी रामश्री पुत्री लेखराज का विवाह 13 वर्ष पूर्व टांडा उज्जैन निवासी निर्मल सिंह के साथ हुआ था। दोनों पति-पत्नी मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करते थे। परिवार में दो बेटियां किशनवती, प्रियंका व एक पुत्र गौरव हैं। पिछले कुछ दिनों से पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। दस दिन पूर्व रामश्री घर छोड़कर कहीं चली गई थी, लेकिन चार दिन बाद घर लौट आई। इसके बाद फिर उनके बीच मारपीट होने लगी। रामश्री की मां फूलवती भी उसके साथ ही रह रही थी। 23 मई की शाम भी दोनों पति-पत्नी के बीच हाथापाई हुई। इसके बाद उसकी हालत बिगड़ गई। उसे गंभीर हालत में सरकारी अस्पताल ले जाया गया। कोई विषाक्त पदार्थ का सेवन करने की आशंका जताते हुए डॉक्टरों ने उसे रेफर कर दिया, लेकिन पति उसे वापस घर ले गया। 24 मई की सुबह उसकी मृत्यु हो गई। लेकिन पति ने पुलिस को कोई सूचना नहीं दी। बड़ी बेटी किशनवती ने अपनी नानी के फोन से चंडीगढ़, पंजाब में काम कर रहे अपने मामा गेंदनलाल को इस बारे में बताया। गेंदनलाल की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव कब्जे में ले लिया। डॉक्टरों के पैनल से शव का पोस्टमार्टम कराया गया। चौकी प्रभारी मनोज जोशी ने बताया कि मृत्यु का कारण स्पष्ट नहीं होने के कारण बिसरा सुरक्षित रख लिया गया है। मृतका के भाई गेंदनलाल ने हत्या का शक जताते हुए पुलिस को तहरीर दी है। खबर लिखे जाने तक केस दर्ज नहीं हो सका था।


रामश्री।

### किशोरी को भगाने का आरोपी गिरफ्तार

**बाजपुर :** पुलिस ने आठ दिन पहले किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। नगरीय सीमा से सटे एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को बताया कि उसकी 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री नगर के एक विद्यालय में कक्षा-10 की छात्रा है। उसे 17 मई को एक युवक बहला-फुसलाकर व गुमराह कर अगवा करके ले गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर 22 मई को किशोरी को बरामद कर लिया था। एसआई कैलाश चंद्र नगरकोटी ने बताया कि युवक के विरुद्ध पॉक्सो एक्ट की धारा बढ़ाई गई। साथ ही आरोपी गोपी उर्फ गोपाल निवासी किसरीपुर थाना कुंडा काशीपुर को गिरफ्तार कर लिया।

## खटीमा का रोहित बना नौसेना में लेफ्टिनेंट

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** वरिष्ठ व्यवसायी विजयपाल सिंह बिष्ट के पुत्र रोहित सिंह बिष्ट ने भारतीय नौसेना में लेफ्टिनेंट बनकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

मूलरूप से ग्राम मनान अल्मोड़ा और हाल निवासी वार्ड संख्या 16 निवासी वरिष्ठ व्यवसायी विजयपाल सिंह बिष्ट के पुत्र रोहित सिंह बिष्ट ने 25 मई को एचडी माला केरल से कमीशन प्राप्त किया। वे भारतीय नौसेना में लेफ्टिनेंट बनकर पास आउट हुए हैं। रोहित के लेफ्टिनेंट बनने पर परिवार में खुशी का माहौल है। पिता बिष्ट, माता मीना बिष्ट और ताऊ अजयपाल सिंह बिष्ट केरल में पासिंग आउट परेड में शामिल हुए। रोहित के पिता व्यवसायी और माता गृहिणी है। प्रारंभिक शिक्षा सर्राफ पब्लिक स्कूल से प्राप्त कर रोहित ने 12वीं तक शिक्षा सैनिक स्कूल घोड़ाखाल से ग्रहण की।


पासिंग आउट परेड के बाद परिजनों के साथ लेफ्टिनेंट बना रोहित बिष्ट।

### सेवानिवृत्त होने पर सहायक अध्यापिका को दी विदाई




बाजपुर। आदर्श कन्या इंटर कालेज बाजपुर में शनिवार को सहायक अध्यापिका रागिनी शर्मा के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इसमें प्रबंध समिति द्वारा सेवानिवृत्त शिक्षिका को उपहार देकर सम्मानित किया तथा भावभीनी विदाई दी गई। विद्यालय अध्यक्ष डॉ. नरेंद्र खत्री, प्रबंधक सुनील खन्ना, प्रधानाचार्या डा.प्रीति रस्तोगी ने उनके कार्यों की प्रशंसा की और उनके उज्ज्वल भविष्य एवं स्वस्थ जीवन की कामना ईश्वर से की। इस मौके पर उपाध्यक्ष नरेश कुमार गोयल, उप प्रबंधक गौरव हांडा, कोषाध्यक्ष अभय गुप्ता, हरिओम सिंघल, गोपाल कृष्ण वर्मा, संजय गोयल, गुरु प्रताप सिंह, विद्या रत्न आर्य आदि मौजूद रहे।

### 350 से अधिक मेधावी विद्यार्थी होंगे सम्मानित

**रुद्रपुर :** वर्ष 2023-24 में सीबीएसई और उत्तराखंड बोर्ड के 10वीं और 12वीं कक्षा में अपने-अपने स्कूलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 350 से अधिक मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। इसके लिए विधायक व कार्यक्रम संयोजक शिव अरोरा की ओर से प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। रविवार को सुबह 10 बजे से काशीपुर बाईपास रोड स्थित एक होटल में यह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। शनिवार को कार्यक्रम स्थल के निरीक्षण के बाद कार्यक्रम संयोजक व विधायक अरोरा ने कहा कि यह रुद्रपुर क्षेत्र में एक अनूठी पहल है।

## लोन न देने पर बैंक अधिकारी से मारपीट

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार :** बैंक से लोन न होने पर एक व्यक्ति ने बैंक अधिकारी के साथ मारपीट कर दस्तावेज फाड़ दिए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

एचडीएफसी बैंक काशीपुर के सेल्स ऑफिसर अनूप कुमार शुक्ला ने कोतवाली में दी तहरीर में कहा कि 24 मई को ड्यूटी के दौरान वह गायत्री शर्मा पत्नी अनिल कुमार निवासी मोहल्ला पट्टी चौहान, जसपुर का ग्रुप एकाउंट खोलने के विषय में उनके घर गया था। तभी पड़ोस में रहने वाले राहुल चौहान हाल निवासी मोहल्ला पट्टी चौहान ने अपने बड़े भाई अमित चौहान की पत्नी हिना का लोन करने का दबाव बनाते हुए मारपीट की। साथ ही बैंक संबंधी जरूरी दस्तावेज भी फाड़ दिए। पूरी घटना बराबर में चंद्रपाल फौजी के लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। हंगामा देख मोहल्ले वाले एकत्र हो गए। इसके बाद राहुल जान से मारने की धमकी देता हुआ वहां से चला गया। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंचे बैंक स्टाफ के कुलदीप कुमार व संतोष कुमार पर वापस आते समय राहुल चौहान तथा उसके बड़े भाई अमित चौहान ने हमसाज होकर अपने घर के सामने रास्ता रोककर दोबारा लाठी डंडे एवं पत्थरों से जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में अनूप कुमार के दाएं हाथ की उंगलियों में चोट आई है। यह घटना भी सीसीटीवी कैमरे में कैद है। तहरीर में यह भी कहा कहा गया है कि राहुल ने अपने नाम की सीआरपीएफ की फर्जी नेम प्लेट अपने किराए के मकान पर लगा रखी है। लिस ने बैंक करने का मेडिकल कराकर तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## सार संक्षेप

### पेड़ गिरने से कार क्षतिग्रस्त, एक घंटे आवागमन ठप


खटीमा के झनकईया में आंधी बारिश के बीच मुख्य मार्ग पर कार पर गिरा पेड़।

**खटीमा :** भारत नेपाल सीमा से लगे क्षेत्र में आई तेज आंधी और वर्षा से कुछ समय के लिए जन जीवन ठप हो गया। तेज आंधी में खटीमा-मेलाघाट रोड पर झनकईया थाने के पास पेड़ गिरने से कार क्षतिग्रस्त हो गई जबकि एक घंटे तक आवागमन ठप रहा। नेपाल सीमा से लगे खाली महुवट, वगुलिया, नगरा तराई, दमगड़ा, सिसईया, मेलाघाट, खेलड़िया, वन महोलिया, झाऊपरसा क्षेत्र में दोपहर बाद करीब साढ़े तीन बजे तेज हवाओं के साथ तेज वर्षा शुरू हो गई। इससे जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया। झनकईया थाने के पास खड़ी वगुलिया निवासी खीम सिंह ऐरी की कार पर पेड़ गिर जाने से वह क्षतिग्रस्त हो गई। अलबत्ता आसपास की दुकानें और उनमें बैठे लोग बाल-बाल बच गए। मुख्य मार्ग पर पेड़ गिरने से आवागमन ठप हो गया। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने पेड़ को कटवाकर आवागमन शुरू कराया।

### ईओ बनने पर मोहम्मद यामीन का सम्मान


अधिशासी अधिकारी बनने पर मोहम्मद यामीन का सम्मान करते लोग।

**सुल्तानपुर पट्टी :** मोहल्ला श्याम नगर निवासी मोहम्मद यामीन का उत्तराखंड लोक सेवा आयोग में अधिशासी अधिकारी के पद पर चयन होने पर नगर में ख़ुशी है।

मोहम्मद यामीन पुत्र मोहम्मद अली ने उत्तराखंड लोक सेवा आयोग में 29 वीं रैंक हासिल कर अधिशासी अधिकारी के पद पर चयन हुआ है। मोहम्मद यामीन ने सभी छात्र-छात्राओं से कहा कि कभी भी हार नहीं माननी चाहिए। समाजसेवी मोहम्मद रफी ने मोहम्मद यामीन के निवास पर पहुंचकर उन्हें मिठाई खिलाकर व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। बधाई देने वालों में पूर्व चेयरमैन जुम्मा भारती, खुर्शीद आलम, मो. अजहर, कुदरत अली, नदीम सैफी, सहादत हुसैन शामिल थे।

### सेंट पीटर स्कूल के समर कैंप में बच्चों ने की मस्ती


किच्छा के सेंट पीटर स्कूल में मौज मस्ती करते स्कूली बच्चे। ● अमृत विचार

**किच्छा :** किशनपुर स्थित सेंट पीटर्स विद्यालय में आयोजित दस दिवसीय समर कैंप का समापन हो गया। इस मौके पर छात्र-छात्राओं ने मौज मस्ती करते हुए खूब धमाल मचाया। समर कैंप के अंतिम दिन स्कूली बच्चों द्वारा तमाम रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस मौके पर बच्चों ने भरत नाट्यम, एरोबिक डांस, वेस्टर्न डांस आदि प्रस्तुति कर अपनी प्रतिभा का सुंदर प्रदर्शन किया। छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए गए आत्मरक्षा के स्टंट देखकर उपस्थित लोग दंग रह गए। विद्यार्थियों के बेहतर प्रदर्शन के लिए फादर सौरभ ने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर उनका उत्साह वर्धन किया। समर कैंप के समापन अवसर पर बच्चों ने पूल पार्टी का आनंद लिया। मौके पर फादर सौरभ, उप प्रधानाचार्य सिस्टर लूसिया, सिस्टर बसंती, सिस्टर सिल्वी, सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षिका शोभा बिष्ट, अखिल कुमार चंदोला आदि मौजूद रहे।

### अज्ञात वाहन चालक पर दर्ज कराया मुकदमा

**बाजपुर :** पिता की मौत पर पुत्र ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। गांव बाजपुर निवासी आदिल ने तहरीर देकर पुलिस को बताया कि चार मई को उसके पिता शाहिद किसी कार्य से घर से दोराहा गए थे। पुलिस ने जानकारी दी कि किसी अज्ञात वाहन चालक ने तेजी व लापरवाही से वाहन चलाकर गंदे नाले दोराहा रोड पर टक्कर मार दी थी। इसमें उसके पिता की मृत्यु हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

### पीआरडी जवान पर किया जानलेवा हमला

**बाजपुर :** गश्त के दौरान झगड़े की सूचना पर पहुंचे पीआरडी जवान पर एक युवक ने जानलेवा हमला कर दिया। साथी सिपाही ने किसी तरह बीच-बचाव करवाया। पीड़ित ने नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं पुलिस ने आरोपी युवक को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया है। ग्राम नमूना दूधिया कॉलोनी निवासी रोशन सिंह ने पुलिस को बताया कि वह पीआरडी जवान है और 20 मई से कोतवाली बाजपुर में पीआरडी के पद पर कार्यरत है। 24 मई की रात वह सिपाही अनूप सिंह के साथ रात्रि गश्त पर था। जीजीआईसी स्कूल के पास झगड़े की सूचना पर दोनों मौके पर पहुंच गए। वहां जाकर देखा तो 7-8 अज्ञात युवक झगड़ा कर रहे थे। आरोप है कि जब उन्हें रोकने का प्रयास किया तो उसमे में एक युवक ने पीआरडी जवान रोशन सिंह के सिर पर किसी चीज से वार कर दिया। सिपाही अनूप सिंह के सहयोग से आरोपी को पकड़ लिया, जबकि उसके अन्य साथी मौके से फरार हो गए। वहीं घायल पीआरडी जवान को सरकारी अस्पताल ले जाया गया।

## सार-संक्षेप

### प्रधानाचार्य चंद ने संभाला प्रबंध संचालक का पदभार

**शांतिपुरी :** आदर्श विद्यालय राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य नर बहादुर चंद ने प्रयाग नारायण हाईस्कूल आनंदपुर में प्रबंध संचालक का पदभार ग्रहण कर लिया है। यह जिम्मेदारी उन्हें जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देश पर प्रयाग नारायण स्कूल की प्रबंध कमेटी के गठन होने तक अथवा अधिकतम छह माह के लिए दी गई है। इस दौरान प्रयाग नारायण हाईस्कूल के प्रधानाचार्य दीपा उपाध्याय, जीआईसी शांतिपुरी के केमेस्ट्री प्रवक्ता डॉ. बीसी भट्ट, कार्यालय प्रभारी हेमंत कुमार पांडे मौजूद रहे।

### स्कूलों में गर्मी की छुट्टियां घोषित


गर्मी की छुट्टियां घोषित होने के बाद प्रफुल्लित मुद्रा में घरों को जाते छात्र।

**जसपुर :** शनिवार को स्कूल कॉलेजों में गर्मी की छुट्टियां घोषित हो गई है। इस पर अपने-अपने घरों को जाते हुए छात्र-छात्राएं काफी खुश नजर आए। भीषण गर्मी के कारण छात्र-छात्राओं को स्कूल आने-जाने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा था।

### मेहता पीटीए व मलकित एसएमसी अध्यक्ष निर्वाचित


वार्षिक बैठक को संबोधित करते प्रधानाचार्य दिनेश कुमार। ● अमृत विचार

**शांतिपुरी :** शांतिपुरी नंबर पांच सूर्यनगर राजकीय उच्तर माध्यमिक विद्यालय के वार्षिक अधिवेशन में बहादुर सिंह मेहता पीटीए व मलकित एसएमसी अध्यक्ष चुने गए। शनिवार को विद्यालय में आयोजित शिक्षक अभिभावक संघ की वार्षिक खुली बैठक में प्रधानाचार्य दिनेश कुमार ने वर्ष 2023-24 का आय व्यय का विवरण सदन में प्रस्तुत किया। इसके साथ ही उन्होंने विद्यालय के अंतर्गत किए गए समस्त कार्यों की जानकारी अभिभावकों को दी। इसके बाद उन्होंने अभिभावक संघ की पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर नई कार्यकारिणी का गठन किया। इसमें सर्वसहमति से आकाश मेहता उर्फ बहादुर को अभिभावक संघ का अध्यक्ष चुना गया। कार्यकारिणी में दीपक मेहता को मंत्री प्रधानाचार्य दिनेश कुमार उपाध्यक्ष ( सचिव ) विक्रम मेहता संरक्षक और मलकित सिंह को एसएमसी अध्यक्ष चुना गया। बैठक में प्रधानाचार्य दिनेश कुमार, अध्यापक दिपक बिष्ट, योगेंद्र चौधरी, तरवीण पोखरिया, एल पाठक, संतोष कुमार पंत विनोद जोशी, सुरेंद्र पाल, बहादुर मेहता, दीपक मेहता, विक्रम मेहता, कुंदन दानू, केदार दानू, भुपाल टाकुली, रघुवीर कोरंगा, खीम बिष्ट, जगत बिष्ट, गौतम कोरंगा, कमला मेहता, खष्टि बिष्ट, नंदी टाकुली मौजूद रहे।

### वर्ग पहेली-81

**बाएं से दाएं**

3.1. पानी गिरने की ध्वनि 2. ज़ोर से उछाला हुआ पानी का छींटा 3. धारा के किसी वस्तु से टकराने के बाद उत्पन्न होने वाला शब्द, छपाछप।

4.1. चुभना, पीड़ा देना, गड़ना 2. किसी दुखद घटना का बार-बार स्मरण होना 3. टीस उठना 4. किसी की याद में तड़पना।

5.1. कंघा, कंघी 2. कंधा, भुजबल।

6.1. ऐसे वर्ण या अक्षर जिनके उच्चारण में मुंह के अतिरिक्त नाक से अनुस्वरात्मक ध्वनि निकलती है 2. नाक के योग से बोलने या गाने वाला।

8.1. पत्रभाग 2. स्तंभ 3. पंक्ति 4. हाशिया।

**ऊपर से नीचे**


1.1. भोग करने वाला, भोगी 2. खाने वाला, भक्षक 3. भोजन पर आमंत्रित अतिथि।

2.1. किसी को दबाना 2. रस्सी या सूत के दो टुकड़ों को बटकर जोड़ना।

3.1. किसी भार या धक्के से वस्तु का वेग से दूर जाना 2. दूर या अलग रहना 3. बंधन से निकल जाना 4. कूदना, उछलना 5. किसी व्यक्ति या जंतु का अपने नमिता

5.1. साग-सब्ज़ी 2. हरी पत्तियों वाली छोटी वनस्पति से बनी सब्ज़ी 3. तरकारी।

7. ज्योतिष, तारे, सितारे।



### वर्ग पहेली -80 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 पा | शी | | 2 आ | | | 3 फ़े |
| | | 4 म | न | ब | सि | या |
| 5 ए | | | न | | | ज़ी |
| 6 की | श | | फा | | 7 फ | |
| क | | 8 अ | न | भ | ला | |
| 9 र | ह | मा | न | | दे | |
| ण | | न | | 10 सं | श | य |

### सुडोकू-160

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | | | 2 | | |
| | | | | 4 | | | | |
| | 6 | | | | | | | |
| | | | 9 | | 4 | | | |
| | | | | | | | | 9 |
| 2 | | | 8 | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | 6 | | | | |
| | | 8 | | | | | | |

### सुडोकू -159 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 8 | 4 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 1 | 2 | 7 | 3 | 8 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 5 | 7 | 9 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 |
| 4 | 3 | 8 | 1 | 7 | 9 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 6 | 9 | 8 | 2 | 5 | 7 | 4 | 3 |
| 2 | 7 | 5 | 6 | 4 | 3 | 1 | 8 | 9 |
| 5 | 4 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 |
| 7 | 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 5 | 9 | 4 |
| 8 | 9 | 1 | 4 | 5 | 7 | 3 | 6 | 2 |

### आज का भविष्यफल
-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 26 मई रविवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-तृतीया 18.06 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

**मेष** – आज वैवाहिक जीवन को आपको पर्याप्त समय देना चाहिए। जीवनसाथी आपका मनोबल बढ़ा सकता है। आपको ज्यादा काम में व्यस्त होने के बजाय अपनों को समय देना चाहिए। उत्तम भोजन का आनंद ले सकते हैं। रिश्तेदारों से लंबे समय के बाद बात हो सकती है।

**वृष** – आज व्यापार को लेकर कुछ परेशानियां सामने आ सकती हैं। हीनता की भावना से आपको बचना चाहिए। मन में किसी नकारात्मक विचार को लेकर परेशानी हो सकती है। सेहत को लेकर किसी भी तरह की लापरवाही न करें।

**मिथुन** – आज दिन की शुरुआत किसी अच्छी खबर से हो सकती है। विदेश यात्रा पर जाने की योजना भी बना सकते हैं। आप गृहस्थ सुख का भरपूर आनंद लेंगे। जिन लोगों का विवाह तय नहीं हो रहा था, उनके लिए दिन काफी शुभ है।

**कर्क** – आज किसी अच्छी खबर को लेकर मन में आशा रहेगी। बड़े भाई-बहनों और मित्रों से आपको अच्छा सहयोग मिल सकता है। नया घर या वाहन खरीदने का विचार बना सकते हैं। नौकरीपेशा लोग अपनी जॉब बदलने के लिए प्रयासरत हो सकते हैं।

**सिंह** – आज आपको कई सारे कार्य एक साथ करने पड़ सकते हैं। दिखावे के लिए आप धन खर्च करेंगे। बजट का ध्यान अवश्य रखें। संतान के व्यवहार को लेकर आप थोड़े परेशान हो सकते हैं। व्यापार में अपेक्षा के अनुसार परिणाम मिलने की संभावना कम है।

**कन्या** – आज आप अपनी गलतियां पहचान पाएंगे। अधिकारी वर्ग से आपको सावधान रहना चाहिए। कुछ लोग आपका अपमान करने का प्रयास कर सकते हैं। आप कई लोगों के साथ मिलेंगे। इससे आपके अनुभव में वृद्धि होगी।

**तुला** – आज नई नौकरी के ऑफर मिलने से आप प्रसन्न रहेंगे। आपको काफी सावधानीपूर्वक लोगों से बातचीत करनी चाहिए। ऐसा न हो की लोग आपकी बातों का मतलब गलत निकाल लें। धन की समस्या दूर होगी। किसी पर भी आंख मूंदकर विश्वास न करें।

**वृश्चिक** – आज यदि आप पार्टनरशिप में कोई कार्य कर रहे हैं तो आपको सावधान रहना चाहिए। अपने विचारों को दूसरों पर न थोपें। नए कपड़े और आभूषणों में धन खर्च कर सकते हैं। व्यवसाय में लोग आपको धोखा देने का प्रयास कर सकते हैं।

**धनु** – आज दिन की शुरुआत अच्छी खबरों से होगी। कार्यक्षेत्र में सब काम आसानी से होते रहेंगे। उच्च पद पर आसीन लोग आपका सम्मान करेंगे। किसी आयोजन में सम्मिलित हो सकते हैं। गुप्त शत्रुओं से छुटकारा मिल सकता है।

**मकर** – आज आप घर पर कुछ बोरियत महसूस करेंगे। अपने खानपान की आदतों पर नियंत्रण रखें। विवाह को लेकर कुछ परेशानी झेलनी पड़ेगी। दूसरों के काम पर ज्यादा ध्यान न दें। संतान को लेकर परेशानी दूर होने से मन कुछ शांत होगा।

**कुंभ** – आज पारिवारिक जीवन काफी सुखद रहेगा। लोग आपसे सलाह की अपेक्षा रखेंगे। नौकरी में पदोन्नति मिलने के योग बन रहे हैं। अपनी बातों से आप काफी लोगों को प्रभावित करेंगे। नई संपत्ति में निवेश करने के लिए दिन बेहद शुभ है।

**मीन** – आज दांपत्य जीवन रोमांटिक रहेगा। जिन लोगों की पदोन्नति लंबे समय से रुकी हुई थी,उनके लिए दिन भाग्यशाली रहेगा। छोटे भाई-बहन को लेकर शुभ खबर मिल सकती है। आप नया काम शुरू करने के लिए काफी उत्सुक रहेंगे।

### आज का पंचांग

| | | | |
|---|---|---|---|
| 3 | गु. | 1 बु. | मं. |
| 4 | शु. सू. 2 | 12 | रा. |
| 5 | 11 | श. | |
| के. 6 | 8 | 10 | |
| 7 | 9 | चं. | |

दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुम्भ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मूल 10.36 तक तत्पश्चात पूर्वाषाढ़ा।

### आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
आर या पार – सुबह : 11.14
बागी : ए रिबेल फॉर लव – शाम : 05.53

**&pictures**
थोली प्रेमा – सुबह : 09.18
खिलाड़ी 786 – रात : 07.30

**SONY PIX**
जॉन रैम्बो – दोपहर : 12.03
स्पाइडर मैन – शाम : 06.44

**ZEE CINEMA**
फ्रीकी अली – सुबह : 09.35
शादी में जरूर आना – शाम : 05.00

**colors CINEPLEX**
डेंजरस खिलाड़ी 3 – सुबह : 10.32
भेड़िया – रात : 07.05

**आज की सुपरहिट फिल्म**



एंड पिक्चर्स पर रात : 07.30 बजे

### जोक्स ऑफ द डे

बस में एक लड़के की नजर पीछे की सीट पर बैठी लड़की पर पड़ी।
लड़का- पहचाना मुझे!
लड़की- नहीं तो
लड़का- अरे, हम दोनों एक ही क्लास में पढ़ते थे
लड़की- पढ़ती तो मैं थी, तू तो रोज मुर्गा ही बनता था।

पति के जन्मदिन पर पत्नी- क्या गिफ्ट दूं?
पति- तुम मुझे इज्जत दो, कहना मानों यही काफी है।
पत्नी- तुम्हें भी फिर यही देना चाहिए। मैं तो गिफ्ट ही दूंगी

## एक नजर

### अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्र में बांटी राहत सामग्री

**अल्मोड़ा :** हवालबाग के चौंसली गांव में बीते दिनों हुई अतिवृष्टि के बाद रेडक्रास सोसायटी अल्मोड़ा आपदा प्रभावितों की मदद को आगे आई है। रेडक्रास सोसाइटी के सदस्य बीते दिवस चौंसली गांव पहुंचे और करीब 60 लोगों को किचन सेट, तिरपाल, राशन की किट समेत अन्य राहत सामग्री बांटी। रेडक्रास सोसायटी के सदस्यों ने प्रभावित लोगों को हरसंभव मदद करने का आश्वासन दिया। जिस पर ग्रामीणों ने उनका आभार व्यक्त किया। इस मौके पर मनोज सनवाल, आशीष वर्मा, डा. जेसी दुर्गापाल, शंकर दत भट्ट, हरीश कनवाल, गिरीश मल्होत्रा, मनोज भंडारी, रीता दुर्गापाल, पुष्पा सती, भूपाल लटवाल, शेर सिंह, जगदीश सिंह लटवाल, हरीश, विनोद बजेठा रहे।

### पुलिस ने दो वारंटी किए गिरफ्तार

**बनबसा :** पुलिस ने फरार चल रहे दो वारंटियों को गिरफ्तार कर टनकपुर न्यायालय में पेश किया। न्यायालय टनकपुर के आदेश पर पुलिस ने दो वारंटी एनडीपीएस एक्ट में फरार चल रहे रामू गिरी पुत्र स्व. बजरंगबली, निवासी ग्राम मीना बाजार बनबसा और 138 एनआई एक्ट में फरार मुरारी लाल वर्मा पुत्र रामविलास वर्मा, निवासी वार्ड नंबर 4 मीना बाजार बनबसा को पकड़कर शनिवार को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। पुलिस टीम में एसआई जितेंद्र सिंह बिष्ट आदि थे।

# वाइन शॉप के खिलाफ महिलाओं ने किया प्रदर्शन

## शराब की दुकान खोलने के विरोध में काफलीखान से सुवाखान तक निकाला जुलूस, नारेबाजी कर जताया रोष



भनोली में एसडीएम को ज्ञापन सौंपते क्षेत्र के ग्रामीण। ● अमृत विचार

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** दन्या के निकट काफलीखान कस्बे में शराब की दुकान खोलने के विरोध में क्षेत्र की महिलाओं का पारा चढ़ गया। शनिवार को क्षेत्र की महिलाएं काफलीखान बाजार में एकत्र हुई और जोरदार नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। बाद में महिलाओं ने सुआखान तक जुलूस निकाला और एसडीएम भनोली को ज्ञापन सौंपकर तत्काल शराब की दुकान को बंद करने की मांग उठाई।

अल्मोड़ा पिथौरागढ़ हाइवे पर काफलीखान चौराहे के पास शराब की दुकान खुलने से महिलाओं में जबर्दस्त आक्रोश व्याप्त है। शनिवार को क्षेत्र की महिलाएं और बच्चे काफलीखान में एकत्र हुए। इस दौरान उन्होंने शराब नही शिक्षा दो, शराब नहीं शिक्षा चाहिए, उत्तराखंड सरकार शर्म करो जैसे नारों से प्रशासन को चेताने का प्रयास किया। महिलाओं का गुस्सा यहीं नहीं थमा। इसके बाद महिलाओं ने नारेबाजी करते हुए सुआखान तक जुलूस निकाला और बाद में एसडीएम भनोली को इस संबंध में एक ज्ञापन भी सौंपा। ग्रामीणों ने कहा कि उनके विरोध के बाद भी प्रशासन ने ग्रामीण कस्बे में शराब की दुकान खुलवा दी है। जिस कारण अब क्षेत्र का माहौल लगातार अशांत होता जा रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि वह शराब की दुकान में पूर्व में भी आंदोलन कर चुके हैं। जिसके बाद प्रशासन ने वार्ता कर दुकान बंद कराने का आश्वासन भी दिया था। लेकिन इसके बाद भी आज तक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी। महिलाओं ने कहा कि वह प्रशासन की मनमानी को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं करेंगी। प्रदर्शन और जुलूस में राजेंद्र प्रसाद, नवीन लाल, चंदन लाल, गोविंदी देवी, कलावती देवी, चंपा देवी, अमन कुमार, गुड्डी देवी, तारा देवी, राजंती देवी, भगवती देवी समेत अनेक महिलाएं और बच्चे मौजूद रहे।

# एसओजी और दन्या पुलिस ने पकड़ी शराब से भरी पिकप, चालक गिरफ्तार

- पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त वाहन को किया सीज

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** अवैध शराब की तस्करी को रोकने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत दन्या पुलिस और एसओजी की टीम ने अवैध अंग्रेजी शराब से भरी एक पिकप के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ दन्या थाने में आबकारी एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है। जबकि तस्करी में प्रयुक्त वाहन को सीज कर दिया गया है।

शुक्रवार को दन्या के थानाध्यक्ष विजय सिंह नेगी और एसओजी प्रभारी कुंदन सिंह रौतेला के नेतृत्व में एक टीम दन्या के गरूड़ाबांज तिराहे पर चेकिंग अभियान पर थी। अभियान के दौरान जब पिकप वाहन संख्या यूके-04-सीसी-6066 की तलाशी ली गई तो उसमें 42 पेटियों में भरी 504 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की गई। पुलिस ने पिकप चालक मनोज कुमार (26) पुत्र गोधन सिंह निवासी ग्राम पुभाऊं, लमगड़ा को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष विजय नेगी ने बताया कि अभियुक्त अवैध शराब को किसी शराब के ठेके से उठाकर छोटे छोटे कस्बों में तस्करों को महंगे दामों में बेचने के लिए ले जा रहा था। उन्होंने बताया कि पकड़ी गई शराब की कीमत करीब 3.93 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ दन्या थाने में आबकारी एक्ट में मुकदमा दर्ज कर तस्करी में प्रयुक्त पिकप वाहन को सीज कर दिया है। नेगी ने बताया कि पुलिस मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने के लिए सघन अभियान चला रही है। पुलिस टीम में उप निरीक्षक दीपक बहुगुणा, विनोद डसीला, कुंदन सिंह, राजेश भट्ट, राकेश भट्ट आदि शामिल रहे।



पकड़ा गया तस्कर और अवैध शराब।

# साढ़े सात ग्राम स्मैक के साथ युवक को पकड़ा

- युवाओं को पुड़िया बनाकर बेचने का करता है धंधा

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने एक युवक को साढ़े सात ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। अभियुक्त खुद स्मैक का आदी है और अन्य युवाओं को भी पुड़िया बनाकर फुटकर में स्मैक बेचकर नशे का आदी बनाने का काम करता है। अभियुक्त के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

एसएसपी देवेंद्र पींचा के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाल जगदीश चंद्र देऊपा व एसओजी प्रभारी कुंदन सिंह रौतेला के नेतृत्व में एक टीम शनिवार की तड़के बेस तिराहे के पास चेकिंग अभियान पर थी। अभियान के दौरान टीम को एक युवक संदिग्ध प्रतीत हुआ। पुलिस की टीम ने उसे रोका तो वह वहां से भागने लगा। जिस पर पुलिस की टीम ने उसका पीछा किया और करीब दो सौ मीटर आगे जाकर उसे रोक लिया। पुलिस टीम ने युवक की चेकिंग की तो उसके पास से करीब साढ़े सात सौ ग्राम स्मैक बरामद की गई। पूछताछ के दौरान युवक ने अपना नाम दीपक सिंह बिष्ट (24) पुत्र गोविंद सिंह बिष्ट निवासी स्यालीधार बताया। कोतवाल जगदीश चंद्र देऊपा ने बताया कि पकड़ा गया युवक स्मैक के नशे का आदी है और अपनी लत मिटाने और पैसा कमाने के लिए वह दूसरे युवकों को भी फुटकर में स्मैक बेचता है। उन्होंने बताया कि पकड़ी गई स्मैक को वह अन्य युवाओं को बेचने के लिए ले जा रहा था। कोतवाल देऊपा ने बताया कि युवक के खिलाफ कोतवाली अल्मोड़ा में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस टीम में उप निरीक्षक रमेश सिंह नेगी, मो. यामीन, दीवान बोरा आदि शामिल रहे।



स्मैक के साथ पकड़ा गया अभियुक्त।

# ई-रिक्शा चलाने को प्रदर्शन

- कांग्रेसियों ने पालिका पर ट्रायल के बावजूद संचालन न करने का लगाया आरोप

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** सीमांत जिले पिथौरागढ़ मुख्यालय पर ई रिक्शा का संचालन न होने से कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आक्रोश सातवें आसमान पर पहुंच गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ई रिक्शा संचालन की मांग को लेकर प्रदर्शन किया और प्रशासन और पालिका के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं ने कहा कि अगर उनकी मांग पर गौर नहीं किया तो वह उग्र आंदोलन शुरू कर देंगे।

जिला मुख्यालय में ई रिक्शा का संचालन न होने नाराज कांग्रेस कार्यकर्ता युकां राष्ट्रीय सचिव ऋषेंद्र महर के नेतृत्व में टकाना स्थित कलक्ट्रेट में एकत्र हुए और उन्होंने प्रदर्शन कर जोरदार नारेबाजी की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कहा कि लोकसभा चुनाव से पूर्व नगर पालिका पिथौरागढ़ द्वारा आम जनता के धन से पांच ई रिक्शा खरीदे गए। जिनका नगर में ट्रायल भी कराया गया। लेकिन ट्रायल के बाद विभिन्न मार्गों पर उनका संचालन किए जाने के बाद उन्हें खड़ा कर दिया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को खास तौर पर सुविधा देने के लिए ई रिक्शे खरीदे गए थे। लेकिन आज तक उनका लाभ जिला मुख्यालय के लोगों को नहीं मिल पा रहा है। जो जनता के साथ सरासर धोखा है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इस संबंध में प्रदर्शन के बाद जिलाधिकारी रीना जोशी को एक ज्ञापन भी सौंपा। ज्ञापन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा है कि अगर शीघ्र टेंडर कराकर ई रिक्शों का संचालन शुरू नहीं किया गया तो वह उग्र आंदोलन करेंगे। इधर पालिका के ईई राजदेव जायसी का कहना है कि लोकसभा चुनावों की आचार संहिता के कारण वर्तमान में टेंडर प्रक्रिया नहीं हो सकती।



पिथौरागढ़ कलक्ट्रेट में प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

# कार की टक्कर से ठेला व्यवसायी की हुई मौत

- सब्जी बेचकर घर जा रहा था ठेला व्यवसायी

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार :** टनकपुर खटीमा राजमार्ग बिचई गांव के पास बीती रात्रि खटीमा से आ रही कार ने सब्जी बेचकर घर जा रहे ठेला व्यवसायी को टक्कर मार दी। हादसे में ठेला व्यवसायी की मौत हो गई।

मृतक के पुत्र नंद किशोर की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। शुक्रवार रात्रि करीब 9 बजे खटीमा की ओर से आ रही डस्टर कार टनकपुर को आ रही थी। वहीं सब्जी बेचकर गंगा सिंह शाम को अपने घर जा रहा था।

घर के पास ही कार ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गया। पुलिस ने 108 की मदद से उसे उपजिला अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक बिचई में रोडवेज कॉलोनी के पास बटाईदार का काम करता था और सब्जी लगाकर परिवार का पालन पोषण करता था। वह मूल रूप से उत्तर प्रदेश का रहने वाला था। इधर एसएसआई बीएस बिष्ट ने बताया कि तहरीर पर चालक गेड़ाखाली निवासी अभिषेक कोहली के खिलाफ़ मुकदमा दर्ज कर चालक की तलाश की जा रही है। मेडिकल रिपोर्ट में कार चालक शराब पिया मिला।



गंगा सिंह।

# कैंट बोर्ड की बैठक में नगर की समस्याओं को लेकर चर्चा

संवाददाता रानीखेत

**अमृत विचार:** छावनी परिषद रानीखेत की बोर्ड बैठक छावनी परिषद अध्यक्ष ब्रिगेडियर संजय यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में बोर्ड के सदस्य सचिव कुणाल रोहिला व नामित सदस्य मोहन नेगी उपस्थित रहे।

सर्वप्रथम बोर्ड अध्यक्ष ब्रिगेडियर संजय यादव को गोपनीयता व कर्तव्य निष्ठा की शपथ सदस्य सचिव ने दिलाई। उसके उपरांत बोर्ड में दाखिल खारिज व लीज नवीनीकरण के मामलों पर चर्चा हुई। बैठक में पार्किंग शुल्क, चिकन मटन शॉप के टेंडर करने तथा बोटिंग व एडवेंचर एक्टिविटी के टेंडर को आगे बढ़ाने पर सहमति दी गई। बैठक में आउटसोर्स कर्मचारियों हेतु भी सहमति बनी। आउटसोर्स कर्मचारी की न्यूनतम मजदूरी को संशोधित करने पर सहमति बनी। नगर के जीर्ण शीर्ण भवनों की मरम्मत हेतु 13 लीज धारकों की सहमति प्रदान की गयी।

आशियाना पार्क में मिक्की माउस स्थापित करने पर भी चर्चा हुई। बैठक में पेयजल किल्लत पर पर चर्चा की गई। बताया गया कि निरंतर गर्मी व पेयजल के गिरते स्तर से समस्या गहरा गयी है। दो ट्यूबवेल के मरम्मत हेतु विभाग को लिखा गया है।

शीघ्र ही पेयजल सप्लाई सामान्य हो जाएगी। पर्यटकों को आकर्षित करने और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए ट्रैकिंग रूट, गोल्फ ग्राऊंड का समय बढ़ाने पर चर्चा की गई।




रानीखेत में कैंट बोर्ड की बैठक में अध्यक्ष ब्रिगेडियर यादव व अन्य सदस्य। ● अमृत विचार

# पानी पीने को हर वादन के बाद बजेगी अतिरिक्त घंटी

- आकांक्षी ब्लॉक स्याल्दे के 136 स्कूलों में शुरू हुई अनूठी पहल

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** बच्चों के शरीर में पानी की कमी न हो इसके लिए जिले के आकांक्षी विकास खंड के स्याल्दे विकास खंड में सीडीओ आकांक्षा कोंडे की पहल पर एक अनोखी पहल शुरू की गई है।

इस व्यवस्था के बाद अब सभी विद्यालयों में बच्चों को पानी पिलाने के लिए हर वादन के बाद एक अतिरिक्त घंटी बजेगी और बच्चों को इस अवधि में पानी पिलाया जाएगा। अल्मोड़ा की मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोंडे ने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य बच्चों को दिन भर में पर्याप्त मात्रा में पानी पीने के लिए प्रोत्साहित करना है। गर्मियों के मौसम में निर्जलीकरण और हीट स्ट्रोक जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। नियमित रूप से पानी पीने से न केवल इन बीमारियों को रोकने में मदद मिल सकती है, बल्कि यह बच्चों को स्वस्थ और ऊर्जावान रहने में भी मदद करता है। सीडीओ ने कहा कि यह पहल बच्चों के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए चलाई गई है। हमें उम्मीद है कि यह पहल न केवल बच्चों को स्वस्थ रहने में मदद करेगी, बल्कि उन्हें पानी के महत्व के बारे में भी जागरूक करेगी।

## आर्य कन्या इंटर कालेज में मेधावी हुए सम्मानित

**अल्मोड़ा :** ललिता बिनवाल स्मारक समिति धारानौला ने आज आर्य कन्या इंटर कालेज अल्मोड़ा में वार्षिक सम्मान समारोह एवं बौद्धिक कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें बोर्ड परीक्षा में टॉपर रहे विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। अतिथियों ने स्व. ललिता बिनवाल की स्मृति में समिति द्वारा किए जा रहे कार्यों को सराहनीय बताया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रो. जीसी जोशी, विशिष्ट अतिथि एसएसपी देवेंद्र पींचा, प्रो. जीवन सिंह रावत, विद्यालय की प्रधानाचार्य पंकज लता साह, समिति के अध्यक्ष गिरीश मल्होत्रा, सचिव कैलाश छिमवाल, संस्थापक सदस्य संजय बिनवाल आदि ने दीप प्रज्वलित कर किया।

# खत्याड़ी क्षेत्र में बार खोलने का ग्रामीणों ने किया विरोध

संवाददाता, अल्मोड़ा

**आक्रोश**

- डीएम को सौंपा ज्ञापन, मांग न मानी तो करेंगे उग्र आंदोलन
- ग्रामीण बोले बार खुलने से क्षेत्र का माहौल होगा खराब

**अमृत विचार :** नगर के खत्याड़ी क्षेत्र में बार खोले की सुगबुगाहट होते ही क्षेत्र के ग्रामीणों ने इसका विरोध करना शुरू कर दिया है। ग्रामीणों ने कहा है कि बार खुलने से क्षेत्र का माहौल खराब होगा और युवाओं पर इसका विपरीत असर पड़ेगा। ग्रामीणों ने इस मामले में डीएम विनीत तोमर को ज्ञापन सौंपा है और मांग न माने जाने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

जिलाधिकारी को दिए ज्ञापन में ग्रामीणों ने कहा है कि लंबे समय से कुछ लोग खत्याड़ी में स्थित बेस अस्तपाल के पास बार खोलने का प्रयास कर रहे हैं। जिसका ग्रामीण पूर्व में भी विरोध कर चुके हैं। लेकिन इसके बाद भी बार बार यहां लगातार बार खोलने की कोशिश की जा रही है। ग्रामीणों ने कहा है कि खत्याड़ी में मेडिकल कालेज के बेस अस्पताल के अलावा बैंक और स्कूल और अन्य संस्थाएं भी स्थापित हैं। जबकि यहीं से कई गांवों के ग्रामीण रोज आवाजाही भी करते हैं। ऐसे में यहां बार खोले जाने से यहां अशांति का माहौल पैदा होगा। साथ ही क्षेत्र की महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को भी खासी परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

ग्रामीणों ने चेतावनी देते हुए कहा है कि ग्रामीणों के विरोध के बाद भी अगर यहां बार खोला गया तो शासन प्रशासन के खिलाफ उग्र आंदोलन शुरू कर दिया जाएगा। ज्ञापन में ग्राम प्रधान राधा देवी, मनोज आर्या, दीपक कनवाल, हिमांशु कनवाल, बसंती देवी, जानकी देवी, नेहा कनवाल, गंगा देवी, मनीषा, पवन, दीपक सिंह, कलावती देवी, रविंद्र कनवाल समेत कई ग्रामीणों ने हस्ताक्षर किए हैं।

# चौखुटिया में शोरूम मैनेजर के खिलाफ मुकदमा दर्ज

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** चौखुटिया विकास खंड में स्थापित एक कंपनी के दो मैनेजरों के बीच विवाद हो गया है। कंपनी के वर्कशॉप मैनेजर ने शोरूम मैनेजर पर जान से मारने की धमकी देने और जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर गाली गलौच करने का आरोप लगाया है। वर्कशॉप मैनेजर की तहरीर के बाद पुलिस ने शोरूम मैनेजर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

चौखुटिया के थाना प्रभारी जसविंदर सिंह ने बताया कि अल्मोड़ा के मल्ला ओढ़खोला निवासी प्रवेश कुमार द्वारा दी गई तहरीर में कहा गया है कि वह चौखुटिया स्थित एक वर्कशॉप में मैनेजर पद पर कार्यरत है। इसी कंपनी में भास्कर लोहनी शोरूम मैनेजर है। प्रवेश कुमार ने कहा है कि आरोपी भास्कर लोहनी आए दिन उसके साथ अभद्रता करता है। विरोध करने पर जातिसूचक शब्द कहकर जान से मारने की धमकी देता है। 22 मई को भी आरोपी ने उसके साथ अभद्रता की और जातिसूचक शब्द बोलकर उसके साथ गाली गलौच की। पीड़ित ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस मामले में थाना प्रभारी जसविंदर सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# हाई वोल्टेज के कारण आदिग्राम फुलोरिया में फुंके बिजली उपकरण

संवाददाता, अल्मोड़ा

- लापरवाही से आजिज आए उपभोक्ताओं ने दी धरना देने की चेतावनी

**अमृत विचार :** जिले के चौखुटिया विकास खंड में बिजली विभाग की लापरवाही से ग्रामीण काफी परेशान हैं। आएदिन हाई वोल्टेज की समस्या यहां के लोगों के सिरदर्द बनकर रह गई है।

ग्रामीणों ने बताया कि विभाग की इस लापरवाही के कारण उपभोक्ताओं के कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण फुंक गए हैं। जिस कारण उन्हें लाखों रुपये का नुकसान का सामना करना पड़ा है। ब्लॉक के आदिग्राम फुलोरिया के ग्रामीणों का कहना है कि विभाग द्वारा गांव में जो ट्रांसफार्मर लगाया है वह पहले से खराब हालत में है। ऊपर से उसे गांव से काफी दूर हाईटेंशन लाइन के नीचे लगाकर सिंगल फेज के सहारे चलाया जा रहा है। जिस कारण गांव में अक्सर हाई वोल्टेज की समस्या होती है। ग्राम प्रधान कमला फुलोरिया ने बताया कि गांव में कई बार हाई वोल्टेज के कारण ग्रामीणों के टीवी, फ्रिज, वाशिंग मशीन, पंखे, मोबाइल फोन, मिक्सर ग्राइंडर, सीएफएल आदि उपकरण खराब हो चुके हैं। जिसकी शिकायत ग्रामीणों सालों से विभाग के अधिकारियों से करते आ रहे हैं। करीब एक साल पहले कनिष्ठ अभियंता ने इस समस्या को लेकर गांव का दौरा भी किया। लेकिन आज तक इस समस्या का समाधान नहीं हो सका। जिस कारण शनिवार की सुबह गांव में फिर हाई वोल्टेज के कारण कई ग्रामीणों के घरों में लगे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण फुंक गए। सामाजिक कार्यकर्ता हेम कांडपाल ने कहा है कि ग्रामीण कई बार विभाग के एसडीओ समेत उच्च अधिकारियों को भी दूरभाष से जानकारी देने की कोशिश की लेकिन गैर जिम्मेदार अफसर ग्रामीणों का फोन उठाना भी मुनासिब नहीं समझते।

# अग्निशमन उपकरणों के उपयोग की जानकारी दी



छात्रों को जानकारी देते अग्निशमन विभाग के अधिकारी।

संवाददाता, रानीखेत

**अमृत विचार:** उच्च अधिकारियों के निर्देश पर प्रभारी अग्निशमन अधिकारी वंश नारायण यादव के नेतृत्व में फायर टीम द्वारा नेशनल इंटर कॉलेज में जन जागरण अभियान चलाया गया। प्रधानाचार्य सुनील जोशी के साथ विद्यालय के छात्र-छात्राओं व अध्यापकों को अग्नि दुर्घटना होने पर प्राथमिक अग्निशमन उपकरणों के प्रयोग की जानकारी दी। अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने एसएन हॉस्पिटल के अग्निशमन उपकरणों का निरीक्षण किया। सभी हॉस्पिटल के कर्मचारी एवं स्टाफ को उनके संचालन के बारे में जानकारी भी दी।

## युवाओं के लिए खेल और फिटनेस जरूरी

**अल्मोड़ा :** खेल और फिटनेस युवाओं के लिए काफी जरूरी है। इसलिए ट्राई क्लब युवाओं के लिए इसके माध्यम से रोजगार के नए अवसरों को तलाशने का प्रयास कर रही है। यह बात ट्राई क्लब के संस्थापक सदस्य विपुल कार्की ने अल्मोड़ा में पत्रकारों से बातचीत में कही। उन्होंने बताया कि इसी के मद्देनजर रविवार को अल्मोड़ा में ओपन रन फॉर फन का आयोजन किया जाएगा। विपुल कार्की ने कहा कि वर्तमान समय में युवा वर्ग नशे की प्रवृति को अपना रहा है। ऐसे में क्लब युवाओं को प्रशिक्षित कर खेल और फिटनेस इंडस्ट्री में कॅरियर बनाने के लिए मार्गदर्शन की योजना बना रही है। उन्होंने कहा कि इससे युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा किए जा सकेंगे।

## चोरी की बाइक के साथ आरोपी पकड़ा

**बनबसा :** पुलिस ने लगभग पौने दो माह बाद चोरी की बाइक के साथ आरोपी को पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार गत 7 अप्रैल को अनोखे लाल निवासी ग्राम फागपुर बनबसा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनकी मोटर साइकिल एनएचपीसी के प्रशासनिक भवन के प्रांगण से चोरी हो गई है। सीसीटीवी की फुटेज देखने के बाद पुलिस ने शुक्रवार को जगबूढ़ा पुल से चोरी की गई बाइक के साथ आरोपी विनीत पुत्र होरी लाल निवासी ग्राम मोहम्मदपुर थाना बिलसण्डा जिला पीलीभीत उत्तर प्रदेश हाल निवासी ग्राम बकुलिया थाना झनकइया जिला उधमसिंह नगर को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह जगवाण ने बताया कि आरोपी के खिलाफ उत्तराखंड के विभिन्न जिलों में 12 मुकदमे दर्ज हैं।

## कुत्ते का शिकार करता तेंदुआ कैमरे में कैद

**बनबसा :** कुत्ते का शिकार करता हुआ तेंदुआ हुआ सीसीटीवी में कैद हो गया। आबादी में तेंदुए की दस्तक से लोगों में दहशत का माहौल है। टनकपुर पावर स्टेशन एनएचपीसी में बैडमिंटन कोर्ट के पास रात लगभग साढ़े नौ बजे तेंदुए ने एक कुत्ते पर हमला कर उसे अपना शिकार बना लिया। यह घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जिसकी वजह से स्थानीय लोगो में दहशत का माहौल बना हुआ है। शारदा वैली एनएचपीसी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष विनोद उप्रेती ने बताया कि इस घटना की शिकायत उन्होंने सीएम पोर्टल में भी की है।

गोरखपुर लोकसभा सीट पर भाजपा और सपा के बीच हो रहा है दिलचस्प सीधा मुकाबला

# योगी के अभेद्य किले में जातीय दांव लगा पाएगा सेंध



मनोज त्रिपाठी

गोरखपुर लोकसभा सीट पर गोरक्ष पीठ का दबदबा माना जाता है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का यह गृह जनपद भाजपा का मजबूत गढ़ भी है। 2018 का उपचुनाव छोड़ दें, तो 1989 से इस सीट पर गोरक्ष पीठ के सहारे कमल खिल रहा है। योगी आदित्यनाथ स्वयं 1998 से 2014 तक लगातार पांच बार गोरखपुर लोकसभा सीट से सांसद रहे हैं। इससे पहले 1989 से 1996 तक तीन चुनावों में गोरक्षपीठाधीश्वर महंत अवैद्यनाथ ने यहां का प्रतिनिधित्व किया था। इस बार गोरखपुर लोकसभा सीट पर भाजपा सांसद रवि किशन का मुकाबला सपा प्रत्याशी काजल निषाद और बसपा के मुस्लिम उम्मीदवार जावेद सिमनानी से है। गोरखपुर में सातवें और अंतिम चरण में पहली जून को वोट पड़ने हैं, लिहाजा चुनाव प्रचार अब अंतिम दौर में प्रवेश कर गया है।

**मत प्रतिशत 2019 चुनाव**

| भाजपा | सपा | कांग्रेस |
|---|---|---|
| 60.54% | 35.70% | 1.94 % |

**2018 उपचुनाव**

| सपा | भाजपा | कांग्रेस |
|---|---|---|
| 48.86% | 46.53% | 2.02 % |

**2014 चुनाव**

| भाजपा | सपा | बसपा | कांग्रेस |
|---|---|---|---|
| 51.83% | 21.76% | 16.96 % | 4.40 % |

- सपा ने 2018 उपचुनाव का परिणाम दोहराने की मंशा से निषाद वोट बैंक पर खेला है दांव
- भाजपा सांसद रवि किशन को गोरक्ष पीठ के साथ मोदी- योगी के नाम और काम का सहारा

## 2019

- 2019 के लोकसभा चुनाव में गोरखपुर सीट से भाजपा प्रत्याशी अभिनेता रवि किशन (रवीन्द्र शुक्ला) ने जीत दर्ज की थी। उन्हें 7,17,122 वोट मिले थे। सपा के राम भुआल निषाद को 4,15,458 और कांग्रेस के मधुसूदन त्रिपाठी को 22,972 वोट ही मिले थे। इससे पहले 2014 के चुनाव में यहां से योगी आदित्यनाथ ने बड़े अंतर से जीत हासिल करके भाजपा का कमल खिलाया था। उन्हें 5,39,127 वोट मिले थे। सपा के राजमती निषाद को 2,26,344 और बसपा प्रत्याशी राम भुवाल निषाद 1,76,412 ही हासिल कर पाए थे। कांग्रेस के अष्टभुजा प्रसाद त्रिपाठी 45,719 वोट पाकर चौथे स्थान पर रहे थे। लेकिन 2014 से 2019 के बीच की कहानी में एक ट्विस्ट भी है। 2017 में विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करने के बाद भाजपा ने प्रदेश में सरकार बनाई और गोरखपुर से सांसद योगी आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री बनने पर लोकसभा सीट से इस्तीफा दे दिया। इस पर 2018 में यहां उपचुनाव हुआ। भाजपा ने उपेंद्र दत्त शुक्ल को मैदान में उतारा। सपा ने निषाद पार्टी अध्यक्ष संजय निषाद के पुत्र प्रवीण निषाद को प्रत्याशी बनाया। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी को हरा दिया। प्रवीण निषाद ने इस बार संत कबीर नगर से भाजपा सांसद के रूप में चुनाव लड़ा है। सपा को काजल निषाद से कुछ उसी तरह के करिश्मे की उम्मीद है। हालांकि पिछली बार पार्टी का निषाद वोट बैंक पर लगाया गया दांव बेकार साबित हुआ था। 2019 में रविकिशन ने सपा के राम भुआल निषाद को तीन लाख से ज्यादा मतों से हराया था।
- एक अनुमान के मुताबिक गोरखपुर लोकसभा में निषाद वोटरों की संख्या कम से कम साढ़े तीन लाख है। हालांकि निषाद समाज के नेता चार लाख से ज्यादा मतदाता बताते हैं। सपा को उम्मीद निषाद मतदाता अगर उसके साथ आते हैं, तो लोकसभा क्षेत्र के दो लाख से अधिक यादव और करीब डेढ़ लाख मुस्लिम मतदाता मिलकर चुनावी परिणाम बदल देंगे। लेकिन यह रणनीति परवान चढ़ने में सबसे बड़ी अड़चन निषाद पार्टी है, जो अब भाजपा के साथ हैं। इसके बावजूद जातीय समीकरण ध्वस्त करने के लिए भाजपा सांसद रवि किशन लगातार कह रहे हैं कि यह मंदिर की सीट और उसके पास ही रहेगी। वैसे यहां भाजपा के पास भी तीन लाख से ज्यादा ब्राह्मण और राजपूत मतदाता और एक लाख के करीब भूमिहार और वैश्य मतदाताओं का मजबूत समीकरण है।

### प्रत्याशी प्रोफाइल



- भोजपुरी फिल्मों के अभिनेता और अब राजनेता भाजपा सांसद रवि किशन का असली नाम रवींद्र शुक्ला है। उन्होंने अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत कांग्रेस से की थी। 2014 का लोकसभा चुनाव कांग्रेस से जौनपुर सीट से लड़ा था, लेकिन हार गए थे। इसके बाद 2017 में भाजपा में शामिल हो गए थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरपरस्ती में भाजपा से 2019 का चुनाव गोरखपुर से 60 .52 फीसदी मत पाकर जीता था।



- सपा प्रत्याशी काजल निषाद लापतागंज टीवी सीरियल से प्रसिद्ध हुई थीं। उन्होंने भोजपुरी फिल्मों में भी काम किया है। वह पिछले काफी समय से राजनीति में भी सक्रिय हैं। 2012 में गोरखपुर ग्रामीण विधानसभा सीट से कांग्रेस से चुनाव लड़ा था, लेकिन हार गई थीं। 2017 में कैंपियरगंज सीट से भी हार का सामना करना पड़ा था। वह पिछले साल गोरखपुर मेयर का चुनाव भी सपा से हार गई थीं।



- बसपा के गोरखपुर लोकसभा सीट से प्रत्याशी जावेद सिमनानी छात्र जीवन से ही पार्टी से जुड़े हैं। उनके पिता और भाई सभी बसपा के लिए काम करते रहे हैं। सिमनानी ने अपना करियर बूथ अध्यक्ष के रूप में शुरू किया था, बाद में सेक्टर अध्यक्ष, सेक्टर प्रभारी, बसपा के मुख्य जोन समन्वयक और कई अन्य पदों पर काम किया है। वह निकाय चुनाव में पार्षद चुनाव लड़े थे, पर हार गए थे।

# तीन बार के रनर को पहली और भाजपा को चौथी जीत की तलाश

**बांसगांव लोकसभा सीट**



कमलेश पासवान।



सदल प्रसाद।

**अमृत विचार।** गोरखपुर जिले में दो लोकसभा सीटें गोरखपुर और बांसगांव आती हैं। बांसगांव सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। बांसगांव में बसपा को छोड़कर भाजपा, कांग्रेस व सपा तीनों प्रमुख दल जीत हासिल कर चुके हैं। यह सीट ओम प्रकाश पासवान के लिए जानी जाती है, जिनकी हत्या के बाद उनकी पत्नी सुभावती पासवान साल 1996 में यहां से सांसद चुनी गई थीं। उनके ही पुत्र कमलेश पासवान यहां पिछली बार जीत की हैट्रिक लगा चुके हैं और इस बार चौथी जीत दर्ज करने के लिए तत्पर नजर आ रहे हैं। कमलेश 2009, 2014 व 2019 के तीन चुनाव लगातार जीत चुके हैं। इस बार उन्हें जीत मिली तो कांग्रेस नेता महावीर प्रसाद के रिकार्ड की बराबरी करने के साथ ही लगातार चार जीत दर्ज करने का नया रिकार्ड भी बना देंगे। उनसे पहले इस सीट पर कांग्रेस नेता महावीर प्रसाद ने भी चार बार जीत हासिल की थी, जिसमें तीन लगातार जीत दर्ज करके हैट्रिक लगाई थी। महावीर प्रसाद 1980, 1984 व 1989 के लोकसभा चुनाव में लगातार जीते थे। साल 2004 में वह चौथी बार जीते थे। इस तरह वह लगातार चार जीत नहीं दर्ज कर पाए थे।

बांसगांव लोकसभा सीट की कहानी सदल प्रसाद के बिना अधूरी है। वह यहां से तीन बार 2004, 2014 और 2019 में लोकसभा चुनाव लड़ चुके हैं। तीनों बार बसपा से किस्मत आजमाई लेकिन हर बार उपविजेता ही रहे। यह पहला मौका है, जब वह सपा-कांग्रेस गठबंधन के तहत कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में हैं।

- इस लोकसभा सीट पर भाजपा, कांग्रेस और बसपा में कोई भी जीते, बनेगा नया रिकार्ड
- भाजपा सांसद कमलेश पासवान जीत की हैट्रिक के बाद इस बार चौका लगाने की कोशिश में
- कांग्रेस प्रत्याशी सदल प्रसाद बसपा से पिछले तीन चुनाव लड़कर हर बार रहे हैं यहां उप विजेता
- सुरक्षित सीट पर बसपा लगी है पहली जीत के लिए नए सिरे से सियासी बिसात बिछाने में

सदल प्रसाद बांसगांव सुरक्षित विधानसभा सीट पर साल 2002 से 2012 के बीच दो बार विधायक रहे हैं। इस बार उनके सामने अपने परंपरागत दलित मतदाताओं के साथ सपा के यादव और मुसलमान वोट बैंक को जोड़ना बड़ी चुनौती है। चुनाव प्रचार के दौरान वह इसी मिशन में जुटे दिखाई देते हैं, ताकि तीन बार रनर रहने के बाद इस बार पहली बार जीत दर्ज कर सकें।

लेकिन उनकी इस राह में रोड़ा बसपा प्रत्याशी डा. रामसमुझ नजर आ रहे हैं, जो गोरखपुर व बस्ती मंडल की एकमात्र सुरक्षित सीट पर बसपा का खाता खोलने की पुरजोर कोशिश कर रहे हैं।

### सांसद के प्रति नाराजगी को मुद्दा बनाने का प्रयास

बांसगांव में बसपा पिछले चार चुनावों में दूसरे स्थान पर आ रही है। ऐसे में बसपा को त्रिकोणात्मक संघर्ष में आने से रोक कर कांग्रेस व सपा ने सदल प्रसाद को जिताने के लिए बांसगांव में सवर्ण मतदाताओं की भाजपा सांसद से नाराजगी को मुद्दा बनाकर भुनाने की रणनीति बनाई है। हालांकि बांसगांव लोकसभा क्षेत्र में कई स्थानों पर भाजपा प्रत्याशी कमलेश के प्रति लोगों की नाराजगी दिखाई तो देती हैं, लेकिन इनमें से अधिकतर लोग मोदी और योगी के नाम पर ईवीएम में बटन कमल निशान का ही दबाने की बात भी करते नजर आते हैं।

### जातीय समीकरण का लेखा-जोखा

बांसगाव में पासी समुदाय सहित अन्य दलितों की संख्या चार लाख से ज्यादा है। ब्राह्मण और राजपूत मिलकर करीब तीन लाख तो यादव मतदाताओं की संख्या ढाई लाख तक बताई जाती है। मुस्लिम वोटर डेढ़ लाख गिनाए जाते हैं।

### पिछले दो चुनावों का परिणाम

साल 2019 के चुनाव में भाजपा के कमलेश पासवान एक लाख से अधिक मतों से जीते थे। उन्हें 5,46,673 वोट मिले थे। बसपा के सदल प्रसाद ने 3,93,205 वोट पाए थे। 2014 के चुनाव में भी भाजपा के कमलेश पासवान ने बसपा प्रत्याशी सदल प्रसाद को हराया था। कमलेश 4,17,959 वोट मिले थे, जबकि सदल प्रसाद ने 2,28,443 वोट पाए थे।

### सभी पांचों सीटों पर भाजपा का कब्जा

बांसगांव लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत पांच विधानसभा सीटें आती हैं। इनमें दो सीटें देवरिया जिले की रूद्रपुर और बरहज हैं, जबकि तीन सीटें चौरी-चौरा, बांसगांव और चिल्लूपार गोरखपुर जिले की हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने सभी पांचों सीटों पर कब्जा जमाया था।

# मतदान ने आधा दर्जन सीटों पर समीकरण और उलझाया

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** प्रदेश की 14 लोकसभा सीटों पर शनिवार को मतदान समाप्त होने के बाद आए 54 फीसदी से कुछ अधिक वोट पड़ने के प्रारंभिक आंकड़े ने आधा दर्जन से अधिक सीटों पर सियासी समीकरण और उलझा दिए हैं। इसके चलते वोटों के हिसाब-किताब में चार जून तक तमाम प्रत्याशियों की धड़कनें तेज ही रहने वाली हैं। पूर्वांचल के रण में वैसे भी इस बार कई सीटों पर ओबीसी तथा दलित वोट बैंक में बंटवारे से भाजपा और सपा-कांग्रेस गठबंधन के बीच पांच से सात सीटों पर कड़ा मुकाबला माना जा रहा था।

फूलपुर, इलाहाबाद, प्रयागराज, डुमरियागंज में औसतन 54.05 फीसदी के मुकाबले लगभग चार प्रतिशत तक कम वोट पड़ने की सूचना है। इसके मुकाबले अंबेडकर नगर में करीब 62 फीसदी, आजमगढ़ और बस्ती में 57 फीसदी के आसपास वोट डाले गए हैं, बाकी जगह मतदान के आंकड़े औसत मतदान से एक-डेढ़ प्रतिशत ही कम या ज्यादा हैं। ऐसे में बड़ा सवाल है कि अंबेडकर नगर में सात फीसदी से ज्यादा वोट आखिर किसके पक्ष में या किस कारण से पड़ा है। अंबेडकर नगर से बसपा के सांसद रितेश पांडेय इस बार भाजपा से चुनाव लड़े हैं। उनका मुकाबला सपा-कांग्रेस प्रत्याशी लालजी वर्मा से हुआ है। लालजी वर्मा छह बार के विधायक हैं। मायावती सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे थे।

यहां बसपा से कमर हयात भी हैं, लेकिन भाजपा-सपा के बीच नजदीकी संघर्ष नजर आया है। आजमगढ़ और बस्ती में लगभग तीन प्रतिशत तक ज्यादा पड़े वोटों को सपा अपने तो भाजपा अपने पक्ष में बता रही है। जानकारों का मानना है कि आजमगढ़ में सपा के धर्मेंद्र यादव को भाजपा सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ की चुनौती से जूझना पड़ा है।



**साधा समीकरण** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बारासात लोकसभा क्षेत्र में टीएमसी उम्मीदवार काकुली घोष के लिए प्रचार किया। मतदाताओं को लुभाने के लिए उन्होंने डांडिया नृत्य में हिस्सा लिया।

# अंतिम चरण की 13 सीटों पर भाजपा के पास मजबूत जमीन

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** प्रदेश में सातवें और अंतिम चरण में पूर्वांचल की 13 सीटों पर पहली जून को वोट पड़ेंगे। इनमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संसदीय क्षेत्र वाराणसी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की गोरखपुर सीट भी शामिल हैं। इस चरण में भी भाजपा और सपा-कांग्रेस गठबंधन में जंग देखने को मिल रही है। बसपा कई सीटों पर त्रिकोणात्मक तस्वीर बनाती नजर आ रही है।

सातवें चरण में जिन 13 सीटों पर वोट पड़ने हैं, उनमें से 11 सीटों पर पिछली बार एनडीए ने जीत दर्ज की थी जबकि दो सीटों पर सपा-बसपा गठबंधन की जीत हुई थी। इस भाजपा जहां सभी 13 सीटों को जीतने के इरादे से अपनी ताकत लगाए है, वहीं विपक्षी गठबंधन में अपनी सीटें बढ़ाने के लिए जातीय गणित सेट करने में जुटा है। 2019 के लोकसभा चुनाव के आंकड़ों पर नजर डालें तो 13 सीटों पर इंडिया गठबंधन की लड़ाई आसान नहीं है। अगर सपा-कांग्रेस के साथ बसपा को अपनी सीटें बढ़ानी है तो उन्हें कम से कम 15 फीसद वोट अपने पक्ष में लाना होगा। पिछले चुनाव में भाजपा को औसतन 52.11 फीसद वोट मिले और सपा-बसपा के खाते में 37.43 वोट ही आए थे। 2019 में सपा-बसपा का गठबंधन था जो भाजपा के सामने बेहद मजबूत था, बावजूद इसके गठबंधन को तब दो ही सीटें मिल पाई थी। इस बार सपा के साथ बसपा नहीं है, कांग्रेस जिसका साथ है, उसकी संगठन जमीन पर कहीं भी मजबूत नहीं है। इसके मुकाबले एनडीए का जातीय समीकरण बेहद मजबूत है। पूर्वांचल में भाजपा के साथ राजभर, चौहान, निषाद और गैर यादव ओबीसी समाज दिखाई देता है। ओम प्रकाश राजभर, अपना दल सोनेलाल और निषाद तथा जनवादी पार्टी समर्थन में एकजुट है।

**मांगा आशीर्वाद**



मंडी लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार विक्रमादित्य सिंह ने जनसंपर्क किया। उन्होंने केंद्र सरकार को युवा, किसान विरोधी बताया और वोट मांगा। कहा कि इंडिया गठबंधन ही इस देश में विकास करेगा।

# निशिकांत चौका तो विजय हांसदा हैट्रिक लगाने को आतुर

दिग्विजय सिंह

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में मतदान के छह चरण पूरे हो चुके हैं। इसी के साथ ही सातवें चरण की सीटों पर जीत के लिए सभी दलों ने ताकत झोक दी है। हर दल ने अपने- अपने हिसाब से चक्रव्यूह की रचना की है। झारखंड में जहां इंडिया गठबंधन पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को मुद्दा बनाकर सहानुभूति के सहारे जीत दर्ज करने की कवायद में जुटा है तो भाजपा हेमंत सोरेन के भ्रष्टाचार को मुद्दा बनाकर झामुमो, कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों के रचे हुए चक्रव्यूह को भेदना चाहती है। अंतिम चरण में तीन सीटों पर चुनाव होना है। इनमें से गोड्डा सीट पर भाजपा के कद्दावर नेता निशिकांत दुबे तीन बार से लगातार जीत रहे हैं तो दुमका सीट पर भाजपा का कब्जा 2019 में हुआ था। रही बात राजमहल सीट की तो यह झामुमो का मजबूत गढ़ है। पार्टी यहां जीत बरकरार रखने के साथ ही अन्य सीटों पर जीत दर्ज करने को आतुर दिख रही है।

### राजमहल में मोदी लहर भी काम नहीं आई



- राजमहल सीट पर कांग्रेस ने 8, झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) 5, भाजपा दो और बीएलडी व जनता पार्टी ने एक-एक बार जीत दर्ज कर चुकी है। 2009 में इस सीट पर भाजपा जीती थी लेकिन 2014 और 2019 में जब प्रचंड मोदी लहर थी तो यहां के मतदाताओं ने भाजपा को नकार दिया था। झामुमो के विजय कुमार हांसदा लगातार दो बार से जीत रहे हैं। इस बार वे हैट्रिक लगाने की तैयारी कर रही हैं। भाजपा ने उनके सामने पूर्व विधायक ताला मारांडी को टिकट दिया है। वे पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। जबकि सीपीआईएम ने गोपेन सोरेन को मैदान में उतारा है। गोपेन पिछला चुनाव हार चुके हैं। झामुमो यहां महंगाई, बेरोजगारी को मुद्दा बना रही है और हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को आदिवासी अस्मिता को ठेस पहुंचाने वाला बता रही है। अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित इस सीट पर भाजपा को जीत के लिए मोदी की गारंटी का ही सराहा है। पार्टी यहां भ्रष्टाचार के मुद्दे को आगे रखकर वोट मांग रही है। वैसे यहां की छह विधानसभा सीटों में से चार पर झामुमो और एक- एक पर कांग्रेस व भाजपा का कब्जा है।

### राजमहल की बरेहट सीट से हेमंत सोरेन विधायक

- पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राजमहल लोकसभा की बरेहट विधानसभा सीट से ही विधायक हैं। ऐसे में झामुमो ने यहां पर ताकत झोक दी है। पार्टी के बड़े नेता यहां डेरा डाले हुए हैं।पार्टी को लगता है कि इस सीट पर हार का मतलब है कि आगामी विधानसभा चुनाव में इसका गलत संदेश जाएगा।

### गोड्डा में भाजपा का किला ढहाने को मजबूत किलेबंदी



गोड्डा संसदीय सीट पर भाजपा के सांसद निशिकांत दुबे लगातार तीन बार से जीत रहे हैं। इस बार वे चौका लगाने के लिए एड़ी- चोटी का जोर लगा रहे हैं। निशिकांत दुबे उस वक्त चर्चा में आए थे जब उन्होंने टीएमससी सांसद महुआ मोइत्रा के विरुद्ध शिकायत की थी और आरोप लगाया था कि उन्होंने सुविधाएं लेकर संसद में सवाल पूछे। यहां टीएमसी के नेताओं को भी उनके विरुद्ध चुनाव प्रचार में उतारने की कोशिश कांग्रेस और झामुमो की ओर से की जा रही है। यहां से कांग्रेस के प्रदीप यादव उनके विरुद्ध मैदान में हैं। पूरा विपक्ष एकजुट होकर उन्हें हराने की कोशिश कर रहा है। जातीय समीकरण के हिसाब से निशिकांत यहां पर भारी पड़ते दिख रहे हैं। प्रदीप यादव भी मंझे राजनीतिज्ञ हैं वे एक बार सांसद रहे हैं और वर्तमान में विधायक हैं। विधानसभा चुनाव के परिणाम पर नजर डालें तो इंडिया गठबंधन यहां भारी दिखता है।

### शिबू सोरेन की हार का बदला ले पाएंगे नलिन



दुमका संसदीय सीट झामुमो की परंपरागत सीट रही है। इस सीट पर पार्टी प्रमुख शिबू सोरेन आठ बार जीते। 2019 में उन्हें भाजपा के सुनील सोरेन ने हराया था। इस बार भाजपा ने यहां शिबू सोरेन की बहू सीता सोरेन को मैदान में उतारा है। मुख्यमंत्री न बनाए जाने से खफा सीता सोरेन ने बगावत कर भाजपा का दामन थामा है। वह इसी संसदीय क्षेत्र की जामा सीट से विधायक हैं। उनके मुकाबले झामुमो ने दुमका से विधायक नलिन सोरेन का चेहरा बनाया है। नलिन और सीता में इस बात की जंग है कि कौन खुद को इस सीट पर शिबू सोरेन का असली उत्तराधिकारी कौन होगा। इस सीट पर भाजपा नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबू लाल मरांडी 1998 और 1999 में इस सीट से सांसद रह चुके हैं। यहां विधानसभा की छह सीटें हैं। एक सीट भाजपा, एक पर कांग्रेस का कब्जा है जबकि चार सीटों पर झामुमो जीती थी लेकिन झामुमो विधायक सीता सोरेन बाद में भाजपा में आईं और उम्मीदवार बन गईं। वह मतदाताओं को बताने में जुटी हैं कि उनके साथ परिवार में अन्याय हुआ है। इसलिए उन्हें सांसद बनाकर मतदाता ही न्याय दिला सकते हैं। नलिन जहां सीता सोरेन को हराकर खुद को इस सीट पर शिबू सोरेन का राजनीतिक वारिस साबित करने के लिए रात दिन एक किए हुए हैं तो सीता सोरेन यह बताने में जुटी हैं कि यदि वह हार गईं तो उन्हें परिवार से भी कुछ नहीं मिलेगा। भाजपा ने भी इस सीट पर पूरी ताकत झोक दी है। पार्टी की कोशिश है कि सीता की जीत से वह यह बताने में कामयाब होगी कि यहां की जनता ने भ्रष्टाचार को हराया है।

# पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर हमारा है और हम उसे लेकर रहेंगे : अमित शाह

## गृह मंत्री ने भाजपा को डराने की कोशिश करने के लिए कांग्रेस पर साधा निशाना

**शिमला, एजेंसी**



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर (पीओके) भारत का हिस्सा है और हम उसे लेकर रहेंगे। उन्होंने पड़ोसी देश के पास परमाणु बम होने का हवाला देकर भाजपा को डराने की कोशिश करने के लिए कांग्रेस पर निशाना साधा। शाह ने ऊना जिले के अम्ब में एक रैली को संबोधित करते हुए मतदाताओं से राज्य की छह विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनावों में भाजपा की जीत सुनिश्चित करने की अपील भी की, ताकि इस पर्वतीय राज्य में भाजपा की सरकर बन सके। हिमाचल प्रदेश में फिलहाल कांग्रेस की सरकार है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली मजबूत सरकार ही आतंकवाद से लड़ सकती है, आर्थिक विकास सुनिश्चित कर सकती है और गरीबों का ध्यान रख सकती है। गृहमंत्री ने हमीरपुर लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार अनुराग ठाकुर के समर्थन में रैली में कहा-कांग्रेस हमें डराने की कोशिश कर रही है कि पाकिस्तान के पास परमाणु बम है।

### चीन ने हमारी जमीन पर अतिक्रमण कर लिया है लेकिन प्रधानमंत्री मोदी चुप हैं : खरगे



**शिमला।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को आरोप लगाया कि चीन ने भारत की जमीन पर अतिक्रमण कर लिया है और घर तथा सड़कें बना रहा है लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चुप हैं। खरगे ने हिमाचल प्रदेश के रोहड़ू में एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री पर कटाक्ष किया और पूछा कि 56 इंच का सीना कहां है। कांग्रेस नेता ने कहा कि उनकी पार्टी देश के लोगों और संविधान को बचाने के लिए लड़ रही है और अगर वह लोकसभा चुनाव में सत्ता में आती है तो 30 लाख सरकारी रिक्तियां भरी जाएंगी। खरगे ने कहा- हमने पाकिस्तान के खिलाफ लड़ाई लड़ी और बांग्लादेश को आजादी दिलाई। चीन ने हमारी जमीन पर अतिक्रमण कर लिया और घर तथा सड़कें बना रहा है लेकिन प्रधानमंत्री मोदी चुप हैं। 56 इंच का सीना कहां है?

### गुजरात में नदी में डूबने से दो लोगों की मौत

**वडोदरा।** गुजरात के वडोदरा जिले में पिकनिक मनाने के दौरान 15 वर्षीय किशोर समेत दो लोगों की नर्मदा नदी में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। बड़ोदरा जिले के सिनोर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि घटना शुक्रवार को दिवेर गांव के पास हुयी। उन्होंने बताया कि यह घटना तब हुई जब भरूच के रहने वाले पीड़ित अपने परिवार और दोस्तों के साथ दोपहर के समय पिकनिक मना रहे थे। उन्होंने बताया कि वे दोनों नहाने के लिए नदी में उतरे और डूबने लगे। उन्होंने बताया कि इसके बाद स्थानीय बचाव दल ने कई घंटों तक तलाशी अभियान चलाया और शनिवार को शवों को बाहर निकाला गया। अधिकारी ने कहा कि मृतकों की पहचान परिमल (31) और यश के रूप में हुई है। वे पिकनिक मनाने के लिए घटनास्थल पर एकत्र हुए लगभग दो दर्जन लोगों के समूह में शामिल थे।

# इंडिया गठबंधन वोट बैंक के लिए मुजरा कर रहा

**पटना/डेहरी, एजेंसी**

- बिहार में प्रधानमंत्री मोदी ने की घोषणा-गठबंधन की योजनाओं को कर दूंगा विफल



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्षी गठबंधन इंडिया पर शनिवार को तीखा हमला किया और उस पर मुस्लिम वोट बैंक के लिए गुलामी और मुजरा करने का आरोप लगाया। पाटलिपुत्र और काराकाट संसदीय क्षेत्र में अलग-अलग रैलियों को संबोधित करते हुए मोदी ने विपक्ष पर तीखा हमला किया और अल्पसंख्यक संस्थानों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग को आरक्षण से वंचित करने के लिए राजद और कांग्रेस जैसे दलों को जिम्मेदार ठहराया।

उन्होंने कहा-बिहार वह भूमि है जिसने सामाजिक न्याय की लड़ाई को एक नई दिशा दी है। मैं इस प्रदेश की भूमि पर यह घोषणा करना चाहता हूं कि मैं एससी, एसटी और ओबीसी के अधिकारों को लूटने और उन्हें मुसलमानों को देने की इंडिया गठबंधन की योजनाओं को विफल कर दूंगा। वे गुलाम बने रह सकते हैं और अपने वोट बैंक को खुश करने के लिए 'मुजरा' कर सकते हैं। मोदी ने यह भी आरोप लगाया कि विपक्षी गठबंधन उन लोगों के समर्थन पर भरोसा कर रहा है जो वोट जिहाद में लिप्त हैं। साथ ही उन्होंने कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश का हवाला दिया, जिसमें कई मुस्लिम समूहों को ओबीसी की सूची में शामिल करने के पश्चिम बंगाल सरकार के फैसले को रद्द कर दिया गया है। मोदी भाजपा उम्मीदवार रामकृपाल यादव के पक्ष में प्रचार कर रहे थे। उन्होंने व्यंग्यात्मक टिप्पणी करते हुए कहा-कई लोगों का भगवान राम से इतना झगड़ा है कि वे राम कृपाल के नाम पर भी नाक-भौं सिकोड़ सकते हैं।

मोदी ने राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव का नाम लिए बगैर कहा-एलईडी बल्ब के युग में वे लालटेन (राजद का चुनाव चिह्न) लेकर घूम रहे हैं, जिससे केवल उनका घर रोशन होता है और पूरे बिहार को अंधेरे में रखा जाता है। गौरतलब है कि लालू प्रसाद की बड़ी बेटी मीसा भारती लगातार तीसरी बार पाटलिपुत्र से अपनी किस्मत आजमा रही हैं। उन्होंने कहा-भारत को एक ऐसे प्रधानमंत्री की जरूरत है जो विश्व मंच पर भारत की ताकत के साथ न्याय कर सके।

## एक नजर

### जम्मू-कश्मीर: सड़क हादसे में पंजाब के चार लोगों की मौत

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में कार के सड़क से फिसल जाने से पंजाब के चार पर्यटकों की मौत हो गई और तीन घायल हो गए। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि यह घटना दक्षिण कश्मीर जिले के निपोरा इलाके में हुई। उन्होंने बताया कि सभी सात पर्यटक स्पोर्ट्स यूटेलिटी वाहन (एसयूवी) में सवार थे और काजीगुंड से लौट रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि चार पर्यटकों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि तीन घायलों को इलाज के लिए अनंतनाग के जीएमसी अस्पताल ले जाया गया है।

### अमृतसर में ड्रोन द्वारा गिराई हेरोइन बरामद

**जालंधर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पंजाब के जिला अमृतसर के सीमावर्ती गांव रतनखुर्द से 430 ग्राम हेरोइन बरामद की है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि जिला अमृतसर के सीमावर्ती क्षेत्र में हेरोइन की खेप की मौजूदगी के बारे में बीएसएफ खुफिया इकाई द्वारा सूचना के आधार पर क्षेत्र में एक व्यापक तलाशी अभियान के दौरान दोपहर आंशिक रूप से जली हुई अवस्था में संदिग्ध हेरोइन का एक पैकेट बरामद हुआ है।

# राजस्थान सरकार अन्य पिछड़ा वर्ग में शामिल मुस्लिम जातियों के आरक्षण की करेगी समीक्षा

**जयपुर।** राजस्थान के मंत्री अविनाश गहलोत का कहना है कि राज्य सरकार अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) में शामिल मुस्लिम जातियों के आरक्षण की समीक्षा करेगी। राजस्थान के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि कांग्रेस ने तुष्टीकरण की राजनीति के तहत 1997 से 2013 तक मुस्लिम जातियों को ओबीसी आरक्षण दिया और अब इसकी समीक्षा की जाएगी। मंत्री ने कहा-बाबा साहेब आंबेडकर ने संविधान में लिखा था कि धर्म के आधार पर किसी भी जाति या वर्ग को आरक्षण का लाभ नहीं दिया जा सकता है।

# फैक्ट्री मालिक को 29 तक पुलिस हिरासत में भेजा गया

**ठाणे, एजेंसी**

महाराष्ट्र के ठाणे जिले की एक अदालत ने शनिवार को डोंबिवली स्थित रासायनिक कारखाने के मालिक को 29 मई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया, जहां हुए विस्फोट में 10 लोगों की मौत हो गई थी और 60 से अधिक लोग घायल हो गए थे।

**डोंबिवली कारखाना विस्फोट मामला**

ठाणे पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी एवं अमुदन केमिकल्स के मालिक मलय मेहता (38) को कल्याण में मजिस्ट्रेट अदालत में पेश किया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मेहता की 14 दिन की हिरासत का अनुरोध किया और अदालत को बताया कि उन्हें कारखाना स्थल का दौरा करना है और पता लगाना है कि अपराध में और लोग शामिल थे या नहीं।

अधिकारी ने बताया कि विस्फोट के कारण बहुत अधिक नुकसान हुआ और पुलिस इस घटना में कई लोगों की भूमिका की जांच करना चाहती है।

# परमेश्वर ने रेवन्ना का पासपोर्ट रद करने को लेकर केंद्र पर साधा निशाना

**बेंगलुरु, एजेंसी**

- बोले-मुख्यमंत्री द्वारा मोदी को भेजे गए पत्र का क्या हुआ



कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने शनिवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा और पूछा कि जनता दल (सेक्युलर) के निलंबित नेता प्रज्ज्वल हासन के पासपोर्ट को रद करने के लिए अप्रैल में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भेजे गए पत्र का क्या हुआ।

विदेश मंत्रालय द्वारा एक दिन पहले दिए गए बयान कि हासन के फरार सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना का राजनयिक पासपोर्ट रद करने का राज्य सरकार का अनुरोध उसे 21 मई को ही प्राप्त हुआ था, के बाद परमेश्वर की यह टिप्पणी सामने आई है। विदेश मंत्री एस जयशंकर के एक साक्षात्कार में दिए गए बयान कि उनके मंत्रालय को प्रज्ज्वल का पासपोर्ट रद्द करने का अनुरोध 21 मई को ही मिला है, पर टिप्पणी करते हुए परमेश्वर ने यहां संवाददाताओं से कहा-मैंने भी मीडिया रिपोर्ट देखी है। अगर उन्होंने (एस जयशंकर) ऐसा कहा है तो इसका मतलब यह है कि प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने विदेश मंत्रालय को इस बारे में जानकारी नहीं दी। परमेश्वर ने पूछा-मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने अप्रैल में ही पत्र लिखा था और विदेश मंत्री का कहना है कि उन्हें यह 21 मई को मिला। प्रधानमंत्री कार्यालय में पत्र का क्या हुआ? क्या इसे उचित तरजीह नहीं मिली या क्या पीएमओ ने विदेश मंत्रालय को इस बारे में सूचित नहीं किया? उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा-हम देख सकते हैं कि केंद्र सरकार कैसे काम कर रही है। कर्नाटक के गृह मंत्री ने कहा कि एक बार राजनयिक पासपोर्ट रद हो जाने पर, प्रज्ज्वल को भारत लौटना होगा क्योंकि वह विदेश में रहने की छूट खो देगा।

पूर्व प्रधानमंत्री एच. डी. देवेगौड़ा के पोते प्रज्ज्वल पर यौन शोषण का आरोप है और हासन के सांसद अपने निर्वाचन क्षेत्र में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होने के एक दिन बाद 27 अप्रैल को भारत से बाहर चले गये थे। सीबीआई के माध्यम से एसआईटी के अनुरोध के बाद इंटरपोल द्वारा प्रज्ज्वल के ठिकाने के बारे में जानकारी मांगने वाला 'ब्लू कॉर्नर नोटिस' पहले ही जारी किया जा चुका है।

# आतंकवाद के प्रायोजकों का हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- केजरीवाल ने पाक के पूर्व मंत्री को लगाई फटकार



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को पाकिस्तान के पूर्व मंत्री चौधरी फवाद हुसैन को उनके उस बयान को लेकर फटकार लगाई जिसमें चौधरी ने लोकसभा चुनाव में नफरत फैलाने वाली और चरमपंथी ताकतों के हार की अपील की है।

केजरीवाल ने कहा कि चुनाव भारत का आंतरिक मामला है और यह आतंकवाद के सबसे बड़े प्रायोजकों के हस्तक्षेप को बर्दाश्त नहीं करेगा। लोकसभा चुनाव के छठे चरण में दिल्ली के सात निर्वाचन क्षेत्रों समेत कुल 58 संसदीय क्षेत्रों में शनिवार को मतदान किया गया। मतदान करने के बाद आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल ने अपने परिवार की एक तस्वीर सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा की जिसमें सभी सदस्य स्याही लगी उंगलियां दिखा रहे हैं। इसके साथ ही केजरीवाल ने अपने पोस्ट में कहा कि उन्होंने तानाशाही, महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ वोट दिया। केजरीवाल की पोस्ट को एक्स पर साझा करते हुए मोर पावर और इंडिया इलेक्शन 2024 हैशटैग के साथ हुसैन ने कहा-शांति और सौहार्द नफरत फैलाने वाली और चरमपंथी ताकतें परास्त हों। हुसैन के पोस्ट के कुछ मिनट बाद केजरीवाल ने उन पर पलटवार करते हुए कहा कि उनका पोस्ट गैरजरूरी है। केजरीवाल ने एक्स पर कहा-चौधरी साहब, मेरे देश के लोग और मैं अपने मसलों को संभालने में पूरी तरह सक्षम हैं। आपकी टिप्पणी की जरूरत नहीं है। पाकिस्तान में हालात फिलहाल बहुत खराब हैं। आप अपने देश का ख्याल रखें। एक अन्य पोस्ट में मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव भारत का आंतरिक मामला है और देश 'आतंकवाद के सबसे बड़े प्रायोजकों' के हस्तक्षेप को बर्दाश्त नहीं करेगा।

केजरीवाल के पोस्ट के जवाब में हुसैन ने कहा-मुख्यमंत्री साहब! वास्तव में चुनाव आपका अपना मसला है लेकिन उम्मीद है कि आप इस बात को महसूस करेंगे कि चरमपंथ, चाहे पाकिस्तान में हो या भारत में, एक सीमारहित अवधारणा है और सभी के लिए खतरनाक है चाहे वह बांग्लादेश, पाकिस्तान या भारत हो। इसलिए हर वह व्यक्ति जिसके पास कुछ चेतना है उसे चिंतित होना चाहिए...। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में हालात आदर्श स्थिति से बहुत अलग हैं लेकिन लोगों को, जहां भी हों, बेहतर समाज के लिए प्रयास करना चाहिए। केजरीवाल पर निशाना साधते हुए भाजपा ने आरोप लगाया कि आप नेता की भ्रष्टाचार की राजनीति के समर्थन में पाकिस्तान भी कूद पड़ा है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि उनकी पार्टी कहती रही है कि केजरीवाल देश के दुश्मनों के साथ मिले हुए हैं।

### दक्षिण-पूर्वी दिल्ली में आग लगने से 12 झुग्गियां जलकर खाक

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के चिल्ला खादर इलाके में आग लगने से कम से कम 12 झुग्गियां जलकर खाक हो गईं। दिल्ली दमकल सेवा (डीएफएस) के अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ है।

उन्होंने बताया कि आग लगने के बारे में सुबह 10 बजकर 46 मिनट पर सूचना मिली और दमकल की सात गाड़ियों को घटनास्थल के लिए भेजा गया। डीएफएस के एक अधिकारी ने बताया कि दमकल की गाड़ियों को आग पर पूरी तरह काबू पाने में करीब एक घंटे का वक्त लगा। अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। साथ ही राहत कार्य अभी जारी है।

## कारोबार/कृषि

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**-तुलसी 2065, राज श्री 1410, फ़ॉर्चून कि. 1760, रविन्द्रा 1970, फॉर्चुन ली. 1620, जय जवान 1510, सचिन 1540, सूरज 1535, अवसर 1660, तुलसी 2065, राज श्री 1400, फ़ॉर्चून कि. 1755, रविन्द्रा 1950, फॉर्चुन ली. 1615, जय जवान 1510, सचिन 1540, सूरज 1535, अवसर 1670, राग गोल्ड 1635, गृहणी 1520, क्लासिक (किलो) 1685, मोर 1655, चक्र टिन 1880, ब्लू 1640, आशीर्वाद मस्टर्ड 1880, स्वास्तिक 2035, **किराना (प्रति कु.)**- हल्दी निजामाबाद 19000, जीरा 38500, लाल मिर्च 20000-23500, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4350, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13300-14600, राजमा भूटान नया 12200, मलका काली 6850-7300 मलका दाल 7475-7900, मलका छांटी 7450, दाल उड़द बिलासपुर 10300-11200, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900, दाल चना 8100, लाल हिंदुस्तान 8200, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8700, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10500, मोटा हीरा 11700, अरहर गोला मोटा 15000, अरहर पटका मोटा 15500, अरहर कोरा मोटा 15800, अरहर पटका छोटा 15600-15900, अरहर कोरी छोटी 17600, **चीनी**- डालमियां 4190, पीलीभीत 4150, नवाबगंज 4140, बहेड़ी (नई) 4150 रुपये।

# भारत में स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र देश की अर्थव्यवस्था मजबूत करने को तैयार: राघवन

## द. एशिया में एडब्ल्यूएस के स्टार्टअप प्रमुख बोले-तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर

**नई दिल्ली, एजेंसी**



अमेजन वेब सर्विसेज (एडब्ल्यूएस) के वरिष्ठ अधिकारी कुमार राघवन ने कहा है कि भारत में स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र परिपक्व है और इसमें कई अनुकूल परिस्थितियां भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए प्रेरित कर रही हैं। राघवन भारत और दक्षिण एशिया में एडब्ल्यूएस के स्टार्टअप प्रमुख हैं।

राघवन ने जीवंत भारतीय स्टार्टअप परिदृश्य पर चर्चा की और इसकी ताकत तथा नवाचार क्षमता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा-हम पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं और तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर हैं... इसमें योगदान देंने वाले कारक श्रम वृद्धि, बुनियादी ढांचे की वृद्धि और दक्षता में सुधार हैं, जहां रचनात्मक कृत्रिम मेधा (जेनएआई) जैसी प्रौद्योगिकियां अपनी भूमिका निभाएंगी। उन्होंने कहा कि इनके अलावा एक बड़े डेवलपर पारिस्थितिकी तंत्र की मौजूदगी, देश में उत्पाद बनाने और दुनिया भर में सेवा देने की क्षमता और नियामक अनुकूल परिस्थितियां भी हैं। राघवन ने भारतीय स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र की परिपक्वता की सराहना की। उन्होंने कहा कि इसमें ऐसे अनुभवी संस्थापकों के महत्वपूर्ण योगदान को ध्यान में रखा गया, जिन्होंने कई उद्यम शुरू किए हैं।

### अलग वातावरण होने से भारत के लिए विकास का रास्ता चीन जैसा नहीं होगा: आदिल जैनुलभाई

**नई दिल्ली।** भारत के विकास मिशन पर आगे बढ़ने के साथ यह साफ है कि उसका रास्ता चीन जैसा नहीं होगा, क्योंकि वहां अलग वातावरण और क्षमताएं हैं। क्षमता निर्माण आयोग के चेयरमैन आदिल जैनुलभाई ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को एक विकसित देश बनाने का सपना सामने रखा है, और इस बारे में कई दृष्टिकोण हैं और हम मानते हैं कि यह अलग तरह से होगा। उन्होंने कहा-भारत के लिए विकास का रास्ता चीन के विकास पथ के समान नहीं होगा। अगले 25 वर्षों के लिए भारत की वृद्धि का मॉडल चीन जैसा नहीं होगा। यह एक अलग वातावरण है और भारत की क्षमताएं अलग हैं। जैनुलभाई ने कहा कि विश्व बैंक के अनुसार चीन की मजबूत वृद्धि निवेश और निर्यात उन्मुख विनिर्माण पर आधारित रही है।


### रिलायंस ने वायाकॉम-18 स्टार इंडिया विलय के लिए सीसीआई से मांगी मंजूरी

**नई दिल्ली।** मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज ने वायाकॉम-18 और स्टार इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एसआईपीएल) के विलय के लिए भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) से मंजूरी मांगी है। सीसीआई ने शुक्रवार को कहा कि प्रस्तावित लेनदेन का मकसद वायाकॉम18 और एसआईपीएल के मनोरंजन व्यवसायों (कुछ अन्य चिन्हित व्यवसायों के साथ) को जोड़ना है। वायाकॉम-18, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) समूह का हिस्सा है, जबकि द वॉल्ट डिज्नी कंपनी (टीडब्ल्यूडीसी) के पास एसआईपीएल का स्वामित्व है। नियामक ने कहा कि लेनदेन के बाद एसआईपीएल एक संयुक्त उद्यम बन जाएगी, जिसे आरआईएल, वायाकॉम-18 और टीडब्ल्यूडीसी की सहायक कंपनियों द्वारा संयुक्त रूप से संचालित किया जाएगा।

# आयकर विभाग ने लागत मुद्रास्फीति सूचकांक को किया अधिसूचित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- पूंजीगत संपत्तियों की बिक्री से होने वाले लाभ की हो सकेगी गणना
- वित्त वर्ष 2024-25 के लिए सीआईआई 363 है




आयकर विभाग ने अचल संपत्ति, प्रतिभूतियों और आभूषण की बिक्री से होने वाले दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ की गणना के लिए वित्त वर्ष 2024-25 के लिए लागत मुद्रास्फीति सूचकांक को अधिसूचित किया है।

लागत मुद्रास्फीति सूचकांक (सीआईआई) का उपयोग करदाताओं द्वारा मुद्रास्फीति को समायोजित करने के बाद पूंजीगत संपत्तियों की बिक्री से होने वाले लाभ की गणना करने के लिए किया जाता है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) की एक अधिसूचना के अनुसार वित्त वर्ष 2024-25 (आकलन वर्ष 2025-26) के लिए सीआईआई 363 है। पिछले वित्त वर्ष के लिए सीआईआई 348 था और 2022-23 के लिए यह 331 था।

मूर सिंघी के कार्यकारी निदेशक रजत मोहन ने कहा कि सीआईआई अर्थव्यवस्था में मुद्रास्फीति को दर्शाता है, जिससे समय के साथ वस्तुओं और सेवाओं की कीमतें बढ़ती हैं। उन्होंने कहा कि करदाता आमतौर पर उच्च सीआईआई को पसंद करते हैं, क्योंकि इससे उन्हें बड़ी कर छूट का दावा करने में मदद मिलती है।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉंदी 999 (प्रति किलो) | 92,000 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,800 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55,000-55,200 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,650 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 73,500 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 89,000 |
| चांदी तैयार | 89,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 72,500 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71,500 |
| चांदी पक्की | 880 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 72,700 |
| चांदी आभूषण | 88,800। |

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 985 फ्लैग 1000 डीएमओ 870 बोल्ड 1160, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1100 बोल्ड 1150 डीएमओ 880।

## मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव**-दाल चना : 75 से 78 रुपये मसूर : 60 से 68 रुपये मलका : 62 से 68 रुपये अरहर : 140 से 150 रुपये उड़द : 100 से 110 रुपये धोआ उड़द : 110 से 130 रुपये मूंग धोआ : 104 – 106 रुपये मूंग छिलका : 95 से105 रुपये मूंग साबुत : 90से105 रुपये चना देसी : 60से 70 रुपये चना कावली : 90 से 130 रुपये राजमा लाल : 130 से140 रुपये राजमा चित्ता : 125 से 130 रुपये लोबिया लाल : 90से 110 रुपये लोबिया सफेद : 80 से 100 रुपये।

# बिजी बी एयरवेज ने गो फर्स्ट के लिए बोली प्रक्रिया से नाम लिया वापस

**नई दिल्ली, एजेंसी**

एयरलाइन गो फर्स्ट के लिए बोली में शामिल होने के तीन से ज्यादा महीने के बाद यात्रा पोर्टल ईजमाईट्रिप के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) निशांत पिट्टी ने शनिवार को कहा कि वे एयरलाइन की बोली प्रक्रिया से अपना नाम वापस ले रहे हैं।

पिट्टी की अधिकांश हिस्सेदारी वाली बिजी बी एयरवेज ने फरवरी में स्पाइसजेट के प्रमुख अजय सिंह के साथ मिलकर गो फर्स्ट के लिए बोली लगाई थी। गो फर्स्ट दिवाला समाधान प्रक्रिया से गुजर रही है। पिट्टी ने कहा कि विचार करने के बाद उन्होंने अपनी व्यक्तिगत क्षमता में गो फर्स्ट के लिए बोली वापस लेने का फैसला किया। उन्होंने बयान में कहा-यह निर्णय मुझे अन्य रणनीतिक प्राथमिकताओं और पहलों पर बेहतर ध्यान केंद्रित करने में मदद करेगा, जो हमारी दीर्घकालिक दृष्टि और वृद्धि उद्देश्यों के साथ जुड़ी हुई हैं। इससे पहले हाल ही में दिल्ली उच्च न्यायालय ने गो फर्स्ट को पट्टे पर दिए गए 54 विमानों को वापस लेने की अनुमति दी थी। पिट्टी ने 26 अप्रैल को कहा था कि वह पेशकश में किसी भी आवश्यक बदलाव पर विचार करेंगे।

# यूरोपीय संघ ने भारत से डब्ल्यूटीओ में चीनी सब्सिडी की अधिसूचना समय पर देने को कहा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- डब्ल्यूटीओ की कृषि समिति की बैठक के दौरान चर्चा में आया मुद्दा



ब्राजील, कनाडा और यूरोपीय संघ सहित डब्ल्यूटीओ के सदस्य देशों के एक समूह ने भारत से आग्रह किया है कि वह चीनी सब्सिडी की अधिसूचना समय से दे। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

यह मुद्दा 23-24 मई को जिनेवा में डब्ल्यूटीओ की कृषि समिति की बैठक के दौरान चर्चा में आया। ये देश भी भारत की तरह प्रमुख चीनी निर्यातक हैं और उनका आरोप है कि भारत के समर्थन उपाय वैश्विक चीनी व्यापार को विकृत करते हैं। जिनेवा स्थित अधिकारी ने कहा कि ब्राजील, कनाडा, कोस्टा रिका, पैराग्वे, न्यूजीलैंड, यूरोपीय संघ और ग्वाटेमाला ने भारत से सब्सिडी की अधिसूचना समय से देने का आग्रह किया है। भारत ने कहा कि केंद्र सरकार और राज्य सरकारों ने न तो किसानों को गन्ने का भुगतान किया और न ही उनसे गन्ना खरीदा। सभी खरीद निजी चीनी मिलों ने की थी। इसलिए, यह जानकारी घरेलू समर्थन की अधिसूचना में शामिल नहीं की गई थी। यह चर्चा इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि 2022 में भारत ने डब्ल्यूटीओ के व्यापार विवाद निपटान पैनल के एक फैसले के खिलाफ अपील की थी। इस फैसले में कहा गया था कि चीनी और गन्ने के लिए देश के घरेलू समर्थन उपाय वैश्विक व्यापार मानदंडों के साथ असंगत हैं।



**आज का मुकाबला**
कोलकाता नाइट राइडर्स
बनाम
सनराइजर्स हैदराबाद
शाम 7:30 बजे

**पर्पल कैप**

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 14 | 24 |
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 13 | 20 |
| वरुण (कोलकाता) | 14 | 20 |

**ऑरेंज कैप**

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 15 | 741 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 14 | 583 |
| रियान पराग (राजस्थान) | 15 | 567 |

## सर्फिंग खिलाड़ी 31 से करेंगे प्रतिस्पर्धा

**मंगलुरु।** रमेश बुद्धिलाल और हरीश एम जैसे देश के शीर्ष सर्फिंग खिलाड़ी 31 मई से दो जून तक यहां इंडियन ओपन के पांचवें सत्र में प्रतिस्पर्धा करेंगे। भारतीय सर्फिंग महासंघ ने शनिवार को यह घोषणा की।

# कौन उठाएगा आईपीएल की ट्रॉफी, फैसला आज

चेन्नई, एजेंसी

एक तरफ क्रिकेट के कुशल रणनीतिकार गौतम गंभीर के कोलकाता नाइट राइडर्स और दूसरी तरफ आक्रामक बल्लेबाजी की नयी परिभाषा गढ़ने वाले पैट कमिंस के सनराइजर्स हैदराबाद। इंडियन प्रीमियर लीग में इस सत्र का सरताज बनने के लिए आखिरी तिलिस्म पर दोनों बेहतरीन टीमों के बीच रविवार को खिताबी मुकाबले में दर्शकों के लिए रोमांचक क्रिकेट की गारंटी रहेगी। दोनों टीमों की टक्कर पहले क्वालीफायर में हुई थी जिसमें केकेआर ने सनराजइर्स को उम्दा गेंदबाजी के दम पर हराया था।

आम तौर पर खेल में मुकाबले कप्तानों और उनकी टीमों के बीच होते हैं लेकिन यह आईपीएल फाइनल दीगर है। इसमें एक तरफ कोरबो, लोड़बो, जीतबो की सोच रखने वाले गंभीर का दिमाग है तो दूसरी तरफ एक ऐसा ऑस्ट्रेलियाई कप्तान है जिसने टीम को विजेताओं वाले तेवर दिए हैं। केकेआर के कप्तान के रूप में दूसरा आईपीएल फाइनल खेलने जा रहे श्रेयस अय्यर इस महामुकाबले में सहायक भूमिका में नजर आ रहे हैं। एक दशक पहले किसी ने सोचा भी नहीं होगा कि कमिंस छह महीने के भीतर वनडे विश्व कप, विश्व टेस्ट चैंपियनशिप और एशेज जीतने वाले कप्तान बनेंगे। केकेआर ने पिछली बार चेन्नई में 2012 में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल फाइनल खेला था जिसमें बतौर कप्तान गंभीर ने खिताबी जीत दर्ज की थी।

गंभीर की कप्तानी में केकेआर ने फिर 2014 में खिताब जीता और अब वह बतौर मेंटोर भी इसी टीम को खिताब दिलाने की दहलीज पर हैं। वह भारतीय टीम के मुख्य कोच बनने के सबसे प्रबल दावेदार भी है और आईपीएल खिताब से उनका दावा और पुख्ता होगा। टीमों की तुलना करें तो केकेआर के पास सुनील नारायण, आंद्रे रसेल, रिंकू सिंह, श्रेयस और वेंकटेश अय्यर जैसे मैच विनर के साथ नीतिश और हर्षित राणा और वरूण चक्रवर्ती जैसा स्पिनर है। दूसरी तरफ सनराइजर्स के लिए घरेलू क्रिकेटर अभिषेक शर्मा और नीतिश रेड्डी के अलावा भुवनेश्वर कुमार, टी नटराजन और जयदेव उनादकट ने अच्छा प्रदर्शन किया है। सनराइजर्स के स्पिनरों अभिषेक और शाहबाज अहमद ने पिछले मैच में अच्छा प्रदर्शन किया। बल्लेबाजी में ट्रेविस हेड और हेनरिच क्लासेन के अलावा अभिषेक, राहुल त्रिपाठी और रेड्डी को रन बनाने होंगे।




### हमारे तरीके में बदलाव नहीं होगा : हेलमोट

**चेन्नई।** सनराइजर्स हैदराबाद के सहायक कोच सिमोन हेलमोट ने कहा कि पैट कमिंस की कुशल कप्तानी के दम पर उनकी टीम आईपीएल फाइनल में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने को तैयार है। दूसरे क्वालीफायर में राजस्थान रॉयल्स को 36 रन से हराने के बाद हेलमोट ने कहा कि टीम की शैली में केकेआर के खिलाफ कोई बदलाव नहीं होगा। उन्होंने कहा हम अपनी शैली पर अडिग रहेंगे। हमने पूरे सत्र में ऐसे ही खेला है और इसी के दम पर फाइनल में हैं। फाइनल में भी हम ऐसे ही खेलेंगे। मुझे गर्व है कि दबाव के हालात में भी टीम ने अपना स्वाभाविक खेल नहीं छोड़ा। उन्होंने पैट कमिंस की निर्णय लेने की क्षमता और मुख्य कोच डेनियल विटोरी के साथ संबंधों की तारीफ की। उन्होंने सही समय पर सही फैसले लिए। वह भांप गए थे कि स्पिनर कब उपयोगी साबित होंगे।

# खिताबी भिड़ंत में कोलकाता नाइट राइडर्स प्रबल दावेदार

चेन्नई, एजेंसी

क्रिकेट विशेषज्ञ मैथ्यू हेडन और केविन पीटरसन का मानना है कि कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) रविवार को होने वाली आईपीएल की खिताबी भिड़ंत में अपने बेहतरीन स्पिन आक्रमण और अपने प्रतिद्वंद्वी सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अच्छे रिकॉर्ड की बदौलत खिताब जीतने के लिए बेहतर स्थिति में है।

हेडन ने कहा मुझे पूरा भरोसा है कि केकेआर यहां जीतेगी क्योंकि उसे कुछ दिन का आराम मिल गया है। सनराइजर्स हैदराबाद की मजबूती और कमजोरी को जानने से उसे मदद मिलेगी। केकेआर ने सनराइजर्स हैदराबाद को हराया है और टीम अच्छी लय में है। मुझे यह भी लगता है कि सुनील नारायण और वरूण चक्रवर्ती की स्पिन जोड़ी लाल मिट्टी पर अंतर पैदा करेगी।





इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर केविन पीटरसन का भी मानना है कि केकेआर इस दफा आईपीएल खिताब जीतने की प्रबल दावेदार है। मुझे अहमदाबाद में हुए मैच में सनराइजर्स की हार का तरीका पसंद नहीं आया और मुझे लगता है कि रविवार को मैच के दौरान वे बैकफुट में होंगे। टॉस अहम भूमिका अदा करेगा लेकिन केकेआर काफी सकारात्मक मानसिकता से खेल रही है जिससे वह निश्चित रूप से सनराइजर्स हैदराबाद पर भारी रहेगी। आपको ओस की संभावना पर भी विचार करना होगा और अगर यह नहीं गिरती है तो इसके लिए भी तैयार रहना होगा।

# खिताब से एक कदम दूर सिंधू

## बुसानन को हराकर पहुंची मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में, वांग झांग यी से होगा मुकाबला

कुआलालंपुर, एजेंसी

- **चोट से वापसी करने के बाद से आक्रामक खेल रही हैं पीवी सिंधू**
- **बुसानन के खिलाफ अब तक 19 मैचों में से यह 18वीं जीत**

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू ने शनिवार को थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान के खिलाफ पिछड़ने के बाद शानदार जीत दर्ज करते हुए 4,20,000 डॉलर (लगभग 3.49 करोड़ रुपये) पुरस्कार राशि वाले मलेशिया मास्टर्स बैडमिंटन के फाइनल में अपनी जगह पक्की की।

पिछले दो साल से एक भी खिताब जीतने में नाकाम रही पांचवीं वरीयता प्राप्त सिंधू ने बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सुपर 500 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में 88 मिनट तक चले मैराथन मुकाबले में दुनिया की 20वें नंबर की बुसानन के खिलाफ 13-21, 21-16, 21-12 से जीत हासिल की। सिंधू ने इससे पहले 2022 सिंगापुर ओपन को अपने नाम करने में सफल रही थी और पिछले साल मैड्रिड स्पेन मास्टर्स में उपविजेता रही थी। यह बुसानन पर 19 मैचों में उनकी 18वीं जीत थी। बुसानन ने सिंधू को सिर्फ एक बार 2019 हांगकांग ओपन में शिकस्त दी है। विश्व रैंकिंग में 15वें स्थान पर काबिज सिंधू के सामने फाइनल में चीन की दूसरी वरीयता प्राप्त वांग झांग यी की चुनौती होगी। विश्व रैंकिंग में सातवें स्थान पर काबिज झांग के खिलाफ तीन मैचों में सिंधू ने दो जीत दर्ज की है। पिछले दो ओलंपिक में क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीतने वाली सिंधू का पेरिस ओलंपिक से पहले लय में वापसी करना भारतीय खेलों के लिए अच्छी खबर है। इस सत्र की शुरुआत में घुटने की चोट से वापसी करने के बाद से उन्होंने पिछले कुछ टूर्नामेंटों में आक्रामक खेल दिखाया है। पेरिस ओलंपिक में उन्हें इन खिलाड़ियों के कड़ी चुनौती मिल सकती है। वह अगर रविवार को खिताब जीतने में सफल रही तो ओलंपिक से पहले उनका हौसला काफी बढ़ेगा।

बुसानन के खिलाफ अपने एकतरफा रिकॉर्ड के बावजूद सिंधू के लिए यह एक कठिन मुकाबला साबित हुआ। वह पहले गेम में थाईलैंड की खिलाड़ी के दबदबे को कम नहीं कर सकी। दोनों खिलाड़ियों के बीच शुरुआती गेम में कई लंबी रैलियां देखने को मिली जिसमें बुसानन ने सिंधू के शॉट पर अच्छा बचाव करने के साथ कुछ शानदार स्मैश लगा कर 8-6 की बढ़त बना ली। सिंधू ने इस दौरान बैकलाइन के आकलन में गलती कर दो अंक गंवाए जिससे ब्रेक के समय थाईलैंड की खिलाड़ी ने अपनी बढ़त को पहले 15-9 और फिर 17-10 के साथ मजबूत करने में सफल रही।

बुसानन ने दूसरे गेम में भी 6-4 की बढ़त के साथ अच्छी शुरुआत की। सिंधू ने इसके बाद शानदार स्मैश से 8-7 की बढ़त बनाई। इसके बाद सिंधू 18-14 की बढ़त बनाने के बाद पांच गेम प्वाइंट हासिल कर इसे आसानी से भुनाने में सफल रही। दूसरे गेम में पिछड़ने के बाद बुसानन पर दबाव हावी हो गया और निर्णायक गेम में वह लगातार गलतियां करती रही। सिंधू ने आसानी 4-1 की बढ़त बनाने के बाद 17-10 किया और शानदार जीत दर्ज की।






### बारिश की भेंट चढ़ा कोलकाता नाइट राइडर्स का आखिरी अभ्यास सत्र

**चेन्नई।** तेज बारिश के कारण रविवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग फाइनल मुकाबले से पहले कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के अंतिम अभ्यास सत्र में बाधा उत्पन्न हुई। सनराइजर्स ने शुक्रवार को दूसरे क्वालीफायर मैच में राजस्थान रॉयल्स को हराया था। टीम ने शनिवार को अभ्यास सत्र आयोजित नहीं करने का फैसला किया था। केकेआर की टीम को शाम में अभ्यास करना था लेकिन फुटबॉल के साथ वार्मअप कर रहे थे तभी बारिश होने लगी। इस दौरान मैदानकर्मियों ने फाइनल में इस्तेमाल होने वाले जल्दी से चौथी पिच को ढक दिया।

### बेहतर महसूस कर रहा हूं, शायद यह अंतिम फ्रेंच ओपन न हो : नडाल

**पेरिस।** स्पेनिश टेनिस स्टार राफेल नडाल अभ्यास में अच्छा महसूस कर रहे हैं, फ्रेंच ओपन में खेलने को तैयार हैं और उनका कहना है कि यह शायद उनका रोलां गैरो में अंतिम सत्र नहीं होगा। तीन जून को 38 साल के होने वाले नडाल ने बयान दिया था कि 2024 फ्रेंच ओपन उनका अंतिम ग्रैंडस्लैम हो सकता है जिससे दर्शकों से लेकर मीडिया तक सभी को यही लग रहा है कि रोलां गैरों उनका विदाई टूर्नामेंट रहेगा। नडाल ने कहा ऐसा मत मानिए। यह मेरा अंतिम रोलां गैरो होगा, लेकिन अगर मैं शत प्रतिशत बता दूंगा कि यह मेरा अंतिम फ्रेंच ओपन होगा, तो माफ कीजिए, मैं ऐसा नहीं करूंगा क्योंकि आगे क्या होने वाला है, मैं उसकी भविष्यवाणी नहीं कर सकता।

## खेल डायरी

### निकोलोव को हराकर दूसरे दौर में पहुंचे अभिमन्यु




**बैंकॉक।** राष्ट्रीय चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता अभिमन्यु लौरा ने शानदार जज्बा दिखाते हुए शनिवार को पेरिस ओलंपिक के लिए मुक्केबाजी विश्व क्वालीफायर के 80 किग्रा वर्ग के पहले दौर में बुल्गारिया के क्रिस्टियन निकोलोव पर जीत दर्ज की। अभिमन्यु ने धीमी शुरुआत की जिससे बुल्गारिया के 10 बार के राष्ट्रीय चैंपियन निकोलोव ने पहले राउंड में दबदबा बना लिया, लेकिन भारतीय मुक्केबाज ने तेजी से रणनीति बदली और दूसरे राउंड में आक्रामक हो गए जिससे पांच में से चार जजों ने उनके हक में अंक दिए। इस भारतीय ने तीसरे और अंतिम राउंड में तेजी से मुक्के जड़ना जारी रखते हुए 3-0 से मुकाबला जीत लिया। इससे भारतीय दल के दो मुकाबलों में यह दूसरी जीत रही।

### सेंथिल कुमार, अभय क्यूएसएफ 3 स्क्वाश के क्वार्टर फाइनल में हारे

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्क्वाश चैंपियन वेलावान सेंथिल कुमार ने दोहा में पीएसए विश्व टूर ब्रांज टूर्नामेंट क्यूएसएफ 3 में शीर्ष वरीयता प्राप्त दुनिया के आठवें नंबर के खिलाड़ी मिस्र के तारिक मोमिन के खिलाफ काफी संघर्ष किया लेकिन जीत नहीं सके। दुनिया के 55वें नंबर के खिलाड़ी सेंथिल कुमार को मोमिन ने 11-9, 8-11, 11-4, 11-8 से हराया। एशियाई खेलों के पदक विजेता भारत के अभय सिंह को मलेशिया के इयेन योउ एंग ने 11-6, 11-9, 11-4 से हराया।

### पीजीए गोल्फ : कट में प्रवेश करेंगे अर्जुन अटवाल, जीव चूके

**बेंटन हार्बर (मिशिगन)।** भारत के अर्जुन अटवाल ने किचन एड सीनियर पीजीए गोल्फ चैंपियनशिप में दूसरे दौर में डबल बोगी के बावजूद चार ओवर 75 के स्कोर के साथ कट में प्रवेश लगभग सुनिश्चित कर लिया। वहीं जीव मिल्खा सिंह पहले दौर में 69 के बाद 79 स्कोर ही कर सके। वह कट में प्रवेश से चूक जाएंगे। इंग्लैंड के रिचर्ड ब्लांड ने पांच अंडर 66 के स्कोर के साथ एक शॉट की बढ़त बना ली है। चैंपियंस टूर विजेता स्कॉट डनलप दूसरे स्थान पर हैं।

### बेदब्रत भराली ने विश्व युवा भारोत्तोलन में जीता स्वर्ण

**नई दिल्ली।** असम के युवा भारोत्तोलक बेदब्रत भराली ने पेरू के लीमा में चल रही आईडब्ल्यूएफ विश्व युवा चैंपियनशिप में पुरूषों के 73 किलो वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। सत्रह बरस के भराली ने 296 किलो (स्नैच में 136 और क्लीन एंड जर्क में 160 किलो) वजन उठाया। अमेरिका के रियान मैकडोनाल्ड 284 किलो वजन उठाकर दूसरे और यूक्रेन के सेरही कोतेलेवस्की 283 किलो वजन उठाकर तीसरे स्थान पर रहे। भराली ने पिछले साल 67 किलोवर्ग में तीसरा स्थान हासिल किया था। साइराज परदेशी ने पुरूषों के 81 किलो वर्ग में स्नैच में 135 किलो वजन उठाकर कांस्य पदक जीता। वह समग्र श्रेणी में एक किलो से पदक से चूककर चौथे स्थान पर रहे।

### एरिक ने की भारतीय नेत्रहीन क्रिकेट टीम की हौसलाअफजाई

**बेंगलुरू।** भारत में अमेरिका के राजदूत एरिक गार्सेटी ने शनिवार को भारतीय नेत्रहीन क्रिकेट टीम से मुलाकात की। यहां एक आधिकारिक दौरे पर आए गार्सेटी ने एक्स पर चिन्नास्वामी स्टेडियम पर भारतीय नेत्रहीन टीम के साथ तस्वीरें पोस्ट की। उन्होंने लिखा मैं मंत्रमुग्ध हूं। नेत्रहीन क्रिकेट टीम से मिलकर बहुत अच्छा लगा। वे टी20 विश्व कप के दौरान अमेरिका में नेत्रहीन क्रिकेट को बढ़ावा देने की कोशिश करेंगे। उनके स्वागत का इंतजार रहेगा। शुक्रिया भारतीय नेत्रहीन क्रिकेट संघ और जीके महंतेश, चिन्नास्वामी स्टेडियम पर इस शानदार आयोजन के लिए। गार्सेटी ने शुक्रवार को इसरो मुख्यालय का दौरा करके इसके अध्यक्ष एस सोमनाथ से मुलाकात की।

### जबरा लेडीज ओपन में संयुक्त 26वें स्थान पर दीक्षा डागर

**एवियन लेबेंस (फ्रांस)।** भारत की दीक्षा डागर वर्षाबाधित जबरा लेडीज ओपन गोल्फ में संयुक्त 26वें स्थान पर हैं और कट में प्रवेश करने वाली अकेली भारतीय हो सकती हैं। दीक्षा ने पहले दौर में एक ओवर 72 स्कोर किया था और दूसरे दौर में अभी तक दो ओवर स्कोर रहा। खराब मौसम के कारण खेल रोके जाने के समय वह फिलहाल संयुक्त 26वें स्थान पर है। कट पांच ओवर या छह ओवर पर मिलेगा। वहीं, भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा ने फर्स्ट नाइन में लगातार चार बर्डी लगाकर सोउडाल ओपन में आसानी से कट में प्रवेश कर लिया। दो बार के डीपी विश्व टूर चैम्पियन शर्मा ने पहले दौर में 69 और दूसरे में 67 स्कोर किया। वह संयुक्त 23वें स्थान पर है ।

### टी-20 विश्वकप के लिए पाकिस्तान की टीम घोषित

**कराची।** पाकिस्तान ने टी-20 पुरुष विश्वकप के लिए बाबर आजम की अगुवाई में 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने कहा यह बेहद प्रतिभाशाली और संतुलित टीम है जिसमें युवा और अनुभव का मिश्रण है। ये खिलाड़ी पिछले कुछ समय से एक साथ खेल रहे हैं और अगले महीने के आयोजन के लिए अच्छी तरह से तैयार और व्यवस्थित दिख रहे हैं। हैरिस रऊफ पूरी तरह से फिट हैं और नेट्स पर अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं। पाकिस्तान की टीम इस समय विश्वकप की तैयारी के मद्देनजर इंग्लैंड के साथ द्विपक्षीय श्रृंखला खेल रहा है, द्विपक्षीय श्रृंखला के लिए टीम के अधिकांश खिलाड़ी टी-20 विश्वकप के लिए कैरेबियाई और अमेरिका जाने वाले हैं। पाकिस्तान को ग्रुप ए में भारत, आयरलैंड, कनाडा और सह-मेजबान अमेरिका के साथ रखा है। पाकिस्तान अपना पहला मुकाबला छह जून को डलास में अमेरिका के खिलाफ खेलेंगे। टीम में बाबर आजम (कप्तान), अबरार अहमद, आजम खान, फखर जमान, हारिस रऊफ, इफ्तिखार अहमद, इमाद वसीम, मोहम्मद अब्बास अफरीदी, मोहम्मद आमिर, मोहम्मद रिजवान, नसीम शाह, सईम अयूब, शादाब खान, शाहीन शाह अफरीदी, उस्मान खान को रखा गया है।

## भारतीय जूनियर महिला टीम ने शूटआउट में बेल्जियम को हराया

एंटवर्प, एजेंसी

भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने यूरोपीय दौरे पर शनिवार को खेले गए मुकाबले में बेल्जियम को शूटआउट में 4-2 से हराया। निर्धारित समय में स्कोर 2-2 से बराबर होने के बाद हुए शूटआउट में भारतीय जूनियर महिला टीम ने 4-2 से जीत दर्ज की। भारत की ओर कनिका सिवाच ने दो गोल दागे।

भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने पहले क्वार्टर में तेजी से अपनी फॉर्म हासिल करते हुए खुद को मजबूत किया। भारत को शुरुआती पेनल्टी कॉर्नर मिला जिसे कनिका सिवाच गोल में तब्दील कर बढ़त बनाई। इसके तुरंत बाद कनिका ने उसी क्वार्टर में अपना दूसरा गोल करके स्कोर 2-0 कर दिया। दूसरे क्वार्टर और हाफटाइम तक भारत ने अपनी मजबूत स्थिति को बनाये रखा। बेल्जियम को तीसरे क्वार्टर में मौके मिले लेकिन भारतीय रक्षात्मक पंक्ति ने विफल कर दिया। अंतिम क्वार्टर में बेल्जियम ने लगातार दो गोल करते हुए स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। इसके बाद हुए शूटआउट में भारत ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 4-2 से मुकाबला जीत लिया। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम का अगला मैच 26 मई को होगा।

## भारतीय महिला कंपाउंड टीम ने जीता स्वर्ण

येचियोन (दक्षिण कोरिया), एजेंसी

ज्योति सुरेखा वेन्नम, परनीत कौर और अदिति स्वामी की भारतीय तिकड़ी ने तीरंदाजी विश्व कप में महिला कंपाउंड वर्ग में लगातार तीसरा स्वर्ण पदक जीता जबकि मिश्रित टीम को रजत पदक मिला। दुनिया की नंबर एक भारतीय टीम ने तुर्की की हेजल बुरून, एइसे बेरा सुजेर और बेगम की टीम को 232-226 से हराकर एक भी सेट गंवाए बिना पहला स्थान हासिल किया।

एशियाई खेल चैंपियन ज्योति हालांकि दूसरा स्वर्ण नहीं जीत सकी और प्रियांश के साथ कंपाउंड मिश्रित टीम फाइनल में अमेरिका की ओलिविया डीन और सायेर सुलिवान की जोड़ी से 155-153 से हार गई। ज्योति, परनीत और विश्व चैंपियन अदिति ने विश्व कप स्वर्ण पदकों की हैट्रिक लगाई। कंपाउंड महिला टीम फाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय टीम ने पहले दौर में सेंटर के पास तीन एक्स के साथ आगाज किया। दुनिया की शीर्ष दो टीमों के बीच मुकाबले में अमेरिका ने कंपाउंड मिश्रित टीम वर्ग में शानदार वापसी करके स्वर्ण जीता। ज्योति और प्रियांश ने परफेक्ट 40 स्कोर करके मुकाबले को शूटआफ में खींचा लेकिन उसमें उनके 38 अंक के मुकाबले अमेरिकी टीम ने 39 स्कोर किया। कंपाउंड वर्ग में प्रथमेश फुगे कांस्य पदक के प्लेआफ में नीदरलैंड के माइक शोलेसर से शूटआफ में हार गए।



स्वर्ण पदक के साथ ज्योति सुरेखा वेन्नम, परनीत कौर और अदिति स्वामी।

## बॉलीवुड हलचल



### खुद एक्शन करेंगे सलमान

**मुंबई।** बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान अपनी आने वाली फिल्म सिकंदर के एक्शन सीक्वेंस खुद करेंगे। सलमन खान ने इस साल ईद के अवसर पर अपनी नई एक्शन-थ्रिलर फिल्म सिकंदर अनाउंस की थी। इस फिल्म में सलमान के साथ रश्मिका मंदाना नजर आयेंगी। सलमान खान फिल्म सिकंदर की तैयारी में जुट गए हैं। एक बार फिर एक्शन दिखाने के लिए उन्होंने कड़ी तैयारी की है। इसकी शूटिंग की तैयारी शुरू हो गई है। प्री-प्रोडक्शन का काम पिछले हफ्ते शुरू हो गया है। पहले शेड्यूल की शूटिंग मुंबई में शुरू होने जा रही है। सलमान खान एक्शन सीक्वेंस करने के लिए जमकर एक्सरसाइज कर रहे हैं। वह खुद से ही एक्शन करना चाहते हैं और इसी चीज को ध्यान में रखते हुए उन्होंने अपना वर्किंग रूटीन भी बदल दिया है।

### दे दे प्यार दे के सीक्वल में दिखेंगे अजय-माधवन

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन और आर माधवन की जोड़ी फिल्म दे दे प्यार दे के सीक्वल में नजर आ सकती है। इस वर्ष प्रदर्शित फिल्म शैतान में अजय देवगन लीड रोल में थे, वहीं आर माधवन ने शैतान का रोल प्ले किया था। दोनों के बीच हुई जंग को फैन्स ने बहुत पसंद किया। अजय देवगन और आर माधवन अब फिर साथ आ रहे हैं। अजय देवगन की फिल्म दे दे प्यार दे का सीक्वल आ रहा है। इस फिल्म में वह रकुल प्रीत संग एक बार फिर से अपनी ऑनस्क्रीन केमिस्ट्री को आगे बढ़ाते नजर आएंगे। इस फिल्म में जहां एक तरफ अजय देवगन का लीड रोल होगा वहीं अब फिल्म में आर माधवन की भी एंट्री हो रही है। उनका किरदार अहम होने वाला है। 2018 में प्रदर्शित फिल्म दे दे प्यार दे में अजय देवगन और रकुल प्रीत सिंह के अलावा तब्बू भी लीड रोल में थीं। यह फिल्म सुपरहिट रही थी। अब छह साल बाद इसका सीक्वल बन रहा है।

## पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में सिमरन ने दिलाया छठा स्वर्ण

कोबे (जापान), एजेंसी

सिमरन शर्मा ने महिलाओं की 200 मीटर टी12 स्पर्धा में 24 . 95 सेकंड का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय निकालकर भारत को विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में शनिवार को छठा स्वर्ण पदक दिलाया। सिमरन का इससे पहले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 25.16 सेकंड था। डोमिनिका की डारलेनिस डि ला सेवेरिनो को रजत और लोरेन गोम्स डि एगुइयार को कांस्य पदक मिला।

टी12 वर्ग में दृष्टिबाधित खिलाड़ी भाग लेते हैं। भारत के अब छह स्वर्ण, पांच रजत और चार कांस्य समेत 15 पदक हो गए हैं। यह भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इससे पहले पेरिस में 2023 में भारत ने तीन स्वर्ण, चार रजत और तीन कांस्य पदक जीते थे। वहीं, भारत को पुरूषों की एफ46 भालाफेंक स्पर्धा में दूसरे स्थान पर रहे श्रीलंका के दिनेश प्रियंथा हेराथ के खिलाफ शिकायत सही साबित होने पर रजत और कांस्य पदक दिया गया है। पुरूषों के एफ46 भालाफेंक में भारत के रिंकू हुड्डा और अजीत सिंह तीसरे और चौथे स्थान पर रहे थे लेकिन भारत ने विरोध दर्ज किया था कि हेराथ इस वर्ग में भागीदारी के योग्य नहीं हैं। पैरा खेलों में समान शारीरिक अक्षमता वाले खिलाड़ियों को एक समूह में रखा जाता है ताकि प्रतिस्पर्धा बराबरी की हो। एफ46 वर्ग भुजा में कमी, कमजोर मांसपेशियों वाले या बाहों में गति की निष्क्रिय सीमा वाले एथलीटों के लिए है, जिसमें एथलीट खड़े होकर प्रतिस्पर्धा करते हैं।



स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

## मनमोहक



बीजिंग में भारतीय दूतावास के एम्फीथिएटर में भारतीय और बांग्लादेश दूतावासों द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर और प्रसिद्ध बांग्लादेशी कवि नजरूल इस्लाम की धुनों पर कलाकारों ने नृत्य किया। • एजेंसी

## लंदन में ईरान सरकार समर्थकों व विरोधियों के बीच झड़प

**लंदन।** ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मौत के खिलाफ ब्रिटेन की राजधानी लंदन में आयोजित एक कार्यक्रम में ईरान सरकार के समर्थकों और सरकार विरोधी प्रदर्शनकारियों के बीच हुई झड़प में चार व्यक्ति घायल हो गए, जबकि एक को गिरफ्तार कर लिया गया।

मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने कहा कि अधिकारियों को शुक्रवार शाम को पश्चिमी लंदन के वेम्बली क्षेत्र में एक कार्यक्रम स्थल पर अव्यवस्था की सूचना पर बुलाया गया था। एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में रईसी की मौत को लेकर एक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा था। पुलिस ने कहा कि प्रदर्शनकारी कार्यक्रम स्थल के बाहर एकत्र हुए थे और झड़पें हुईं। पुलिस बल ने कहा कि हिंसक अव्यवस्था के संदेह में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया।

# ग्लूकोमा है खतरनाक : सूख जाती हैं आंखों की नसें, जा सकती है रोशनी



ये आंखें ही हैं, जो दुनिया से हमें रूबरू कराती हैं। आंखें हमें दुनिया को देखने और परखने में हमारी मदद करती हैं। कई बार किन्ही वजह से हमारी आंखों की रोशनी दिन-ब-दिन कम होने लगती है। जिससे देखने में परेशानी होने लगती है। उम्र के साथ आंखों की रोशनी कम होना तो एक आम वजह है। लेकिन कुछ ऐसी भी बीमारियां हैं, जिनकी वजह से हमारी आंखों पर बुरा असर होता है। ग्लूकोमा, इन्ही में से एक है। ग्लूकोमा के बारे में आज भी लोग जागरूक नहीं है। ग्लूकोमा रिसर्च फाउंडेशन के मुताबिक भारत में 1 करोड़ से ज्यादा लोग और दुनियाभर में 8 करोड़ से ज्यादा लोग ग्लूकोमा के शिकार हैं। ग्लूकोमा आंखों की रोशनी जाने का सबसे बड़ा कारण है। आज हम बताएंगे ग्लूकोमा क्या होता है और क्यों होता है, इसके क्या लक्षण होते हैं, कैसे पहचाना जाए, किस उम्र के लोगों को इस बीमारी का ज्यादा खतरा रहता है, ग्लूकोमा से आंखों को बचाने के लिए किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।

### इसलिए होता है ग्लूकोमा

आंखों पर प्रेशर बढ़ने से ग्लूकोमा होता है। इसे इंट्राऑकुलर प्रेशर भी कहा जाता है। स्वस्थ आंखें फ्लूड से भरी होती हैं। ये लिक्विड आंखों को प्रेशर से बचाने में मदद करता है। इसलिए लिक्विड हमेशा बनता रहता है और फिर बाहर निकलता रहता है। ये नेचुरल साइकिल ऐसे ही चलती रहती है। जहां इस साइकिल का बैलेंस बिगड़ता है, वैसे ही आंखों पर प्रेशर पड़ने लगता है।

### इन बातों का ध्यान रखना चाहिए

आंख में किसी तरह की दिक्कत होने पर उसे नजरअंदाज बिल्कुल न करें। रेगुलर जांच जरूर कराएं। डॉक्टर से रेगुलर चेकअप, आंखों में अंदरूनी दबाव की माप करना और दृष्टि क्षेत्र का टेस्ट करवाने से ग्लूकोमा के प्रारंभिक चरणों को पहचानने में मदद कर सकते हैं।

### ग्लूकोमा क्या होता है

ग्लूकोमा को काला मोतिया या आंखों का चोर भी कहा जाता है। ये आंखों की ऐसी बीमारी है जो धीरे-धीरे आंरोशनी छीन लेती है। इसमें हमारी ऑप्टिक नर्व क्षतिग्रस्त हो जाती है। ऑप्टिक नर्व्स ही हमारे रेटिना को दिमाग से जोड़ती हैं। इनके डैमेज हो जाने से दिमाग को संकेत मिलना बंद हो जाते हैं। जिससे दिखना बंद हो जाता है। इस बीमारी के गंभीर हो जाने पर दृष्टि को वापस लाना असंभव हो जाता है।

### आंखों में ग्लूकोमा होने के लिए क्या कारण जिम्मेदार हैं?

ग्लूकोमा होने के पीछे कई वजह जिम्मेदार हैं- बढ़ती उम्र। काले मोतियाबिंद के ज्यादातर मरीज बूढ़े ही होते हैं। 60 साल से ज्यादा के लोगों में यह बीमारी काफी आम है। ग्लूकोमा होने पर बुजुर्गों की आंखों की रोशनी भी जा सकती है। कुछ लोगों में ये बीमारी आनुवंशिक भी हो सकती है। यानी, अगर आपके परिवार में किसी को ग्लूकोमा हुआ है, तो आपको भी इसके होने की आशंका बढ़ जाती है। डायबिटीज भी इसका कारण बन सकती है। इसलिए हमेशा ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल में रखना चाहिए।

## एक नजर

### सलाहकारों के साथ समय बिता रहे ऋषि सुनक

**लंदन।** ब्रिटेन में 4 जुलाई को आम चुनाव की घोषणा के बाद प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने अपना पहला शनिवार करीबी सलाहकारों के साथ बिताया। कंजर्वेटिव पार्टी में उत्पन्न संकट के बीच भारतीय मूल के नेता सुनक (44) अपने प्रचार अभियान में जुट गए हैं। कैबिनेट मंत्री माइकल गोव और एंड्रिया लीडसम पार्टी के उन नेताओं की सूची में शामिल हो गए हैं जिन्होंने इस चुनावी मुकाबले में नहीं उतरने के अपने निर्णय की घोषणा कर दी है। इससे चुनावी मुकाबले से हटने की घोषणा करने वाले पार्टी के सदस्यों की संख्या बढ़कर 78 हो गई है।

### रूस में स्कूल की छत गिरने से 12 बच्चे घायल

**मॉस्को।** रूस के क्रास्नोडार शहर में शनिवार को तेज तूफान के कारण स्कूल की छत गिरने से लगभग 12 बच्चे घायल हो गये। क्रास्नोडार मेजर एवगेनी नॉमोव ने कहा कि स्थानीय समयानुसार सुबह 08 :18 बजे क्रास्नोडार के उलित्सा रायलेयेवा में स्थित एक स्कूल में प्रार्थना शुरू होने से पहले ही यहां स्कूल की छत का एक हिस्सा तेज तूफान के कारण टूटकर गिर गया। 12 बच्चे घायल हो गये।

### श्रीलंकाई जेलों में बंद 43 पाकिस्तानी स्वदेश लौटेंगे

**इस्लामाबाद।** श्रीलंका की सरकार जेलों में बंद 43 पाकिस्तानी कैदियों को रिहा करेगी ताकि वह स्वदेश लौट सकें। एक-दूसरे की जेलों में बंद कैदियों की स्वदेश वापसी को लेकर दोनों देशों के बीच हुए समझौते का यह परिणाम है। मीडिया में आयी खबरों में शनिवार को जानकारी दी गई। पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने शुक्रवार को श्रीलंका के उच्चायुक्त एडमिरल (सेवानिवृत्त) रवींद्र चंद्र श्रीविजय गुणरत्ने के साथ एक बैठक में दोनों देशों की जेलों में बंद कैदियों की स्वदेश वापसी पर सहमति जताई।

### पापुआ न्यू गिनी में भूस्खलन में 300 लोग दबे

पोर्ट मोरेस्बी। उत्तरी पापुआ न्यू गिनी (पीएनजी) के एक दूरदराज के इलाके में शुक्रवार को हुए भारी भूस्खलन के कारण 300 से अधिक लोग दब गए। स्थानीय मीडिया ने शनिवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। एंगा प्रांत में लगाइप खुले निर्वाचन क्षेत्र के सांसद ऐमोस अकेम ने पीएनजी पोस्ट-कूरियर को बताया कि भूस्खलन में माईप मुरीताका ग्रामीण एलएलजी में 300 से अधिक लोग और 1,182 घर दब गए।

### खार्किव के इलाकों पर नियंत्रण वापस लिया : जेलेंस्की

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि यूक्रेनी बलों ने पूर्वोत्तर खार्किव क्षेत्र के उन इलाकों में नियंत्रण हासिल कर लिया है जहां रूसी सैनिकों ने इस महीने की शुरुआत में प्रवेश किया था। जेलेंस्की ने शुक्रवार शाम को अपने संबोधन में कहा हमारे सैनिक अब उस सीमा क्षेत्र में नियंत्रण लेने में सफल हो गए हैं जहां रूसी सैनिक घुस आए थे। जेलेंस्की का बयान रूसी अधिकारियों द्वारा की गई टिप्पणियों से भिन्न नजर आता है।

### इतावली किशोर को मरणोपरांत दी जाएगी संत की उपाधि

**वेटिकन सिटी।** इटली के एक किशोर एवं कंप्यूटर विशेषज्ञ कार्लो एक्यूटिस को मरणोपरांत संत की उपाधि दी जाएगी। वेटिकन के अनुसार कैथोलिक चर्च के पहले सहस्राब्दी संत बनने के लिए तैयार हैं। सीएनएन की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि पोप फ्रांसिस ने गेमर एवं कंप्यूटर प्रोग्रामर कार्लो एक्यूटिस को दूसरा चमत्कार माना है, जिनकी 2006 में 15 साल की उम्र में ल्यूकेमिया से मृत्यु हो गई थी। एक्यूटिस ने अपने जीवन के दौरान कैथोलिक आस्था के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए तकनीकी कौशल का उपयोग किया, जिसमें चमत्कारों का दस्तावेजीकरण करने वाली एक वेबसाइट स्थापित करना भी शामिल था।

# कई राज्यों में लू का रेड अलर्ट

## तापमान 50 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है, उप्र के 27 जिलों में रात में भी चलेगी हीटवेव

नई दिल्ली, एजेंसी

उत्तर भारत में गर्मी के कारण पारा बढ़ता ही जा रहा है। 25 मई से नौतपा शुरू हो गया है जो दो 2 जून तक रहेगा। इस दौरान देश के कुछ हिस्सों में तापमान 50 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है। मौसम विभाग ने दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात, पंजाब और हरियाणा, उत्तर प्रदेश के लिए लू (हीटवेव) का रेड अलर्ट जारी किया है।

उत्तर भारत में शनिवार को औसत अधिकतम तापमान 49 और न्यूनतम 31 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं, उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी पड़ रही है। शनिवार को आगरा, मथुरा समेत 11 जिलों में लू चली। दोपहर 2 बजे बांदा प्रदेश का सबसे गर्म शहर रहा। यहां का अधिकतम तापमान 45.1 रिकॉर्ड किया गया।

उधर, कश्मीर घाटी में भी तापमान शनिवार को 32.2 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। यह 11 साल में सबसे ज्यादा रहा। जम्मू-कश्मीर समेत उत्तर भारत के ज्यादातर राज्यों में लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। राजस्थान में सफाई कर्मचारियों से सुबह 5 से 10 बजे तक ही काम करने को कहा गया है। मध्य प्रदेश, पंजाब और दिल्ली में डॉक्टरों ने मरीजों और बुजुर्गों से दिन में यात्रा नहीं करने की सलाह दी है। हिमाचल के कांगड़ा जिले के सभी स्कूलों में 25 मई को छुट्टी कर दी गई है। एमपी ट्रैफिक पुलिस ने इंदौर के चौराहों पर रेड लाइट का ड्यूरेशन कम कर दिया, ताकि लोगों को धूप में कम रुकना पड़े।



गर्मी से बचने के लिए मुंह ढंककर जातीं महिलाएं।

• कश्मीर घाटी में भी तापमान शनिवार को 32.2 डिग्री सेल्सियस पहुंचा

आगरा, भोपाल, जोधपुर, लखनऊ समेत कई शहरों में चौराहे पर टेंट लगाए गए हैं, ताकि सिग्नल के इंतजार में उन्हें राहत मिल सके। मुंबई नगरपालिका ने शनिवार को कहा 30 मई से पानी की सप्लाई में 5% और 5 जून से 10% कटौती की जाएगी। ऐसा इसलिए क्योंकि शहर को पानी सप्लाई करने वाले जलाशयों में सिर्फ 10 फीसदी पानी का स्टॉक मौजूद है। मुंबई को पानी सप्लाई करने वाले बांधों में 1 लाख 40 हजार मिलियन लीटर पानी बचा है। यह मुंबई की पानी की सालाना जरूरत 14 लाख 47 हजार मिलियन लीटर पानी का सिर्फ 10% है।

वहीं एमपी के रतलाम, शाजापुर, खंडवा और खरगोन में पारा 45 डिग्री के पार पहुंच गया। खंडवा और खरगोन में टेम्प्रेचर सबसे ज्यादा 45.5 डिग्री दर्ज किया गया।

## अंतरिक्ष यात्रियों को आधुनिक प्रशिक्षण मुहैया कराएगा नासा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के शीर्ष राजनयिक एरिक गार्सेटी ने कहा कि अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र के लिए संयुक्त प्रयासों को बढ़ाने के उद्देश्य से भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को जल्द ही आधुनिक प्रशिक्षण मुहैया कराएगी। भारत में अमेरिका के राजदूत गार्सेटी ने अमेरिका-भारत वाणिज्यिक अंतरिक्ष सम्मेलन : अमेरिका और भारतीय अंतरिक्ष स्टार्टअप के लिए अवसरों की शुरुआत कार्यक्रम में ये टिप्पणियां की।

इस कार्यक्रम का आयोजन बेंगलुरु में यूएस-इंडिया बिजनेस काउंसिल (यूएसआईबीसी) और यूएस कमर्शियल सर्विस (यूएससीएस) ने किया है। यूएसआईबीसी ने यहां जारी एक बयान में गार्सेटी के हवाले से कहा कि नासा अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र के लिए संयुक्त प्रयास बढ़ाने के उद्देश्य से जल्द ही भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को आधुनिक प्रशिक्षण मुहैया कराएगी।

उम्मीद है कि यह इस साल या उसके बाद शुरू होगी। जल्द ही हम पारिस्थितिकी तंत्र, पृथ्वी की सतह, प्राकृतिक खतरों, समुद्र के बढ़ते स्तर और क्रायोस्फेयर समेत सभी संसाधनों पर नजर रखने के लिए इसरो के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से निसार उपग्रह प्रक्षेपित करेंगे।

## पुणे कार हादसा

# हादसे की जिम्मेदारी लेने के लिए ड्राइवर को दी थी धमकी

पुणे, एजेंसी

• पुलिस का दावा नाबालिग के पिता और दादा ने पैसे और उपहारों का दिया था लालच

पुणे में पोर्श कार दुर्घटना में शामिल नाबालिग के दादा को उनके परिवार के वाहन चालक को गलत तरीके से बंधक बनाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पिता और दादा ने परिवार के ड्राइवर को हादसे की जिम्मेदारी लेने के लिए पहले पैसे और उपहारों का लालच दिया और फिर धमकी दी थी।

एक अधिकारी ने बताया कि इस मामले में किशोर के पिता विशाल अग्रवाल पर भी मुकदमा दर्ज किया गया है। इससे एक दिन पहले, पुणे पुलिस प्रमुख अमितेश कुमार ने कहा था कि यह साबित करने का प्रयास किया गया है कि कार किशोर नहीं चला रहा था। किशोर के परिवार के वाहन चालक की शिकायत पर येरवडा पुलिस ने किशोर के दादा और पिता पर भारतीय दंड संहिता की धाराओं के तहत एक अलग मामला दर्ज किया। अपराध शाखा के अधिकारी ने कहा दुर्घटना के बाद किशोर के दादा और पिता ने वाहन चालक का फोन कथित तौर पर ले लिया, उसे 19 मई से 20 मई तक उनके बंगले के परिसर में बंधक बनाकर रखा। वाहन चालक की पत्नी से उसे मुक्त कराया।



### किशोर के दादा को 28 तक पुलिस हिरासत में भेजा गया

**पुणे।** महाराष्ट्र में पुणे की एक अदालत ने किशोर के दादा को शनिवार को 28 मई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। पुलिस ने अदालत में दादा की सात दिन की हिरासत मांगी थी।

### पब में वेबकास्टिंग की तैयारी

**पुणे।** महाराष्ट्र में पुणे जिला प्रशासन नियमों का बेहतर अनुपालन सुनिश्चित करने के मद्देनजर शहर में पब और बार के प्रवेश व निकास द्वार की वेबकास्टिंग की तैयारी कर रहा है। जिलाधिकारी सुहास दिवासे ने कहा कि किसी भी नाबालिग को बार या पब में प्रवेश नहीं देना।

## रजनीकांत को यूएई ने दिया गोल्डन वीजा

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के महानायक रजनीकांत को यूएई के संस्कृति और पर्यटन विभाग ने गोल्डन वीजा दिया है। रजनीकांत हाल ही में अबू धाबी गए थे, जहां उन्हें गोल्डन बीजा मिला। रजनीकांत ने इस बात की जानकारी सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर कर फैंस को दी है।



इसके साथ ही रजनीकांत ने अबू धाबी सरकार और लुलु ग्रुप के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर एमए यूसुफ अली को इसके लिए शुक्रिया भी कहा है। सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर रजनीकांत के कई फोटोज और वीडियो देखने को मिल रहे हैं।

# विमान में यात्रियों ने 62 सेकेंड तक झेली थी एयर टर्बुलेंस

सिंगापुर, एजेंसी

• म्यांमार के इर्रावड्डी डेल्टा क्षेत्र के ऊपर था टर्बुलेंस

सिंगापुर एयरलाइंस का विमान 21 मई को 62 सेकेंड तक एयर टर्बुलेंस में फंसा रहा था। विमान सिंगापुर से लंदन जा रहा था। इसी बीच जब विमान म्यांमार के इर्रावड्डी डेल्टा क्षेत्र के ऊपर था, इस दौरान वह टर्बुलेंस में फंस गया।

फ्लाइट रडार 24 के अनुसार, बोइंग 777-300ईआर 62 सेकेंड में दो बार ऊपर नीचे हुआ। सिंगापुर के समय के अनुसार, दोपहर 3.49 बजे विमान टर्बुलेंस में फंसा। विमान 37 हजार फीट पर उड़ रहा था और टर्बुलेंस में फंसते ही पहले 37400 फीट की ऊंचाई पर पहुंचा। इसके बाद तेजी से नीचे गिरा और 36,975 फीट की ऊंचाई पर पहुंच गया। पहले विमान 1664 फीट प्रति मिनट की दर या 507 मीटर प्रति मिनट की दर से ऊपर की तरफ गया। इसके छह सेकेंड बाद ही विमान 1536 फीट प्रति मिनट की दर से नीचे की तरफ आया। इसके तीन सेकेंड बाद ही विमान 900 फीट प्रति मिनट की दर से फिर से ऊपर की तरफ गया और फिर 1536 फीट प्रति मिनट की दर से नीचे आया था। इस दौरान अफरा-तफरी मच गई।

## आईसीजे के आदेश को लेकर ऑस्ट्रेलिया ने इजरायल को चेताया

**कैनबरा।** रफह में इजराइल के सैन्य अभियान को रोकने को लेकर अब आस्ट्रेलिया ने भी इजराइल को चेताय है। ऑस्ट्रेलिया सरकार के एक वरिष्ठ मंत्री ने आईसीजे के आदेश का पालन करने का आग्रह किया है।

आईसीजे ने इजरायल को राफा पर अपने सैन्य हमले को तुरंत रोकने और मिस्र और गाजा के बीच राफा क्रॉसिंग को खोलने का आदेश दिया ताकि सहायता पहुंचाई जा सके। ऑस्ट्रेलिया के ऊर्जा मंत्री एवं प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज़ के मंत्रिमंडल के सदस्य क्रिस बोवेन ने कहा कि संघीय सरकार इस फैसले का समर्थन करती है।

# चीन की ताइवान को जंग की धमकी

बीजिंग, एजेंसी

• कहा- जब तक ताइवान हमारा हिस्सा नहीं बनता, मिलिट्री एक्शन जारी रहेगा

ताइवान में नए राष्ट्रपति के शपथ लेने के 4 दिन बाद चीन ने ताइवान को जंग की धमकी दी है। चीन के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता वू कियान ने कहा है कि जब तक ताइवान चीन का हिस्सा नहीं बन जाता, इलाके में मिलिट्री एक्शन जारी रहेगा।

दरअसल, चीन ने शुक्रवार को ही ताइवान के घेरकर चल रही अपनी 2 दिवसीय मिलिट्री ड्रिल पूरी की। इस युद्धाभ्यास में चीन की तीनों सेनाएं (थलसेना, वायुसेना, नौसेना) शामिल हुई थी। इस युद्धाभ्यास को ताइवान के लिए सजा के तौर पर शुरू किया गया था। ताइवान में इसी साल राष्ट्रपति पद के चुनाव हुए। इसमें चीन विरोधी नेता विलियम लाई चिंग ते को जीत हासिल हुई। चुनाव से पहले चीन ने ताइवान को चेतावनी दी थी कि अगर वहां की जनता ने सही विकल्प नहीं चुना तो उन्हें इसकी सजा दी जाएगी।



### दर्जनों जहाजों ने ताइवान पर कब्जे की प्रैक्टिस की

चीन की मिलिट्री ड्रिल को जॉइंट स्वॉर्ड-2024A नाम दिया गया। इसके तहत चीन के करीब 111 एयरक्राफ्ट और नौसेना के दर्जनों जहाजों ने ताइवान पर कब्जे की प्रैक्टिस की थी। इस दौरान उन्होंने ताइवान के उन हिस्सों पर हमले की भी तैयारी की थी, जहां से ताइवान चीन को रोकने की कोशिश कर सकता है। इससे पहले चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने भी कहा था कि ताइवान में जो लोग आजादी चाहते हैं, उनके सिर कट जाएंगे।

## खगोल विज्ञान


### आने वाले दिनों में सौर तूफानी खतरों के आसार बने हुए हैं

# इन खूबसूरत नजारों के पीछे छिपे हैं बड़े खतरे

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** भले ही सौर तूफान हमें मनमोहक सतरंगी नजारे दिखते हो, लेकिन इसके पीछे छिपे भयानक खतरों को कतई नजर अंदाज नही किया जा सकता है। आने वाले दिनों में सौर तूफानी खतरों के आसार बने हुए हैं।

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के पूर्व निदेशक व सौर वैज्ञानिक डा वहाब उद्दीन के अनुसार इन दिनों सूर्य बेहद सक्रिय है और आये दिन भीषण विस्फोट इसकी सतह पर हो रहे हैं। जिस कारण भू चुम्बकीय तूफान निरंतर पृथ्वी के ध्रूवों से टकरा रहे हैं और इनसे रंग बिरंगे औरोरा का नजारा देखने को मिल रहा है। जिन्हें देखने के लिए बड़ी संख्या में सैलानी स्वीडन, नॉर्वे, अलास्का समेत अन्य ध्रुवीय क्षेत्रों में दुनिया भर से पहुच रहे हैं। मगर इनके पीछे छिपे खतरे बड़ा नुकसान पहुचा सकते हैं। जिनसे किसी भी बड़े हिस्से में बिजली ग्रिड नष्ट हो सकते हैं और हमारे उपग्रहों को नष्ट कर सकते हैं। अंतरिक्ष यात्रियों को यह विकिरण का खतरा पहुचा सकते हैं। हवाई सेवा में व्यवधान पहुचा सकते हैं। इतिहास में सौर तूफान का सबसे बड़ा नुकसान 1859 में दर्ज किया गया था। जिसे कैरिंगटन इवेंट के नाम से जाना जाता है। जिससे कनाडा के शहरों के विद्युत ग्रिड फेल हो गए थे और एक विशाल क्षेत्र कई दिन अंधकार में डूबा रहा। इसी तरह 2003 में स्वीडन में भारी क्षति पहुची थी। इसे हैलोवीन स्टॉर्म के नाम से जाना जाता है। इसने स्वीडन में ब्लैकआउट कर दिया और दक्षिण अफ्रीका में बिजली के बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान पहुंचाया था। इधर लगातार उठ रहे सौर तूफानों को लेकर यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के अंतरिक्ष सुरक्षा जागरूक कार्यक्रम बनाया है, जबकि यूएस स्पेस वेदर प्रेडिक्शन सेंटर के माइक बेटवी का कहना है कि हम सौर तूफानों के अधिक भयावह संभावित प्रभावों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। ताकि भविष्य मे बिजली ग्रिड और उपग्रहों को नष्ट होने से रोकना और अंतरिक्ष यात्रियों को विकिरण से बचाना है। साथ ही लोगों को भूचुम्बकीय तूफानों के प्रति जागरूक करना है।



पृथ्वी से कई गुना बड़ा सन स्पॉट। • अमृत विचार

### फिर लौट आया है भयानक सन स्पॉट

डा वहाब ने बताया कि भयानक सन स्पॉट एनओएए 3663 फिर से लौट आया है। यह पृथ्वी से कई गुना बड़ा है और आने वाले दिनों में बड़े विस्फोट कर सकता है। सौर वैज्ञानिक इस पर नजर रखे हुए हैं। इसके साथ कई अन्य जटिल सनस्पॉट समूह भी हैं, उनमें से एक दक्षिण-पश्चिमी छोर पर है जो एम श्रेणी की चमक दे रहा है। मई की शुरुआत में इस सन स्पॉट से कई एक्स-क्लास की सौर ज्वालाएँ निकली थी।

## 30 साल में पहली बार पाम डिओर पुरस्कार की दौड़ में भारतीय फिल्म

**कान।** पायल कपाड़िया की फिल्म ऑल वी इमेजिन एज लाइट ने 77वें कॉन्स फिल्म महोत्सव में पाम डिओर पुरस्कार की दौड़ में शामिल होकर इतिहास रच दिया है। महोत्सव में दिए जाने वाले इस शीर्ष पुरस्कार को पाने की दौड़ में आज तक किसी भारतीय महिला निर्देशक की फिल्म शामिल नहीं हुई थी और न ही देश के किसी फिल्मकार को यह पुरस्कार मिला।

महोत्सव में समीक्षकों की प्रशंसा पाने वाली इस फिल्म में अपनी मंजिल तलाश रहीं तीन महिलाओं की कहानी बयां की गई है। चार प्रमुख अभिनेता-अभिनेत्रियों कानी कुश्रुति, दिव्या प्रभा, ह्रदयु हारून और छाया कदम समेत फिल्म निर्माण दल के सदस्यों के साथ कपाड़िया ने महोत्सव के संवाददाता सम्मेलन भवन में समीक्षकों को संबोधित किया। अमेरिकी पत्रिका वेराइटी की फिल्म समीक्षक जेसिका कियांग ने कहा कि अपने करियर में सिर्फ दो फिल्मों में ही कपाड़िया ने काफी प्रभावित किया है।

# 16 की मौत के जिम्मेदार भारतीय चालक को निर्वासन का आदेश

ओटावा, एजेंसी

• लापरवाही के कारण वर्ष 2018 में हुई थी भीषण दुर्घटना

कनाडा में 2018 की एक भीषण दुर्घटना में शामिल चालक को भारत निर्वासित किया जाएगा। इस दुर्घटना में जूनियर हॉकी टीम के 16 सदस्यों की मौत हो गयी थी। वर्ष 2014 में भारत से कनाडा पहुंचे जसकीरत सिंह सिद्धू अल्बर्टा प्रांत के कैलगरी शहर में रहते थे। सस्केचेवान प्रांत में टिस्डेल के पास एक ग्रामीण चौराहे पर सिद्धू रुकने के एक संकेतक को पार करके हम्बोल्ट ब्रोंकोस जूनियर हॉकी टीम की बस के रास्ते में आ गया। छह अप्रैल, 2018 को हुए हादसे में बस में सवार 16 लोगों की मौत हो गई और 13 घायल हो गए।

सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, सिद्धू को निर्वासित करने का फैसला शुक्रवार को कैलगरी में आव्रजन और शरणार्थी बोर्ड की सुनवाई के दौरान आया। उसने खतरनाक तरीके से ट्रक चलाने से संबंधित 16 बिंदुओं पर 2019 में अपनी गलती कबूल कर ली थी। इस हादसे में 16 लोगों की मौत हो गई और 13 अन्य घायल हो गए। उसे पिछले साल पूर्ण पैरोल दी गई थी।

### बोर्ड ने कहा- मानवीय पक्षों पर विखर नहीं कर सकते

बोर्ड के आव्रजन विभाग की ओर से ट्रेंट कुक ने 15 मिनट की सुनवाई के दौरान सिद्धू से कहा कि वह मानवीय और करुणा संबंधी पक्षों पर विचार नहीं कर सकते। सिद्धू के वकील माइकल ग्रीन ने कहा था कि यह फैसला पहले से तय था। ग्रीन ने कहा कि सिद्धू को निर्वासित करने के लिए केवल इस बात का सबूत चाहिए था कि वह कनाडाई नागरिक नहीं है और उसने एक गंभीर अपराध किया है। वकील ने कहा कि अभी और भी कानूनी और प्रक्रियात्मक कदम उठाने होंगे और सिद्धू को महीनों या सालों तक निर्वासित नहीं किया जा सकता है। वह जल्द ही एक याचिका दायर करने की योजना बना रहे हैं, जिसमें मानवीय आधार पर सिद्धू का स्थायी निवासी दर्जा वापस करने के लिए कहा जाएगा।